CMYK

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 3 सितंबर 2023

वर्ष - 33 | अंक - 125 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करें :-
bilaspurdeshbgandhu@gmail.com

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

अब सूर्य की ओर बढ़ रहा भारत : राजनाथ पृष्ठ 3

मड़ई
▸ सदी के महान आचार्य : डा. राधाकृष्णन पृष्ठ 4

▸ भारत ने सेमीफाइनल में मलेशिया को हराया, फाइनल में पाकिस्तान से मुकाबला
▸ भारतीयों को अब टेस्ट क्रिकेट में कोई दिलचस्पी नहीं है : सर्वे पृष्ठ 10

देश विदेश
▸ अफगानिस्तान आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करे : पाकिस्तान
▸ अफगानिस्तान में पुलिस ने ड्रग प्रयोगशालाओं को किया नष्ट
▸ 'जनवरी में होंगे बांग्लादेश में आम चुनाव' पृष्ठ 9

### राजीव युवा मितान सम्मेलन

# जो वायदे किये, वो पूरे किये, छत्तीसगढ़ की सरकार ने किया बहुत अच्छा काम : राहुल

- प्रदेश में शासकीय नियुक्तियों में स्टाइपेंड व्यवस्था समाप्त
- कौशल विकास से बढ़े रोजगार, छत्तीसगढ़ में हो रहा बढ़िया काम
- पूरे देश में धान की सबसे ज्यादा कीमत छत्तीसगढ़ में
- जब भी हमें अवसर मिला लोगों को ताकत देने का काम किया : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल





**रायपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। हमने छत्तीसगढ़ में आम जनता से जो वायदे किये थे वो पूरे किये। किसानों का कर्ज माफ किया। बिजली बिल हाफ कर दिया, छत्तीसगढ़ में किसानों को धान के लिए सही दाम दिया। आज आप सभी प्रदेशों को देख लीजिए, लिस्ट निकालिये, धान के लिए सबसे ज्यादा पैसा कहाँ मिलता है। जवाब मिलेगा छत्तीसगढ़। जहाँ भी हम जाते हैं वायदा निभाते हैं। यह बात सांसद राहुल गांधी ने नवा रायपुर में आयोजित राजीव युवा मितान सम्मेलन के मौके पर कही।

इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में शासकीय नियुक्तियों में स्टाइपेंड व्यवस्था समाप्त करने की घोषणा की। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने शानदार कार्य कर रहे सभी संभागों के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों का सम्मान भी किया। इस मौके पर नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। साथ ही जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित वायदे से ज्यादा काफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

युवाओं की अभूतपूर्व उपस्थिति में हुए इस सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा हमने यहाँ रोजगार सृजन पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया। मैंने मुख्यमंत्री बघेल जी से कहा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### 2 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित

लोकसभा सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नवा रायपुर के मेला ग्राउंड में आयोजित 'राजीव युवा मितान सम्मेलन' में प्रदेश में नवनियुक्त 2000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। सम्मेलन के मंच से प्रतीक स्वरूप इनमें से 20 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

गौरतलब है कि राज्य गठन के बाद प्रदेश में पहली बार शिक्षकों की सीधी भर्ती की गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मार्च 2019 में व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के 14,580 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापित पदों के विरुद्ध कुल 10,834 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा चुका है। वर्तमान में मई 2023 में 12,489 व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पदों में सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया।



### सूर्य मिशन : आदित्य-एल 1 का सफल प्रक्षेपण

# इसरो का आदित्य-एल1 पृथ्वी की कक्षा में पहुंचा

**15 लाख किमी की यात्रा करने के बाद सूर्य के क्षेत्र में प्रवेश करेगा**

**श्रीहरिकोटा**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश के पहले सूर्य मिशन के तहत आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को शनिवार को पृथ्वी की कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया। इसरो सूत्रों के मुताबिक 23 घंटे 40 मिनट की उल्टी गिनती समाप्त होने के साथ ही पूर्वाह्न 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के जरिए शार रेंज से प्रक्षेपित आदित्य एल-1 को अब पृथ्वी की निचली कक्ष में स्थापित कर दिया गया है। इसी के साथ ही 125 दिनों की लंबे सफर में सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने का सिलसिला शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिक पूरे अभियान पर नजर रखे हुए हैं। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन है। सफल प्रक्षेपण के साथ ही सभी चार चरणों के प्रज्वलन और पृथक्करण के बाद रॉकेट को करीब 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर निर्धारित कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### चंद्रयान-3 : लैंडर व रोवर को विश्राम देने की प्रक्रिया में इसरो

**बेंगलुरु**। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख एस सोमनाथ ने शनिवार का कहा कि चंद्रयान-3 मिशन से जुड़ी टीम विक्रम लैंडर और रोवर को विश्राम देने की प्रक्रिया में है। इसरो प्रमुख ने आज भारत के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट आदित्य एल 1 को सफलतापूर्वक पृथ्वी की इच्छित कक्षा में स्थापित किये जाने के बाद श्रीहरिकोटा में इसरो वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### उपचुनाव में भाजपा व माकपा को समर्थन नहीं : टिपरा मोथा

**अगरतला**। त्रिपुरा में मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) से समान दूरी बनाए रखने का फैसला किया है और शनिवार को अपने समर्थकों से पांच सितंबर को सिपाहीजला जिले के धानपुर तथा बॉक्सानगर में होने वाले उपचुनाव में अपने विवेक तथा पसंद के उम्मीदवार के लिए सचेत मतदान करने का आह्वान किया। टिपरा मोथा पार्टी ने इस उपचुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। इसलिए अपने समर्थकों से सोच-समझकर मतदान करने की अपील की है।

### आरोपियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा मुकदमा : गहलोत

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस द्वारा प्रतापगढ़ जिले में एक महिला को नग्न घुमाने के मामले में आठ आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि इन पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। सीएम ने कहा, सभ्य समाज में ऐसे अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। इन अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे डाला जाएगा और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर सजा दी जाएगी।

### खरगोन सड़क हादसे में 3 पुलिसकर्मियों की मौत

**भोपाल**। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में शनिवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक घटना सुबह करीब 4:3 बजे तब हुई जब पुलिसकर्मी एक धार्मिक जुलूस में तैनात होने के बाद कार से अपने कार्यालय लौट रहे थे। रास्ते में कार, सीमेंट लदे ट्रक में पीछे से टकरा गई। तीन पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

### पीएम मोदी ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बदलाव का किया दावा

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की आलोचना करते हुए दोनों प्रदेशों में बदलाव का दावा किया है।

# बड़ी कार्रवाई : 1500 स्वास्थ्यकर्मी निलंबित

**रायपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। आंदोलनरत लगभग 1500 स्वास्थ्यकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। ये कार्रवाई एस्मा के हवाला देते हुए की गई है। जिसमें संभागीय संयुक्त संचालक, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी और कई जिलों में कलेक्टरों ने कार्रवाई की है। इस बड़ी कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, उत्तर बस्तर कांकेर से 568, जगदलपुर से 296, दुर्ग जिले से 205 स्वास्थ्य कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। दुर्ग और रायपुर संभाग से 72 स्वास्थ्यकर्मियों को निलंबित किया गया है। कबीरधाम से दो स्वास्थ्यकर्मियों को निलंबित किया गया है।

पांच सूत्री मांगों को लेकर स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। स्वास्थ्यकर्मी नवा रायपुर के तूता धरना स्थल में पिछले 13 दिन से राज्य स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। जिसमें दस अलग-अलग संगठन के 40 हजार से ज्यादा स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल का बहिष्कार किया है।

# मोदी सरकार आदिवासियों की रक्षक

**12 जनजातियों को मात्रात्मक त्रुटि से हो रहे नुकसान से मिली राहत, मोदी सरकार ने कराया बिल पास**



**सरायपाली**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सरायपाली के ग्राम खैरमाल में जनजातीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए कहाकि आज का दिन शुभ है मिशन आदित्य का लांच हुआ वैज्ञानिक भाइयों को बधाई व शुभकामनाएं चंद्रयान 3 चांद पर उतरा आदित्य सूर्यनारायण की कक्ष में जाने के लिए निकला जनजाति महासभा द्वारा आयोजित अभिनन्दन सह आभार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अमित शाह ने कहा कि छ ग की 12 जनजातीय मात्रात्मक त्रुटि के कारणवर्षो से अपने अधिकारों से वंचित थे शिक्षा नहीं सरकारी नौकरी नहीं मिलती थी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा राज्य सभा मे बिल लाया व इस बिल को पास कराया आदिवासियों की जल जंगल जमीन की रक्षा मोदी की सरकार कर रही है आदिवासियों का समावेशी विकास मोदी जी का लक्ष्य है पीढ़ियों तक डॉक्टर इंजीनियर, कलेक्टर बनने का सपना संजोय रखे थे अब इन्हें कोई नहीं रोक सकता सन 2000 में म प्र से अलग हो कर छ ग बना उस समय आदिवासियों को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलता था 2003 में डॉ रमन सिंह ने आरक्षण को32 प्रतिशत किया मुख्यमंत्री रमन सिंह ने 15 साल तक छ ग ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### गृहमंत्री को काला झंडा दिखाने का प्रयास युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गिरफ्तार

युवा कांग्रेस एन एस यू आई के कार्यकर्ताओं के द्वारा जय स्तंभ चौक पर केंद्रीयगृहमंत्री अमित शाह के सरायपाली आगमनपर काला कपड़ा पहन कर काला झंडा दिखा कर विरोध प्रदर्शन किया प्रदर्शन करने वाले नारे लगाते हुए पदमपुर रोड पर पुरानी मंडी गांधी चौक तक गए जहाँ पर पुलिस ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर बस में बैठाकर 20 किलोमीटर दूर सिंघोड़ा थाना ले गए आंदोलनकरियो को 12 बजे गिरफ्तार किया गया 6 घंटे बाद शाम6 बजे छोड़ा गया अमित शाह का कार्यक्रम सरायपाली से 6 किलोमीटर दूर पदमपुर मार्ग पर ग्राम खैरमाल में आयोजित था अमित शाह साढ़े तीन बजे सेना के हेलीकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल पर उतरे 1 घंटे रुकने के बाद साढ़े चार बजे रवाना हो गए उसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को छोड़ा गया ले गएकांग्रेस के कार्यकर्ताओं का आरोप लगाया कि केन्द्रीय एजेंसी के दुरुपयोग कर बेवजह विपक्ष के लोगों को परेशान किया जा रहा है लोगों का महंगाई की ओर से ध्यान हटाने के लिए यह सब किया जा रहा है देश में बढ़ती ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# भोपाल में हो सकती है 'इंडिया' की अगली बैठक!

- एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने अगली बैठक दिल्ली में होने की कही थी बात
- राज्य में इस साल के आखिर में होने है विधानसभा चुनाव
- मध्य प्रदेश में तकरीबन दो दशक से सत्ता में है भाजपा



■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 2 सितम्बर (देशबन्धु)। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की चौथी बैठक मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित की जा सकती है। मध्य प्रदेश में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में गठबंधन के सदस्य दिल्ली के बजाय मध्य प्रदेश में अगली बैठक करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि कल एनसीपी की नेता सुप्रिया सुले ने अगली बैठक दिल्ली में होने की बात कही थी। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में भाजपा तकरीबन दो दशक से सत्ता में है। ऐसे में वहां बैठक कर विपक्ष एक राजनीतिक संदेश भी जनता के बीच देना चाहता है। इसलिए सदस्य दल इस बैठक को मध्य प्रदेश में कराने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

**ज्यादातर सदस्य दे चुके हैं सहमति**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक,ज्यादातर सदस्य इस पर सहमत हो चुके हैं कि इंडिया की अगली बैठक मध्य प्रदेश ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### सीट शेयरिंग को लेकर कोई समस्या नहीं है : नीतीश

**पटना**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कोई समस्या नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दो अक्तूबर को महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश में हम लोग कार्यक्रम करेंगे और एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मुंबई में इंडिया गठबंधन की खूब अच्छी मीटिंग हुई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी पार्टी के नेताओं ने अच्छे तरीके से अपनी-अपनी बातें रखीं। हम सब एकजुट होकर आगे काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर तैयारी

# दिल्ली पुलिस ने की फुल ड्रेस रिहर्सल

**नई दिल्ली**, 2 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर शनिवार को पूरी वर्दी में अभ्यास किया और इस दौरान राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों से आए कार के काफिलों को सुरक्षा प्रदान करते हुए अन्य स्थानों तक पहुंचाया गया। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह अभ्यास सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक, अपराह्न साढ़े चार बजे से शाम छह बजे तक और शाम सात बजे से रात 11 बजे तक हुआ। अभ्यास के दौरान कुछ इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ, इसलिए लोगों को मेट्रो सेवा का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, कार के काफिलों को विभिन्न जगहों पर सुरक्षित पहुंचाने के अभ्यास के दौरान सरदार पटेल मार्ग-पंचशील मार्ग, सरदार पटेल मार्ग-कौटिल्य मार्ग, गोल मेथी गोलचक्कर, मानसिंह रोड गोल चक्कर, सी-हेक्सागन, मथुरा रोड, जाकिर हुसैन मार्ग-सुब्रमण्यम भारती मार्ग, भैरों मार्ग-रिंग रोड, सत्य मार्ग शांतिपथ गोलचक्कर, जनपथ-कर्तव्य पथ, बाराखंबा रोड रेड लाइट, टॉल्स्टॉय मार्ग और विवेकानंद मार्ग आदि पर यातायात प्रभावित रहा।

# ओडिशा ट्रेन हादसा : तीन अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**नई दिल्ली**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2 जून को हुई ओडिशा ट्रेन त्रासदी के सिलसिले में गिरफ्तार तीन रेलवे अधिकारियों – अरुण कुमार महंत, मोहम्मद अमीर खान और पप्पू कुमार के खिलाफ शनिवार को गैर-इरादतन हत्या और सबूत नष्ट करने के आरोप में आरोप पत्र दायर किया।

अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को सात जुलाई को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वे न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने यहां कहा कि एजेंसी ने बालासोर के एसएसई (सिग्नल) प्रभारी महंत, सोरो के एसएसई (सिग्नल) प्रभारी खान और बालासोर के तकनीशियन कुमार के खिलाफ विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, भुवनेश्वर की अदालत में आरोप पत्र दायर किया है। बालासोर के बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन पर 2 जून को हुई ट्रेन दुर्घटना से संबंधित मामले की जांच चल रही है, जिसमें 290 से अधिक लोग मारे गए थे।

सीबीआई ने रेल मंत्रालय के अनुरोध, ओडिशा सरकार की सहमति और डीओपीटी से आदेश के बाद बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन पर कोरोमंडल एक्सप्रेस, यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी से जुड़ी ट्रेन दुर्घटना से संबंधित मामला 6 जून को दर्ज किया था।

# यूजीसी की डिग्री पर आधार नंबर नहीं छापने का निर्देश

**नई दिल्ली**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश भर के विश्वविद्यालयों को डिग्री और प्रोविजनल सर्टिफिकेट पर छात्रों का आधार नंबर न छापने का निर्देश दिया है। उच्च शिक्षा नियामक का यह निर्देश उन खबरों के बीच आया है कि राज्य सरकारें विश्वविद्यालयों द्वारा जारी अनंतिम प्रमाणपत्रों और डिग्रियों पर पूर्ण आधार संख्या छापने पर विचार कर रही हैं, ताकि बाद में भर्ती के समय उक्त दस्तावेजों के सत्यापन में उपयोग किया जा सके। 1 सितंबर को सभी विश्वविद्यालयों को लिखे पत्र में यूजीसी के सचिव मनोज जोशी ने कहा, आधार नंबर रखने वाली कोई भी संस्था इससे जुड़े किसी भी डेटाबेस या रिकॉर्ड को सार्वजनिक नहीं करेगी, जब तक कि आधार नंबर को उचित माध्यम से संशोधित या ब्लैक आउट नहीं किया गया हो। जोशी ने कहा, नियमों के तहत, जैसा कि वे वर्तमान में हैं, अनंतिम प्रमाणपत्रों और डिग्री पर आधार संख्या की छपाई की अनुमति नहीं है।

# मणिपुर में लूटे गए हथियार बरामद प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच हुई गोलीबारी

**इंफाल**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम, कांगपोकपी और थौबल जिलों में लूटे गए पांच हथियार, छह अलग-अलग प्रकार के गोला-बारूद और सात शक्तिशाली बम बरामद किए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों में सशस्त्र प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी की सूचना मिली है। हालांकि, इलाके में तैनात सुरक्षा बलों ने जवाब दिया और बाद में गोलीबारी कम हो गई। पुलिस ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। इस बीच, आवश्यक वस्तुओं के साथ इंफाल-जिरीबम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-37) पर 220 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं और वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील हिस्सों में सुरक्षा काफिला उपलब्ध कराया गया है।

### बदलाव — 'एक देश, एक चुनाव' के लिए कमेटी गठित, आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति की घोषणा की गई

# कोविंद अध्यक्ष, शाह, चौधरी सदस्य के तौर पर शामिल

**नई दिल्ली, 2 सितम्बर (एजेंसियां) सरकार ने पूरे देश में पंचायतों, नगर निकायों और राज्य विधानसभाओं से लेकर लोकसभा तक चुनाव एक साथ कराने की संभावनाओं की जांच और उस पर सिफारिश के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के अध्यक्षता में शनिवार को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की।**

*समिति में अध्यक्ष श्री कोविंद के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्य सभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, पंद्रहवें वित्त आयोग के चेयरमैन एन के सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल किए गए हैं। यह समिति इस संबंध में संविधान और अन्य संबंधित अधिनियमों और नियमों में संशोधन की सिफारिश करेगी।*

***अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य***

*विधि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल समिति की बैठकों में विशेष आमंत्रित के रूप में भाग लेंगे, तथा विधि मंत्रालय के विधायी मामलों के विभाग के सचिव नितेन चन्द्र समिति के सचिव होंगे। केन्द्रीय विधि मंत्रालय के विधायी विभाग द्वारा आज जारी प्रस्ताव के अनुसार समिति संविधान के अंतर्गत चुनाव के संबंध में वर्तमान नियमों और व्यवस्थाओं तथा अन्य संबंधित सांविधिक प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए देश में लोकसभा और राज्यों के विधानसभा, नगर पालिका और पंचायत स्तर के चुनाव एक साथ कराने की संभावनाओं की जांच करेगी और इस संबंध में संविधान तथा 1950 तथा 1951 के जनप्रतिनिधित्व अधिनियमों में विशिष्ट संशोधनों की सिफारिश करेगी।*

*मंत्रालय ने कहा कि उच्चस्तरीय समिति देश में पंचायत से लेकर लोकसभा तक के चुनाव एक साथ कराने के संबंध में संविधान और अधिनियमों में संशोधन के अलावा संबंधित नियमों और अन्य कानूनों में भी आवश्यक संशोधन की सिफारिश करेगी।*

*विधि मंत्रालय ने प्रस्ताव में कहा है, उच्च स्तरीय समिति अपने काम तत्काल शुरू करेगी और यथासंभव अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। इसका मुख्यालय दिल्ली में होगा और यह अपनी बैठकों तथा अन्य कार्यों की प्रक्रिया स्वयं तय करेगी।*

# रेडक्रॉस का उद्देश्य सामाजिक भावना जागृत कर निःस्वार्थ भाव से कार्य करना-राउत

## पंचायत स्तर पर डिजास्टर मैनेजमेंट एवं फर्स्ट एड के लिए तैयार किए जायेंगे वेलेन्टियर, दिया जाएगा ट्रेनिंग

### जिला अस्पताल में लगेगा ब्लड कंपोनेट सेपरेटर मशीन

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक



**रायगढ़,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी श्री एम.के. राउत एवं चेयरमेन अशोक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में जिंदल गेस्ट हाऊस में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा उपस्थित रहे।

राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी श्री एम.के.राउत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ है जिसका उद्देश्य लोगों में सामाजिक भावना जागृत कर निस्वार्थ भाव से कार्य करना है। बैठक में उन्होंने जिला शाखा रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियां, रेडक्रॉस दवा दुकान, ब्लड सेंटर और एंबुलेंस का संचालन, निक्षय मित्र अभियान पर चर्चा, सदस्यता अभियान, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण, शालाओं एवं महाविद्यालयों में रेडक्रॉस का गठन एवं गतिविधियों का संचालन, स्कूल-कालेजों के छात्राओं को फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जाना, ब्लड डोनेट करने के लिए जनजागरूकता लाने, प्रत्येक गांवों में रेडक्रॉस वालेन्टियर नियुक्त करने, रेडक्रॉस सदस्यता अभियान चलाये जाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए एवं आवश्यक निर्णय लिया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के.राउत के द्वारा दान, सदस्यता अभियान के संबंध में जानकारी लेने पर सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि दिए गए लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। वहीं लक्ष्य प्राप्ति हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनायी जा रही है। इसके साथ ही स्कूल व कालेज में नये सदस्य बनाये जा रहे है। जिस पर श्री राउत ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से सदस्यता शुल्क के संबंध में चर्चा की। उन्होंने अधिक से अधिक सदस्य बनाने हेतु निर्देशित किया। सीएमएचओ ने बताया कि रेडक्रॉस द्वारा एम्बुलेंस संचालित की जा रही है। इसके साथ ही ब्लड बैंक का भी संचालन किया जा रहा है एवं रेडक्रास वाहन द्वारा ब्लड कैम्प के माध्यम से ब्लड संग्रहण किया जा रहा है। वहीं रेडक्रास मेडिकल स्टोर संचालन के संबंध में श्री राउत ने कलेक्टर श्री सिन्हा से चर्चा की। उन्होंने निक्षय मरीजों के द्वारा सहायता लेने व उनको सहयोग देने हेतु सहमति के संबंध में चर्चा करते हुए दिए जा रहे फूड बास्केट की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इलाज प्रारंभ होने के साथ ही उन्हें सप्लीमेन्ट्री फूड बास्केट प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे बेहतर रिजल्ट मिल सके। इस दौरान रेडक्रास द्वारा वृद्धाश्रम, पुनर्वास केन्द्र, नशामुक्ति केन्द्र के संबंध में भी जानकारी ली। उप संचालक श्री भवाल ने बताया कि अनुदान प्राप्त निजी संस्थानों के माध्यम से जिले में सभी प्रकार की संस्थाएं संचालित है। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम श्री गगन शर्मा, उप संचालक समाज कल्याण श्री आलोक भवाल, डॉ.आर.एन.मण्डावी, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग श्री एम.एस.नायक, श्री संतोष अग्रवाल, श्री राजकुमार गोयल, श्री संतोष टिबरेवाल, श्री संजीव चौहान, श्री गोपी ठाकुर, श्री बी.के.सिंग, श्री दिनेश कुमार अग्रवाल, श्री युसुफ छाया एवं रेडक्रॉस से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा ने परिवर्तन संकल्प बाइक रैली निकाली



**तखतपुर,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा के झंडे लेकर परिवर्तन संकल्प बाईक रैली निकाली। रैली में विधायक शिबू मिश्रा एवं हर्षिता पांडेय शामिल हुए। रैली सांस्कृतिक भवन से प्रारंभ कर रामनगर गेट तहसील चौक ब्लॉक कालोनी मंडी चौक संगम नगर मक्कड़ कॉपलेक्स पुराना बस स्टैंड नया बस स्टैंड हाई स्कूल होते हुए निकली। संबोधित करते हुए हर्षिता पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए युवा मोर्चा सदैव संगठन के सभी रीति नीति सिद्धांत से कार्य कर रही है युवा मोर्चा ही आगामी 2023 विधानसभा चुनाव में विजय पताका लहराएगी। विधायक शिबू मिश्रा ने कहा कि देश के सच्चे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई जनकल्याणकारी योजनाओं के द्वारा लोगों की हित में कार्य कर रही है केंद्र सरकार की सारी योजना को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से आग्रह किया और आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने का कार्यकर्ताओ के साथ दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर जीवन लाल पांडे, घनश्याम कौशिक, त्रेतानाथ पांडे, ममता धनंजय क्षत्रिय, दिनेश राजपूत, संतोष कश्यप, नैन लाल साहू, प्रदीप कौशिक, विश्वनाथ यादव, ऋषि मुनि पटेल, बी आर महोबिया, कृष्ण कुमार साहू, राजेश सोनी, विवेक पांडे, धनंजय गोस्वामी, कोमल सिंह ठाकुर, सरजू यादव, अमित यादव, राघवेंद्र पांडे, संजय निर्मलकर, विशाल विश्वकर्मा, सागर केंवट, योगराज साहू, राजा ठाकुर, तिलक देवांगन, पूनम शुक्ला, प्रीतम कश्यप, टीकम कश्यप, कुलेश्वर साहू, रुपेश देवांगन, निखिल श्रीवास, अजय यादव, प्रकाश पाटले, आयुष सिंह ठाकुर, नीलय तिवारी, अशुद्ध द्विवेदी, रोशन ठाकुर, मलय जहांनी, कार्तिक साहू, देवीलाल साहू, दिनेश साहू, रामेश्वर रात्रे प्रमोद धुरी अमन सोनी नोहर ठाकुर संदीप ठाकुर राजकुमार यादव विशाल विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# वृक्ष गंगा अभियान के तत्वाधान में वृक्षारोपण किया गया

**तखतपुर,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। नर्मदाधाम बेलपान में वृक्ष गंगा अभियान के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम में तखतपुर विधायक डॉ. रश्मि आशिष सिंह के आतिथ्य में किया गया। मंदिर परिसर पर 24 बेल के पौधे रोपे गये।



श्रीमती रश्मि सिंह ने कहा कि बेलपान धाम में बेल पौधे का रोपण एक पुनित कार्य है यह एक दैविय के साथ साथ औषधी पौधा भी है हम सभी ऐसे ही पौधे का रोपण कर उसका संरक्षण एवं संवर्धन करें जिससे प्रकृति प्रदूषण का मुक्त हो सकेगी। यह कार्य प्रत्येक सहजीवन-सहअस्तिव का संदेश देती अपनी सनातन संस्कृति के जीवनदायक मूल्यों से हमारे जुड़ाव को बढ़ाने का एक महा-अनुष्ठान भी है। पर्यावरण संरक्षण व पारिस्थितिकी संतुलन को सुनिश्चित करते इस ईश्वरीय कार्य में आप सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। सभी से अपील है कि आज कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और इस लोक-कल्याणकारी मुहिम को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शुक्ल, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष गरीबा यादव,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जुगल कौशिक, उपस्थित रहे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

### जो वायदे किये, वो पूरे किये...

कि छत्तीसगढ़ में अलग अलग स्किल हैं। हर जिले में आप कुछ अलग सा बनाते हो। छोटे उद्यमियों को बैंक लिंकेज मिलना चाहिए। मैंने उनसे कहा कि आपका फोकस इन पर होना चाहिए, इसकी मार्केटिंग हो, मुझे खुशी है कि बघेल जी ने इस पर अच्छा काम किया है। इससे लाखों युवाओं के लिए रोजगार का रास्ता खुला है। छत्तीसगढ़ देश का केंद्र है। आपको देश का लाजिस्टिकल सेंटर बनना चाहिए। आप इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कीजिए ताकि छत्तीसगढ़ हिंदुस्तान का लाजिस्टिक सेंटर बन पाये। आप दुनिया को छत्तीसगढ़ से जोड़िये। इससे छत्तीसगढ़ के प्रोडक्ट केवल भारत ही नहीं, दुनिया में भी जाएं। मुझे लगता है कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के विकास के लिए युवाओं की बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए ही हमने राजीव युवा मितान क्लब बनाये हैं। हर क्लब को एक लाख रूपए मिल रहे हैं। तीन लाख युवाओं को हमने क्लब में जोड़ा है। हमने पेसा कानून के माध्यम से आदिवासियों को उनके हक दिलाए। आदिवासी का मतलब इस देश की धरती के सबसे पहले आप मालिक हैं। मतलब जमीन पर जंगल पर जल पर आपका हक पहला बनता है। राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के डीएनए में प्यार है मोहब्बत है। हम सबसे पहले हिंदुस्तानी हैं। हम सबको एक दूसरे के साथ जुड़कर मोहब्बत के साथ इज्जत के साथ रहना है। यह सबसे पुराना मैसेज है जिसे हमने भारत जोड़ो यात्रा में दिया। नफरत से और हिंसा से देश आगे नहीं जा सकता। हिंसा से देश की अर्थव्यवस्था नहीं बढ़ती। जब सबको एक साथ लाया जाता है तो देश जुड़ता है। छत्तीसगढ़ का भविष्य आपका है। आपको छत्तीसगढ़ का भविष्य संवारना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि पांच साल पहले जब राहुल गांधी जी आये थे तो उन्होंने कहा था कि ऐसी योजनाएं बनाएं जिससे आम आदमी को लाभ हो, आदिवासियों को लाभ हो, किसानों को लाभ हो। हमने ऐसी योजनाएं बनाई जिससे लोगों को लाभ हुआ। किसानों को लाभ मिला। छत्तीसगढ़ में हम प्रतियोगी परीक्षाओं की फीस नहीं लेते। पूरे छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा हमारे साथ है। युवा राष्ट्र की संपत्ति है और इस ऊर्जा का सही उपयोग हमें करना है। हम युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं। हम लोगों को अधिकार संपन्न बनाते हैं। प्रधानमंत्री नेहरू जी से लेकर मनमोहन सिंह जी तक जब तक हमें अवसर मिला, लोगों को ताकत देने का काम किया है। पहली बार युवाओं का ऐसा मेला छत्तीसगढ़ में दिखाई दे रहा है। राजीव युवा मितान क्लब को हर साल एक लाख रुपए दिया जा रहा है ताकि हमारे युवा साथी अपने गाँव की संस्कृति, खेलकूद और शासन की जानकारी भी वंचित वर्गों तक पहुँच पाए। ये दिन रात मेहनत करते हैं इन सब तक ये शासन की योजनाओं की जानकारी देते हैं। आने वाले पाँच सालों में हमने दस से बारह लाख रोजगार के सृजन का लक्ष्य रखा है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने अपना अमूल्य समय देने के लिए राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, सांसद दीपक बैज, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने स्वागत भाषण किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती फूलोदवी नेताम, श्रीमती रंजीत रंजन, कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत विकास मंत्री रविंद्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, आबकारी मंत्री कवासी लखमा, सहकारिता मंत्री मोहन मरकाम, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, संसदीय सचिव तथा निगम मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित थे।

### इसरो का आदित्य-एल1 ...

### जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में करेगा प्रवेश

उन्होंने कहा कि 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करने के बाद अंतरिक्ष यान आदित्य-एल1 जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में सूर्य के क्षेत्र में प्रवेश करेगा। करीब 1,475 किलोग्राम वजनी अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है। श्री सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की निचली कक्ष में रखे जाने के बाद कक्ष को और अधिक अण्डाकार बनाया जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को ऑन-बोर्ड प्रोपल्शन थ्रस्टर्स का उपयोग करके लैग्रेंज बिंदु एल1 की ओर प्रक्षेपित किया जाएगा। जैसे ही अंतरिक्ष यान एल1 की ओर बढ़ेगा यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र (एसओआई) से बाहर निकल जाएगा। एसओआई से बाहर निकलने के बाद, क्रूज चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यू आर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी), बेंगलुरु में तैयार आदित्य-एल 1 अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल 1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है।

### महिला वैज्ञानिक निगार शाजी ने मिशन का नेतृत्व किया

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी में महिला शक्ति धीरे-धीरे सामने आ रही है। अंतर-ग्रहीय मिशनों का मातृ शक्ति ना सिर्फ नेतृत्व कर रही हैं, बल्कि, महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा रही हैं। मौजूदा समय में निगार शाजी की देश-विदेश में चर्चा हो रही है। निगार शाजी भारत के सूर्य मिशन आदित्य-एल1 की परियोजना निदेशक हैं। इन्हें लगभग आठ साल पहले आदित्य-एल1 के प्रमुख की जिम्मेदारी मिली।

मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को देश के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च करने पर बधाई एवं शुभकामनांए दी। श्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा जारी रखी है। भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई। बेहतर विकास के लिए हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे।

चंद्रयान-3 : लैंडर व रोवर को ...

हम दोनों (विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर) को विश्राम देने की प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं। इसरो प्रमुख ने कहा कि लैंडर के भीतर रखकर भेजे गये रोवर ने सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर कदम रखने के बाद 100 मीटर तक चहलकदमी की है। लैंडर को चंद्रमा पर शिवशक्ति बिंदु पर उतारे जाने के बाद इस हिस्से पर अंधेरा होने से पहले कुछ दिनों का काम और बाकी है।

मोदी सरकार ...

को संवारने के काम डॉ रमन सिंह ने किया गरीबों तक चावल नहीं पहुचता था किसानों काधान नहीं खरीदा जाता था रमन ने चावल दिया चाउर वाले बाबा कहलाया मोदी ने कोरोना में आदिवासियों को टिका लगवाया 5 किलो चावल मुफ्त में दे रहे है अमित शाह ने कहा कि छ ग की चावल चोर सरकार को उखाड़ फेंके भाजपा को लाओ छ ग भगवान राम का ननिहाल है नक्सलियों से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया भाजपा के मोदी ने आदिवासी द्रोपदी मुर्मू को महामहिम द्रोपदी मुर्मू बनाया कांग्रेस ने नहीं बनाया एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए 6 हजार करोड़ रुपये का बजट खदान से मिलने वाली राशि का 1 प्रतिशत आदिवासियों के विकास के लिए 2047 तक सिकलसेल समाप्त करने का लक्ष्य डॉ रमन सिंह ने आदिवासियों के विकास के लिए अनेक योजना बनाई चरण पादुका दिया तेंदूपत्ता का बोनस आदिवासियों के कल्याण के अनेक कार्य किया गया है प्रदेश की सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की। सभा को जनजाति मामलों की मंत्री रेणुका सिंह पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव सवरा समाज के प्रांतीय अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। अमित शाह का समाज की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महेश गागड़ासांसद चुन्नी लाल साहू राज्यसभा सांसद निरंजन बीसी भाजपा जिला अध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी अजा जाति मोर्चा के अध्यक्ष विकास मरकाम जगन्नाथ पाणिग्राही लखेश्वर कश्यप पी एल सिदार एन पी नैरोजी आदि उपस्थित थे संचालन केदार कश्यप आभार जयदेव भोई ने प्रकट किया।

### गृहमंत्री को काला झंडा दिखाने का प्रयास...

महंगाई बेरोजगारी तथा केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़सरकार के साथ किए जा रहे लगातार सौतेले व्यवहार के विरोध में आज काला झंडा दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया गया गिरफ्तारी दी गई।

गृहमंत्री अमित शाह के सरायपाली आगमन पर यूथ कांग्रेसियों ने काला झंडा के साथ तड़ीपार का नारा लगाकर किया विरोध अमित शाह गों बैक तड़ीपार गैंगस्टर आदि के नारे लगाए आंदोलनकारियों की संख्या 60 -70 बताई जा रही है जिनमें प्रमुख रूप से युवक कांग्रेस के संजय चौधरी प्रखर शर्मा वसीम हुसैन अफताब हुसैन मनोज पटेल भोज प्रधान दिलीप पटेल सतीश चौहान अनस खान भीष्मदेव पटेल फारम पटेल रमीज़ रज़ा मनोज सिदार आदि प्रमुख थे।

### भोपाल में हो सकती है ...

की राजधानी भोपाल में कराई जाए। इंडिया की पहली बैठक बिहार की राजधानी पटना व दूसरी बैठक कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू और तीसरी बैठक बीते 31 अगस्त व 1 सितम्बर को मुंबई में आयोजित की गई थी। जिसकी मेजबानी महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने की थी। इस बैठक में एनडीए के खिलाफ 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन दलों के सदस्यों ने मिलकर चुनाव लड़ने का संकल्प दोहराया था। बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल एकजुट हैं। जबकि दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी नेता ने आरोप लगाया कि शक्तिशाली लोग गठबंधन तोड़ने की कोशिश में हैं। उनका इशारा भाजपा द्वारा ईडी व सीबीआई के कथित दुरुपयोग को लेकर था।

### सीट शेयरिंग को लेकर ...

लोग आपस में चुनाव लड़ने को लेकर कल ही तय कर चुके हैं। 'इंडिया' गठबंधन में सीट शेयरिंग के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें कोई समस्या नहीं है। मुंबई बैठक में आपस में हम लोगों की पूरी बात हो चुकी है। अब इंटरनली बहुत जल्दी सबकुछ तय करके बताया जाएगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हम लोग इसी महीने सबकुछ तय कर लेंगे।

# छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने ठगा भाजपा ने लूटा-अमित जोगी

## छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस जोगी की सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों की गरीबी दूर करेगी

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के प्रदेश अध्यक्ष एवं मरवाही के पूर्व विधायक अमित जोगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती अमीर है परंतु यहां के लोग गरीबी से जूझ रहे हैं जिसके कारण छत्तीसगढ़ में 40 प्रतिशत लोगों को अपने रोजी रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है वही भाजपा एवं कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों छत्तीसगढ़ की धरती को लूट रहे हैं। यदि प्रदेश में उनकी सरकार आती है तो उनकी पार्टी अपने 10 सूत्री एजेंडा से छत्तीसगढ़ के जनता की गरीबी को दूर कर देगी। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के समय छत्तीसगढ़ के लोगों ने जो सपना देखा था उसे हमारी पार्टी छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे पूरा करेगी।

गौरेला के मिशन ग्राउंड में 2 सितंबर शनिवार को आयोजित छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के कार्यकर्ता सम्मेलन में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित जोगी ने कहा कि अमित जोगी गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का नेट नहीं है यहां का बेटा है। उनके पिताजी जीवन के अंतिम समय तक मरवाही को याद करते रहे। गौरेला पेंड्रा मरवाही के लोग हमारे परिवार जैसे हैं यह हमारे पिता और दादा का घर है यहां से जो अपनापन मिलता है वही हमारे परिवार की राजनीतिक ताकत है। उन्होंने कहा कि 16 जून 2016 को मारवाड़ी विधानसभा के ग्राम कोटमी में मेरे पिताजी अजीत जोगी ने कहा की जनता की अनुमति से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस का गठन किया था जिसका उद्देश्य था छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ियों की सरकार बनाना ताकि छत्तीसगढ़ के विकास के निर्णय छत्तीसगढ़ में ही लिए जा सके दिल्ली न जाना पड़े। पूर्व विधायक अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार को धोखा बताया और कहा कि भूपेश सरकार ने जनता से जो भी वादे किए थे वह पूरे नहीं किया। चाहे विधवा विकलांगों को पेंशन देने की बात हो या आवाश देने की बात हो जनता को ठगा गया।



गंगाजल लेकर कसम खाए थे कि शराब बंदी करेंगे परंतु शराब बंदी नहीं हुई इससे उनकी नियत का पता चलता है। इसी तरह 15 साल तक भाजपा की रमन सरकार ने भी किया और जनता के साथ छल किया छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया। इन राष्ट्रीय पार्टियों का छत्तीसगढ़ के प्रति यही नजरिया है। अमित जोगी ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में इन दोनों पार्टियों को जानता नकार देगी तथा हमारे छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में बनेगी जो छत्तीसगढ़ की गरीबी को दूर करेगी। अमित जोगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस या घोषणा करती है कि उनकी सरकार छत्तीसगढ़ में आने पर धान का समर्थन मूल्य 4000 रुपये प्रति क्विंटल दिया जाएगा। जितना धान किसान बेचना चाहे वह पूरा खरीदा जाएगा। प्रति एकड़ धान खरीदने की सीमा समाप्त की जायेगी। इसके अतिरिक्त प्रति एकड़ 10,000 रूपए की प्रोत्साहन राशि किसान को प्रतिवर्ष दी जायेगी। खेती के लिए किसानों को बिजली पूर्णतः निःशुल्क दी जायेगी। इसी तरह 60 वर्ष से कम आयु के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों, दिव्यांगों, विधवाओं - विधुरों और समस्त पंजीकृत बेरोजगारों को 3,000 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जाएगी। 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को 4,500 रूपए प्रति माह सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जाएगी। तथा15 वर्षों से ज्यादा जमीन के कब्जाधारियों को प्राथमिकता से पट्टा प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों, गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को 5 लाख रुपए में जोगी निवास के नाम से 2बीएचके आवास प्रदान किया जाएगा। जिन भी लोगों के कच्चे मकान हैं, उन्हें पक्के मकान प्रदान किए जाएंगे। सभी सरकारी, गैर सरकारी, निजी संस्थाओं एवं ठेका श्रमिक प्रदाताओं को 95त्न नौकरियां छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को देने की क़ानूनी बाध्यता रहेगी। अमित जोगी ने कहा आठ वर्ष या उससे ज्यादा समय से सेवा दे रहे सभी दैनिक वेतन भोगी और अनियमित कर्मचारियों का तत्काल नियमितीकरण किया जाएगा। मैदानी इलाकों में पूर्ण शराबबंदी की जायेगी। सभी शराब दुकानों को दूध और उससे बनने वाले पदार्थ बेचने के लिए परिवर्तित किया जाएगा। अमूल की तर्ज पर राज्य में दुग्ध प्रोसेसिंग प्लांट लगाने के लिए सहकारिता मॉडल पर राज्य सरकार 5,000 करोड़ रूपए का निवेश करेगी। बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बेटी के पैदा होते ही उसके खाते में 1 लाख रुपए का फिक्स्ड डिपॉजिट किया जायेगा जो 18 वर्ष की आयु में बेटी को देय होगा। इस पैसे का उपयोग बेटी को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने में किया जा सकेगा। सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अति पिछड़ा वर्ग और ग़रीबी रेखा से नीचे परिवारों को स्वयं का व्यापार करने और उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उनके द्वारा आवेदन करने के एक माह के भीतर 10 लाख रूपए की अनुदान राशि दी जायेगी तथा बहु प्रतीक्षित पोड़ी उपरोड़ा पसान को जीपीएम जिले में शामिल किया जाएगा। हर वर्ष 450 करोड़ रुपये के काम इनमें हो सकेंगे। कोल बिर्रा सिचाई योजना चालु किया जाएगा।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
**मुख्य कार्यालय– साकेत भवन, आई.टी.आई चौक, कोरबा (छ.ग.)**

फा.क्र./1988/निर्माण (बालको/2023–24 कोरबा, दिनांक 31.08.2023

**तृतीय निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर व्दारा प्रचलित PWD Building SOR 01.01.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु तृतीय मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि– लिफाफा पध्दति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :–

1. निर्धारित प्रारुप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि –11.09.2023 सायंकाल 3.00 बजे तक।
2 निविदा खुलने की अंतिम तिथि –11.09.2023 सायंकाल 4.30 बजे तक।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र.35 संस्कार भवन में हॉल, टॉयलेट एवं बाथरुम का निर्माण कार्य। (एल्डरमेन निधि) तृतीय निविदा वर्ष–2022–23 | 6,00,000/– | 4500/– | 750/– | Form A | 4माह | सक्षम श्रेणी | 11.09.2023 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

**//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//**

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार भटगांव**
**जिला सारंगढ-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
**ईशतहार प्रकाशन**

**रा.प्र.क्रं. 20( 1 ) वर्ष 2022-23**
**भटगांव प.ह.नं. 11 तहसील भटगांव**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रयाग प्रसाद पिता स्व.राधेश्याम केशरवानी निवासी भटगांव तहसील भटागांव जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग. में उल्लेखित आवेदन में ग्राम भटगांव शासकीय भूमि ख.नं. 2040/1 कुल रकबा 0.486 हे. भूमि का टुकडा 0.012 हे. भू-खण्ड पर मकान/बाडी बनाकर बेचा कब्जा किया है। भूमि एवं आवास के अभाव में विगत कई वर्षो से आवेदक एवं उनके परिवार का उक्त भू-खण्ड पर कब्जा है। उक्त भूमि की मांग करने बाबत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी रा. बिलाईगढ के माध्यम से प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/एफ-4-07/सात-1/2019 नवा रायपुर दिनांक 11.09.2019 परिपत्र के तहत नगरीय क्षेत्रे में अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन, शासकीय भूमि के आबंटन एवं भू-भाटक के निर्धारण/वसूली प्रक्रिया के संबंध में छत्तीसगढ राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों में संशोधन करते हुए भूमि व्यवस्थापन/आबंटन की प्रक्रिया के तहत 7500 वर्गफीट तक की शासकीय भूमि के व्यवस्थापन का अधिकार जिला कलेक्टर तथा 7500 वर्गफीट से अधिक के लिए राज्य शासन का अधिकार होना प्रावधानित किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो नियत दिनांक 11.09.2023 तक दावा आपत्ति स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। पेशी तिथि उपरांत दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सील सहित जारी किया गया।

सील **तहसीलदार भटगांव**

**न्यायालय तहसीलदार भटगांव**
**जिला सारंगढ-बिलाईगढ (छ.ग.)**
**ईशतहार**

**रा.प्र.क्रं. 20( 1 ) वर्ष 2022-23**
**भटगांव प.ह.नं. 11 तहसील भटगांव**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रवेश दुबे पिता मुकुटलाल जाति ब्राम्हण निवासी भटगांव तहसील भटगांव जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग. में उल्लेखित आवेदन में ग्राम भटगांव शासकीय भूमि ख.नं. 2040/1 कुल रकबा 0.486 हे. भूमि का टुकडा 0.008 हे. भू-खण्ड पर मकान/बाडी बनाकर बेचा कब्जा किया गया है। भूमि एवं आवास के अभाव में विगत कई वर्षो से आवेदक एवं उनके परिवार का उक्त भू-खण्ड पर कब्जा है। उक्त भूमि की मांग करने बाबत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी रा. बिलाईगढ के माध्यम से प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/एफ-4-07/सात-1/2019 नवा रायपुर दिनांक 11.09.2019 परिपत्र के तहत नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन शासकीय भूमि के आबंटन एवं भू-भाटक के निर्धारण/वसूली प्रक्रिया के संबंध में छत्तीसढ राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों में संशोधन करते हुए भूमि व्यवस्थापन/आंबटन की प्रक्रिया के तहत 7500 वर्गफीट तक की शासकीय भूमि के व्यवस्थापन का अधिकार जिला कलेक्टर तथा 7500 वर्गफीट से अधिक के लिए राज्य शासन का अधिकार होना प्रावधिनित किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो नियत दिनांक 11.09.2023 तक दावा आपत्ति स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। पेशी तिथि उपरांत दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सील सहित जारी किया गया।

सील **तहसीलदार भटगांव**

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद जांजगीर, नैला**
**जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**

क्र./2264/निविदा/न.पा.प./लो.नि.वि.2023–24 जांजगीर–नैला, दिनांक 01/09/2023

**मैनुअल पध्दति से निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पालिका परिषद जांजगीर– नैला क्षेत्रातंर्गत विकास कार्यों के लिए त्रि लिफाफा पध्दति में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. केवल टी.डी.आर./एफ.डी.आर. डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित निविदा फार्म त्रिलिफाफा पध्दति में दिनांक 18/09/2023 को समय सायं 4.00 बजे तक प्राप्त होने पर उसी दिवस को निविदा शाम 04.30 बजे से खोला जावेगा।

02. अमानत राशि एवं निविदा शुल्क निम्नानुसार देय होगा :–

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शासकीय मिडिल शाला गौशाला पारा नैला (यूडाईस कोड 22061700718 (व्दितीय निविदा) | 16.10 | 12075.00 | 750.00 | कार्यादेश प्रदाय तिथि से 02 माह |
| 2. | शासकीय बालक प्राथमिक शाला नैला (यूडाईस कोड 22061700801) (व्दितीय निविदा) | 16.10 | 12075.00 | 750.00 | कार्यादेश प्रदाय तिथि से 02 माह |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**//जल बचायें भविष्य बचायें// प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग ना करें// अपने आस पड़ोस को स्वच्छ रखें//**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालकि परिषद जांजगीर– नैला**

# देश

**उवाच**

भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन के काम की गिनती ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का गणित बिगाड़ दिया है। भाजपा की 'इंडिया हराओ सनक' पर 'पब्लिक का इंडिया जिताओ संकल्प भारी है।

**–प्रमोद तिवारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37° | 27° |
| मुंबई | 26° | 25° |
| कोलकाता | 27° | 26° |
| चेन्नई | 31° | 27° |

# अब सूर्य की ओर बढ़ रहा भारत : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल 1 के सफल प्रक्षेपण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि मिशन चंद्रयान-3 और मंगलयान की अपार सफलता के बाद भारत अब सूर्य की ओर बढ़ रहा है। मंत्री ने कहा कि यह सफल प्रक्षेपण अंतरग्रहीय अंतरिक्ष अन्वेषण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है। मैं अध्यक्ष एस. सोमनाथ के नेतृत्व में इसरो वैज्ञानिकों की पूरी टीम को आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण पर बधाई देता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की भी सराहना की और कहा, हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने भी भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रेरक मार्गदर्शन ने टीम इसरो को बड़े लक्ष्यों और उपलब्धियों के लिए प्रयास करने में मदद की है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा में पीएसएलवी सी57/आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो को बधाई। यह सूर्य का अध्ययन करने वाली अंतरिक्ष में स्थित पहली भारतीय वेधशाला है नए

■ **सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो वैज्ञानिकों को दी बधाई**



**सफल प्रक्षेपण अंतरिक्ष अन्वेषण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर : राजनाथ सिंह**

भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा के लिए एक और मील का पत्थर। भारत ने आज सुबह अपना पहला सौर मिशन लॉन्च किया। कुछ दिन पहले ही भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर एक अंतरिक्ष यान की सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि देश के पहले सूर्य अभियान आदित्य एल-1 की सफलता से अंतरिक्ष यात्रा के नए अध्याय खुले हैं। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को यहां बताया कि आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण पर धनखड़ ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि भारत के पहले सूर्य अभियान आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण से अंतरिक्ष यात्रा का गौरवशाली अध्याय खुला है। धनखड़ ने कहा कि मैं इस उपलब्धि के लिए इसरो और उसके वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों को शुभकामनाएं देता हूं। इस बड़ी उपलब्धि से निश्चित रूप से सौर प्रणाली के बारे में हमारी समझ बढ़ेगी। बता दें कि कुछ दिन पहले अपने सफल चंद्र अभियान चंद्रयान-3 के बाद एक बार फिर इतिहास पर नजर रखते हुए इसरो ने शनिवार को देश का महत्वाकांक्षी सौर मिशन आदित्य एल1 लॉन्च किया। वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए अमित शाह ने एक ट्वीट में कहा कि समय-समय पर हमारे वैज्ञानिकों ने अपनी ताकत और प्रतिभा साबित की है। भारत के पहले सौर मिशन, आदित्य एल1 के सफल प्रक्षेपण पर देश को गर्व और खुशी है। इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए टीम इसरो को बधाई। यह अमृत काल के दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## अंतरिक्ष में इतिहास रच रहे वैज्ञानिक : ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दी हैं। बिरला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि



आदित्य एल 1 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो के वैज्ञानिकों को ढेरों शुभकामनाएं। प्रत्येक कदम के साथ आप अंतरिक्ष में इतिहास रच रहे हैं। अनंत की खोज में आपका हर प्रयास मानवता के कल्याण की राह प्रशस्त कर रहा है। आपका समर्पण देश का गौरव बढ़ा रहा है। एक सौ 40 करोड़ भारतीयों को आप पर गर्व है।

## केसीआर ने इसरो अध्यक्ष व वैज्ञानिकों को दी बधाई

**हैदराबाद।** मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा आदित्य एल-1 उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर खुशी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसरो ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिक अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में दुनिया के सामने जो प्रगति कर रहे हैं, उससे हर भारतीय गौरवान्वित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर ने इसरो चेयरमैन, वैज्ञानिकों और अन्य तकनीकी कर्मचारियों को बधाई दी।



## मणिपुर में लूटे गए हथियार बरामद

**इंफाल,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम, कांगपोकपी और थौबल जिलों में लूटे गए पांच हथियार, छह अलग-अलग प्रकार के गोला-बारूद और सात शक्तिशाली बम बरामद किए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों में सशस्त्र प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी की सूचना मिली है। हालांकि, इलाके में तैनात सुरक्षा बलों ने जवाब दिया और बाद में गोलीबारी कम हो गई। पुलिस ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। इस बीच, आवश्यक वस्तुओं के साथ इंफाल-जिरीबम राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-37) पर 220 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं और वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील हिस्सों में सुरक्षा काफिला उपलब्ध कराया गया है।

■ **प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच गोलीबारी**

# जम्मू-कश्मीर आतंक मुक्त क्षेत्र बनने को तैयार : दिलबाग सिंह

**श्रीनगर,**2 सितम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रमुख दिलबाग सिंह ने शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश आतंक मुक्त क्षेत्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पुलिस ने अब ड्रग्स के खतरे के खिलाफ युद्ध छेड़ने का फैसला किया है। सोपोर शहर में एक आधिकारिक समारोह के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए डीजीपी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर आतंक मुक्त क्षेत्र बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। आतंकवाद अपने न्यूनतम स्तर पर है और आतंकवादियों की संख्या भी बहुत कम है। पुलिस जम्मू-कश्मीर से ड्रग्स के दुरुपयोग और नार्को-तस्करी को खत्म करना सुनिश्चित करेगी। सोपोर कभी आतंकवाद का गढ़ माना जाता था और आज यहां हर जगह कारोबार फल-फूल रहा है। सड़कों पर शांति कायम है और लोगों के चेहरों पर मुस्कान है।

हम जम्मू-कश्मीर को नशा मुक्त स्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डीजीपी ने हाल ही में सिख समुदाय के दो लोगों की मौत के बारे में बात करते हुए कहा कि पुलिस ने दोनों घटनाओं का संज्ञान लिया है। चिंता की कोई बात नहीं है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। बारामूला के एक सिख समुदाय के सदस्य की मौत का मामला अपराध शाखा को सौंप दिया गया है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान तथा पीओजेके में बैठकर डोडा तथा जम्मू संभाग में आतंकवाद को जीवित करने के लिए टेरर मॉड्यूल संचालित कर रहे लश्कर-ए-ताइबा तथा हिजबुल मुजाहिदीन के आठ आतंकियों के खिलाफ शुक्रवार को एनआईए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सभी के खिलाफ यूएपीए के तहत डोडा के एनआईए कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि लश्कर के टॉप कमांडर मोहम्मद आमिन उर्फ खुबैब निवासी कठवा, फागसू, हिजबुल कमांडर मोहम्मद हुसैन खतीब निवासी मस्जिद मोहल्ला भद्रवाह, जाकिर हुसैन निवासी द्रैना भाला के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है।

इनके साथ ही लश्कर आतंकवादी अब्दुल हई उर्फ ताहिर बिलाल निवासी साजान डोडा, हिजबुल आतंकी इरशाद अहमद इटू उर्फ इदरीस निवासी धरनाल अरनोरा, हिजबुल आतंकी अता मुहम्मद उर्फ आदिल मुबासिर निवासी टंटा गंदोह, हिजबुल आतंकी मोहम्मद शफी उर्फ नदीम निवासी ट्रंकाल, हिजबुल के माजिद हुसैन उर्फ अबु जिहाद निवासी मनोई गंदोह के खिलाफ आरोप पत्र है। डोडा पुलिस ने सभी के खिलाफ सबूत जुटाने के बाद कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया।



■ **अब ड्रग्स के खतरे के खिलाफ युद्ध छेड़ने का किया गया फैसला**

## सार संक्षेप

### कश्मीर में ठगी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को कथित तौर पर पुलिस अधिकारी के रूप में ठगी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया। कुंजेर थाने में एक स्थानीय व्यक्ति वासिफ हसन ने शुक्रवार को शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि बस यात्रा के दौरान एक महिला ने उससे संपर्क किया, जिसने खुद को आशिया बताया और खुद को वर्तमान में कुंजर थाने में तैनात एक उप-निरीक्षक के रूप में पेश किया।

### मप्र में सड़क हादसे में तीन पुलिसकर्मियों की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में शनिवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।सूत्रों के मुताबिक घटना सुबह करीब 4:3 बजे तब हुई जब पुलिसकर्मी एक धार्मिक जुलूस में तैनात होने के बाद कार से अपने कार्यालय लौट रहे थे। रास्ते में कार, सीमेंट लदे ट्रक में पीछे से टकरा गई। तीन पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। मृतकों की पहचान विमल तिवारी (एसआई), रमेश भास्कर (एसआई) और रमेश कुमावत (कांस्टेबल) के रूप में हुई है।

### हैदराबाद में पचास करोड़ की कोकीन जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने शमशाबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से पांच किलोग्राम कोकीन जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने एक यात्री को पांच किलो मादक पदार्थ कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। कोकीन को भूरे रंग के टेप में सावधानी से लपेट कर सूटकेस में छुपाया गया था। जिसकी अनुमानित कीमत 5 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### बांग्लादेशी नागरिक को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक दशक से अधिक समय से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति शुरू में एक बौद्ध भिक्षु था और फिर एक जिम ट्रेनर बना और वह अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को धोखाधड़ी से भारतीय पासपोर्ट प्राप्त करने में मदद करने वाला रैकेट भी चला रहा था। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान पलाश बिपन बरुवा के रूप में हुई, उसे शुक्रवार को आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था।

# मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा जल सत्याग्रह : ऋषिकेश

**पटना,**2 सितम्बर (देशबन्धु)। इंद्रपुरी जलाशय पर कॉम्फेड ने अपने मछुआरा समिति के सैकड़ों सदस्यों के साथ जल सत्याग्रह किया। इस सत्याग्रह में सैकड़ों महिलाओं ने भी भाग लिया। कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने कहा कि मछुआरा किसी का वोट बैंक नहीं है जो पार्टी मछुआरों के लिए काम करेगी मछुआरे उनके लिए काम करने को तैयार है। नीतीश सरकार को इंद्रपुरी जलाशय के साथ अन्य जगहों की खुली डाक बंद करनी चाहिए नहीं तो कॉम्फेड मछुआरों के मौलिक अधिकारों के लिए गंभीर जल सत्याग्रह जारी रखेगा। कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने कहा कि वर्ष 2022-23 में बिहार ने पूरे भारत में सकल घरेलू उत्पाद के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10.64 फीसदी की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की। इस वृद्धि में मत्स्य क्षेत्र का बहुत बड़ा हाथ है जिसके कारण भारत सरकार ने मत्स्य क्षेत्र को विकास में रीढ़ के रूप में स्वीकार भी किया है, पर नीतीश सरकार मछुआरा समाज को रीढ़ विहीन करने पर तुली हुई है वह जल माफियाओं को संरक्षण देते हुए मछुआरा समितियों को दरकिनार कर जलाशयों को खुली डाक के माध्यम से माफियाओं को देने की चाल चल रही है। सरकार की इस मंशा को कॉम्फेड कभी सफल नहीं होने देगा। कश्यप ने राजनीतिक पार्टियों को चेतावनी देते हुए कहा कि पार्टियों को निषाद समाज की हितों से खिलवाड नहीं करना चाहिए। निषाद समाज ने प्रभु राम की सहायता कर उनसे कुकुछ आशा नहीं किया तो सदा आत्मनिर्भर रहा निषाद समाज सरकार से बस सम्मान और मौलिक अधिकार चाहता है।

■ **मछुआरा समाज को रीढ़ विहीन करने का लगाया आरोप**

### कावेरी जल विवाद पर बोले सिद्धारमैया

# सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश करेंगे जमीनी हकीकत

**बागलकोट,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी के जल को लेकर खींचतान जारी है। इस मानसून में कम बारिश के कारण बेसिन के अधिकांश जलाशयों में पानी का प्रवाह कम हो गया है और आने वाले महीनों में पीने और सिंचाई के लिए पानी की भारी कमी की आशंका जताई जा रही है। वहीं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर जमीनी हकीकत कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) और सुप्रीम कोर्ट के सामने रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्य की सुरक्षा के उद्देश्य से एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिलने का समय मांगा है। इस मुद्दे पर रुचि के साथ-साथ मंजूरी की प्रतीक्षा में अन्य लंबित परियोजनाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, तमिलनाडु ने 24,000 क्यूसेक पानी छोड़ने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील की है, जिसे कर्नाटक मानने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि बिना पानी के हम इतना कहां से छोड़ेंगे? हमें फसलों की सुरक्षा करनी है, पीने का पानी उपलब्ध कराना है। हम अपनी पेयजल आवश्यकताओं और किसानों की फसलों की सुरक्षा करके राज्य के हितों की रक्षा करेंगे। हम जमीनी तथ्य कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण और सुप्रीम कोर्ट के सामने रखेंगे। कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने कर्नाटक को 29 अगस्त से अगले 15 दिनों तक तमिलनाडु के लिए प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया है। सीडब्ल्यूएमए ने कावेरी जल विनियमन समिति की सिफारिश के आधार पर यह निर्णय लिया। इस बीच, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि सीडब्ल्यूएमए के आदेश के अनुसार कर्नाटक के लिए प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ पाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। इस मामले में पहले दायर अपने हलफनामे में, कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि कावेरी नदी से पानी छोड़ने की मांग करने वाला तमिलनाडु का आवेदन पूरी तरह से गलत है क्योंकि यह एक गलत धारणा पर आधारित है कि यह जल वर्ष एक सामान्य जल वर्ष है, न कि संकटग्रस्त जल वर्ष।

राज्य के जल संसाधन विभाग द्वारा दायर लिखित उत्तर में कहा गया है कि कर्नाटक सामान्य वर्ष के लिए निर्धारित पानी सुनिश्चित करने के लिए बाध्य नहीं है क्योंकि दक्षिण-पश्चिम मानसून की विफलता के कारण कावेरी बेसिन में संकट की स्थिति पैदा हो गई है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर 6 सितंबर को अगली सुनवाई कर सकता है।

कावेरी नदी जल विवाद देश में ब्रिटिश शासन के दिनों से ही कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच गले की हड्डी बना हुआ है।

■ **सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए मोदी से मिलने का मांगा समय**



## हमारे पास छोड़ने के लिए पानी नहीं : मुख्यमंत्री

कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास छोड़ने के लिए पानी नहीं है, इसके बावजूद कावेरी जल विनियमन समिति ने कहा है कि हमें (तमिलनाडु को) हर दिन 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ना चाहिए। पहले उन्होंने 15,000 क्यूसेक कहा, हमारे अनुरोध के बाद उन्होंने इसे घटाकर 10,000 क्यूसेक कर दिया। अब हमारी अपील के बाद वे मिले और कहा कि 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाना चाहिए।

# प्रचार पर टिकी भाजपा की बुनियाद : जदयू

**पटना,**2 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा पर हमला करते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने उसे झूठ की दुकान बताया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा एक ऐसी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है जो जनता के बजाए अपने स्वार्थों के लिए काम करती है। इनकी पूरी बुनियाद सिर्फ प्रचार पर टिकी है। नौ वर्षों में कोई वादा पूरा नहीं करने से इनकी असलियत जनता के सामने बेनकाब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 2014 में भी यह लोग झूठे प्रचार के दम पर ही सत्ता में आए थे। तब से लेकर आज तक इनका पूरा दिन आंकड़ों की बाजीगरी के सहारे अपने झूठ को सच साबित करने में लगा रहता है। भाजपा के वादे याद दिलाते हुए। उन्होंने कहा कि इन्होने वादा किया था किया था 2022 तक हर किसान की आमदनी दुगनी हो जाएगी, लेकिन हकीकत में इनके राज में किसानों की हालत और बदतर हो चुकी है। हालात यह है खेती के समय भी केंद्र सरकार द्वारा खाद उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण, बिहार में किसानों को यूरिया और अन्य जरूरी खादों के लिए जूझना पड़ रहा है।

इसी तरह इन्हों मध्य वर्ग के लोगों को भी आय बढ़ाने का सपना दिखाया था, लेकिन बढ़ी मंहगाई के कारण उनका जीवन भी आज संकटों से गुजर रहा है।

■ **भाजपा को बताया झूठ की दुकान**



**2024 में हो जाएगा भाजपा का सफाया : राजीव रंजन**

## एक देश एक चुनाव के लिए संविधान संशोधन की जरूरत


**पटना।** संसदीय कार्य मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने बताया कि 'एक देश-एक चुनाव' का नारा जितना लुभावना प्रतीत होता है, इसका क्रियान्वयन उतना ही कठिन एवं दुष्कर है क्योंकि इस हेतु कई मामले में संविधान संशोधन करने की आवश्यकता पड़ेगी। राज्यों के अलग चुनाव होने की व्यवस्था कोई पसंद से नहीं अपनाई गई थी बल्कि संवैधानिक बाध्यतावश 1967 के बाद राज्यों के चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। इस मुद्दे पर पूर्व में भी कई बार राष्ट्रीय विमर्श छिड़ा है। फिर अचानक पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में समिति के गठन के पीछे मकसद कुछ और ही लगता है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की पिछले तीन बैठकों में बढ़ती मजबूती के साथ आपसी समझदारी से लगता है, भाजपा विचलित है। देश में अपने एजेंडे से विमर्श-प्राथमिकता निर्धारित करने की कोशिश हो रही है। तभी तो बिना अन्य दलों से विचार किए एवं मकसद गोपनीय रखते हुए पाँच दिनों का संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है।

## त्रिपुरा उपचुनाव में भाजपा व माकपा को समर्थन नहीं : टिपरा मोथा

**अगरतला,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। त्रिपुरा में मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से समान दूरी बनाए रखने का फैसला किया है और शनिवार को अपने समर्थकों से पांच सितंबर को सिपाहीजला जिले के धानपुर तथा बॉक्सानगर में होने वाले उपचुनाव में अपने विवेक तथा पसंद के उम्मीदवार के लिए सचेत मतदान करने का आह्वान किया। टिपरा मोथा पार्टी ने इस उपचुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। इसलिए अपने समर्थकों से सोच-समझकर मतदान करने की अपील की है। टिपरा मोथा के अध्यक्ष बिजॉय कुमार ह्रांगख्वाल ने कहा कि हम मतदान का विकल्प अपने समर्थकों के विवेक पर छोड़ रहे हैं, क्योंकि ग्रेटर टिपरालैंड की हमारी मूल मांग को भाजपा ने स्वीकार नहीं किया है।

# गणेश चतुर्थी पर संसद का विशेष सत्र बुलाना हिंदू विरोधी मानसिकता : नीरज

**पटना,**2 सितम्बर (देशबन्धु)। जदयू मुख्यालय में शनिवार को पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सह विधान पार्षद नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा एवं अंजुम आरा ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी के मौके पर मोदी सरकार द्वारा सदन का विशेष सत्र बुलाना हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचायक है। तीनों प्रवक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार के संसदीय कार्य मंत्री ट्वीट के माध्यम संसद के विशेष सत्र बुलाने का एलान करते हैं जो संसदीय परंपरा का अपमान है। संविधान की धारा 85-(।) के अनुसार केबिनेट समिति जिसमें गृह विभाग, वित्त विभाग, रक्षा विभाग और कानून सहित कुल 9 विभागों के मंत्री इसके सदस्य होते हैं। संसदीय कार्य मंत्री बताएं कि सावन महीने की कौन सी हिंदू पंचांग तिथि को कैबिनेट की बैठक हुई। विशेष सत्र बुलाने से पहले इस प्रक्रिया का पालन किया गया। देश की जनता इसका जवाब चाहती है। तीनों प्रवक्ताओं ने कहा कि मणिपुर में बेटियों की इज्जत लूटी गई, हथियार लूट लिए गए लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर जाने तक की हिम्मत नहीं जुटा पाए।



## जी-20 को इवेंट बना रहे मोदी

प्रधानमंत्री जी-20 को इवेंट बना रहे हैं मगर इस जी-20 के सदस्य देश से उन्हें सीखने की आवश्यकता है। शौचालय से लेकर पेट्रोल पंप तक इनका फोटो नजर आता है लेकिन जी 20 के देशों से ये सीखते नहीं हैं। ब्रिटेन में डेढ़ सौ दिन संसद कार्य करता है अमेरिका में भी डेढ़ सौ दिन संसद कार्य करता है मगर पिछले साल भारत में सिर्फ 56 दिन ही सांसद चल सका।

**राजनीति** | *मध्य प्रदेश चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका*

# एक वर्तमान व पूर्व विधायक समेत नौ नेता कांग्रेस में शामिल

**भोपाल,2 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। उसका एक वर्तमान और एक पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चीफ कमलनाथ ने इन नेताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। एक साथ नौ नेताओं के कांग्रेस की सदस्यता लेने से पार्टी को मजबूती मिली है।**

खास बात यह है कि कोलारस के भाजपा विधायक वीरेंद्र रघुवंशी और भाजपा के पूर्व विधायक भंवर सिंह शेखावत ने भाजपा छोड़ने की वजह केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों को बढ़ता महत्व बताया है। इस अवसर पर पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश को भ्रष्टाचार प्रदेश बना दिया है। मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार की एक ऐसी व्यवस्था बना ली है जिसमें पैसे दो काम लो का सिद्धांत चल रहा है। कमलनाथ ने सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि शिवराज सिंह आप पाप धोने के लिए बहनों को 1000 रुपए दे रहे हैं। शिवराज जी! आप सोचते हैं कि 18 साल के आपके पाप ऐसे धुल जाएंगे। आप जाइए मुंबई और कलाकारी वहां कीजिए, इस चुनाव के बाद मध्य प्रदेश की जनता आपको बड़े प्यार से विदा करेगी।

कमलनाथ ने कहा कि भाजपा ने मध्यप्रदेश को चौपट प्रदेश, घोटाला प्रदेश, भ्रष्टाचार प्रदेश बना दिया है। आपको एक रक्षक के रूप में मध्य प्रदेश के भविष्य को बचाना है। आज जनता को प्रलोभन दे रहें हैं लालच दे रहें हैं। मैं कहता हूँ शिवराज जी ये 2023 है आप जिसे ज्ञान देने जाते हो वो आपको ज्ञान देने के लिये तैयार बैठा है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि पिछली बार विधानसभा चुनाव में बीजेपी के 13 मंत्री हारे थे। इस बार इसका उल्टा होगा और मध्य प्रदेश की इस कमीशन वाली सरकार के 31 मंत्री चुनाव हारेंगे। सुरजेवाला ने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन और भ्रष्टाचार इस सरकार का मुख्य धंधा है। जिस सरकार में दलित आदिवासी और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, उन्हें चुल्लूभर पानी में डूब मरना चाहिए। भोपाल राजधानी है और यहां हर दिन एक महिला से बलात्कार क्यों हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कमलनाथ जी के पिटारे में अभी बहुत माल है, वहीं एमपी में एक धोखेबाज सत्ता में है वो कमलनाथ जी की घोषणाओं को नकल कर रहा है। कमलनाथ जी आपसे अनुरोध करता हूं कि आप आज कोई घोषणा न करें अब सारी घोषणाएं आचार संहिता के बाद करेंगे।

शिवपुरी की कोलारस विधानसभा सीट से वीरेंद्र रघुवंशी भाजपा विधायक हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए थे।



■ **भाजपा ने मप्र को बना दिया है भ्रष्टाचार प्रदेश : कमलनाथ**

### हाना

थोड़के खाए बहुते डकारै।
थोरकिन खा के जोर से डकारना मतलब थोरकिन काम करके बहुते मेहनत करे के दिखाना। थोड़े से काम करना और बड़ाई मारना। तब ये हाना ल केहे जाथे।

### शब्द अरथ

1. चिपचिपहा- पसीना, धूल धुआं या आंखी के मैल के कारण दृष्टि के धुंधलाने जैसा, चिपचिपा युक्त, लसदार।
2. चिपचिपाना- अधिक जागरण या थकावट के कारण नींद आने के कारण चिपचिपा लगना
3. चिपचिपाल- पसीना, धूल, धुआं या आंख के मैल के कारण दृष्टि धुंधलाया हुआ। चिपचिपाहटपन लिया हुआ
4. चिपचिपासी- अधिक जागरण या थकावट के कारण नींद लगने की क्रिया या भाव। पसीना, धूल, धुआं या आंख के मैल के कारण दृष्टि मिचमिचाने की क्रिया या भाव।
5. चिपटइया- पुड़िया बनाने वाला, संचित करने वाला।
6. चिपटई- पुड़िया बनाने या संचित करने की क्रिया या भाव
7. चिपटउनी- पुड़िया बनाने यांचित करने अथवा करवाने का खर्च या पारिश्रमिक
8. चिपटना-पुड़िया बनाना, संचित करना।
9. चिपटल- पुड़िया बना हुआ, संचित किया हुआ
10. चिपटहा- चिपटल।

## चंद्रमा म अवतरण

मनखे बर हर ग्रह आश्चर्य के कारण रहिस हे। उत्सुकता हर ग्रह बर बरावर रहिस हे। चंद्रमा तीर म हावय त पहिली चंद्रमा म जाये के सोचिन। अमेरिका ह पहिली अपोलो के नाम ले अभियान शुरु करिस। अपन यान चंद्रमा म भेजिस।

अपोलो 11 ओ अंतरिक्ष उड़ान रहिस हे जेमा चंद्रमा ऊपर पहिली मनखे, नील आर्मस्ट्रांग और ऐडविन 'बज' ऐल्ड्रिन जुनियर ल भेजिस। 20 जुलाई 1969 के दिन अन्तरराष्ट्रीय समय के अनुसार 20:17:39 बजे यान उतरे रहिस हे। संयुक्त राज्य अमेरिका के ये मिशन ल मानव इतिहास अउ अन्तरिक्ष अनुसन्धान के इतिहास म एक बड़े उपलब्धि के रूप म देखे जाथे। अपोलो -11 के अंतरिक्ष यात्री नील आर्म स्ट्रांग ह चांद ऊपर पहली कदम रखिस। आर्मस्ट्रांग के उतरे के 19 मिनट बाद एडवर्ड बज एलड्रिन चांद ऊपर कदम रखने वाला दूसर अंतरिक्ष यात्री बनिस। दोनों झन चांद ऊपर करीब दो घंटे बिताये रहिन हे। नील आर्म स्ट्रांग के जूता के निशान आज तक हावय।

पूरा भारत म स्कूल म छुट्टी दे दिन। ये ला रेडियो म सुनत रहिन हें। बाद म स्कूल के लइकामन ल टॉकीज म येखर दू रील ल देखाये बर लेगिन। ये सब फ्री म रहिस हे। जब अमेरिका के झंडा फहराये रहिन हें। ओखर बाद भी तीन बेर अपोलो अभियान चलिस। फेर कोई मनखे उतरिस नहीं। अपोलो 12 गीस तब भी दू झन उतरे रहिन हें। ओखर बाद के अभियान म दू बैज्ञानिक के मौत होगे त ये मिशन ल बंद कर दे गीस।

अतेक बछर के बाद भारत चंद्रयान मिशन शुरु करिस। चन्द्रयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ह चंद्रमा म खोज के कार्यक्रम म भाग लेने वाला पहिला चंद्रयान रहिस हे। ये अभियान म अन एक मानवरहित यान 22 अक्टूबर, 2008 के चन्द्रमा म भेजे गिस। ये ह 30 अगस्त, 2009 तक सक्रिय रहिस।

चंद्रयान-2 या चंद्रयान द्वितीय, चंद्रयान-1 के बाद चन्द्रमा म खोज करने वाला दूसर अभियान रहिस हे, येला इसरो ह बनाये रहिस हे। अभियान ल जीएसएलवी मार्क-3 प्रक्षेपण यान द्वारा प्रक्षेपित करे गे रहिस हे। ये अभियान म भारत में बने एक चंद्र ऑरबिटर, एक रोवर अउ एक लैंडर शामिल रहिस हे। इन सब ल इसरो बनाये रहिस हे। 22 जुलाई 2019 के लॉच होय रहिस हे।

चंद्रयान-3 चंद्रयान-2 या चंद्रयान द्वितीय, चंद्रयान-1 के बाद चन्द्रमा म खोज करने वाला दूसरा अभियान आये, येला इसरो ह बनाये हावय। येला जीएसएलवी मार्क -3 प्रक्षेपण यान द्वारा 14 जुलाई 2023 के प्रक्षेपित करे गिस। ये अभियान म भारत में बने एक चंद्र ऑरबिटर, एक रोवर अउ एक लैंडर शामिल हे। ये सब ल इसरो द्वारा करे बनाये गे हे।

लॉन्च की तारीख : 22 जुलाई 2019

लॉन्च स्थल सतीश धवन अंतराल केंद्र रहिस हे। चंद्रयान-3 चांद म खोज करने वाला भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा भेजे गे तीसर भारतीय चंद्र मिशन आये।। येमा चंद्रयान-2 के समान एक लैंडर अउ एक रोवर हे, लेकिन येमा ऑर्बिटर नइ रिहिस हे। 14 जुलाई 2023 के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र ले प्रक्षेपित होइस।

येखर मिशन अवधि विक्रम लैंडर के 14 दिन प्रज्ञान रोवर के 14 दिन हावय। 23 अगस्त 2023 के 18:04 मिनट म चांद पर सफलतापूर्वक उतरगे। दक्षिणी ध्रुव म उतरना रहिस हे त सही जगह म उतरगे। हमन देखत रहेन त अब्बड़ रोमांचक लागत रहिस हे। थोरिक देर बाद विक्रम ले रोवर प्रज्ञान बाहिर निकलिस। निकते ही अपन खोज म लगगे। पहिली खबर दिस के दक्षिणी ध्रुव के चंद्रमा के जमीन के तापमान 50-60 डिग्री गरम रहिथे अउ दस सेंटीमीटर नीचे -10 सेंटिग्रेट तापमान हो जथे। मतलब जमीन के तापमान म बहुत अंतर हावय। अब पानी के खोज म लग जही। ओला ये मिशन 14 दिन म पूरा करना हे अभी 15 दिन सेरज के प्रकाश रहिही ओखर बाद 15 दिन अंधेरा रहिही त सोलर ले काम करने वाला रोवर अपन काम बंद कर दिही।

अतेक जानकारी के बाद करवा चौथ। दूज के चांद, बहुला चौथ तिहार के का होही? जेन मन चांद देख के उपास तोड़थें। बहुत अकन मान्यता ल तोड़ के सच्चाई ल आगू लाये म हमर यान ह मदद करही। वइसे तो 1969 में ही सच्चाई पता चल गे रहिस हे। पचास बछर.पहिली मनखे चांद म चहलकदमी करके आगे। फेर प्रकृति उंहा मनखे बसाये के मंसा पूरा नइ होवन दिस। अब देखव का होथे। तापमान ,पानी, हवा, मिट्टी के जानकारी के बाद उहां बसे के मंसा पूरा होही के नहीं। फेर आज भी चांद बर लोगन के सोच नइ बदलेहे। आज बहुला चौथ आये आज सब चांद देख के ही उपास तोड़हीं। हमर वैज्ञानिक मन ल बहुत-बहुत बधाई।

**सुधा वर्मा**

# सदी के महान आचार्य : डा. राधाकृष्णन

सत के पुजारी हरेक मनखे ला अपन हिरदे म एक मठ बनाना चाहि अऊ दिन म कम से कम एक बेर ओमा बइठ के विश्राम करना चाहि । सत हा लड़इया झगड़इया मन के खिलौना नोहे। जे मनखे हा अपन आत्म ज्योति ला नि जगाय तेला अध्यात्मजगत के दर्शन नि होय। अध्यात्म ह सत खोजइया के जिनगी के कला सुंदरता धरम दर्शन अऊ पूर्णता ला उजागर करथे।

अइसन विचार रखइया भारत के महान दार्शनिक डा. राधाकृष्णन जेकर अनुभूत सत अऊ अध्यामिकता के झलक ऊंखर जीवन म सरलता अऊ दृढ़ कर्तव्यनिष्ठा के रूप म दिखथे। ऊंखर बर प्रकृति आजो कहत हे के राधाकृष्णन एक महामानव, युगऋषि अऊ बीसवीं सदी के महान आचार्य रिहिन। अइसे तो दुनिया म बहुत झन शिक्षक मन राष्ट्र प्रमुख बनिन फेर राधाकृष्णन जइसे न तो अमेरिकी राष्ट्र प्रमुख उडरो विल्सन रिहिन, न तो चेकोस्लावाकिया प्रमुख जान सामरिक न आयरलैंड के राष्ट्रपति डीलेबेरा। शिक्षक दार्शनिक अऊ राजनीतिज्ञ राधाकृष्णन जी हा 12 मई 1962 के राष्ट्रपति पद के शपथ लेके गुरूता ला महिमामंडित करिन।

सन् 1908 ले 1948 माने चालीस बछर तक ऊंखर शिक्षकीय जीवन के लाभ न केवल भारत बल्कि विश्व के बहुत अकन देश मन निर्बाध पइन । 1908 ले 1927 तक प्रेसीडेंसी कालेज मद्रास म व्याख्याता , 1918 ले 1921 तक मैसूर के महाराजा कालेज म दर्शन के प्रोफेसर , 1922 ले 1930 तक पोस्ट ग्रेजुएट कौंसिल इन आर्ट्स के अध्यक्ष , 1931 ले 1935 तक आंध्र विश्वविद्यालय के कुलपति ,सन् 1936 ले 1948 तक हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति के गुरूतर भार ला घला आपे सम्हालेव ।

एक मनखे हा एके समे म दो बड़े देश के दो बड़का विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हो सकत हे। यहू अपूर्व घटना आय। 1932 ले 1940 तक आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय म स्पालडिंग चेयर आफ ईस्टर्न रिलीजन एंड एथिक्स के प्रोफेसर रिहिन संगे संग कलकत्ता विश्वविद्यालय में घला दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर के रूप म व्याख्यान देवत रिहिन। भारत के महान सपूत के विशिष्ट गरिमा हा तब जादा चर्चा म अइस जब ओमन पश्चिम के चकाचौंध ले बिगन प्रभावित होय विदेश पढ़े बर निही बल्कि पढ़ाए बर जा के अपन संकल्प ला पूरा करिन। दार्शनिक राधाकृष्णन जी हा भारत के निर्माण भारतीय तत्व ले करे म विश्वास करयं। ओमन सिद्ध करिन के भारत न केवल अतीत म बल्कि आजो घला पूरा विश्व ला मार्गदर्शन दे के क्षमता रखथे। विश्वगुरू पद के सम्मान ला भारत के सम्मान के रूप म स्वीकार करके भारत के भविष्य निर्माता शिक्षक मन के प्रति आदर व्यक्त करिन। भारत के महामहिम राष्ट्रपति पद म बइठे के पाछू लोगन जब उंखर जन्मदिन मनाय के इच्छा व्यक्त करिन। तब अपन आप ला शिक्षक के रूप म सुरता रखना पसंद करिन अऊ अपन जन्मदिन 5 सितम्बर ला शिक्षक दिवस के रूप म मनाय बर स्वीकृति दीन। शिक्षा अऊ शिक्षक के आदर ऊंखर कृत्य म हमेशा झलकय।



**सन् 1908 ले 1948 माने चालीस बछर तक उंखर शिक्षकीय जीवन के लाभ न केवल भारत बल्कि विश्व के बहुत अकन देश मन निर्बाध पइन। 1908 ले 1927 तक प्रेसीडेंसी कालेज मद्रास म व्याख्याता, 1918 ले 1921 तक मैसूर के महाराजा कालेज म दर्शन के प्रोफेसर , 1922 ले 1930 तक पोस्ट ग्रेजुएट कौंसिल इन आर्ट्स के अध्यक्ष, 1931 ले 1935 तक आंध्र विश्वविद्यालय के कुलपति ,सन् 1936 ले 1948 तक हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति के गुरुतर भार ला घला आपे सम्हालेव।**

डा. साहेब ला संत दीक्षिसार ले अध्ययन अऊ अध्यापन के प्रेरणा मिलिस । सनातन धर्म के उन्नायक स्वामी विवेकानंद के अद्भुत साहस अऊ सक्रियता ले आप विशेष प्रभावित रिहिन। खुद म कुशाग्रता और विलक्षणता तो रहिबे करे रिहिस।

जगा-जगा के विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह म उनला उद्‌बोधन बर बलावंय तब उन कहयं - सम्प्रति यथेच्छसि तथा कुरू यथेष्ट बरतो - सामाजिक दर्शन ला अध्यात्म के सार्वभौमिक सत्य अऊ मानवीय मूल्य के रूप म ग्रहण करके इही रूप म आप छात्र मन ला शिक्षा देवत रिहिन। उंकर व्याख्यान सुने के पाछू शिष्य मन कहयं के हमर प्रोफेसर विलक्षण हे। कोन्हो उनला मोस्ट वंडरफूल कहयं। छात्रमन हा उनला.. सुचिता अऊ पवित्रता के प्रतिमूर्ति मानय भागवत धर्म स्वरूप लगय ओमन सबो ला।

गुरू शिष्य के बीच आत्मिक सम्बंध रिहिस। जब डा. साहेब हा कलकत्ता ले मैसूर जाय के निश्चय करिन तब उहां के छात्र मन अपन आप ला अनाथ महसूस करे लगिन। युवा विद्वान प्रोफेसर डहर लइका मनके अगाध श्रद्धा अऊ प्रेम सागर बन उमड़ परिस। विदा होय के बेर उंकर गाड़ी इंचे बर होड़ लग गिस। गुरू बर घला अपूर्व क्षण रिहिस । जेती ले उंकर गाड़ी गुजरिस .. विस्मित देखइया मन अचम्भित निहारे लागिन । अकल्पनीय पल रिहिस। एक समे रिहिस जब राष्ट्रनायक मन सैनिक राजनैतिक अऊ आर्थिक रूप ले लोगन ला दबावत चपकत रिहिन तब विश्व समुदाय म भय संसय अऊ अशांति व्याप्त हो चुके रिहिस। समाधान खोजइया म केम्ब्रिज विश्वविद्यालय के कुलपति के संग हमर डा. साहेब प्रमुख रिहिन । आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय म प्राच्य दर्शन अऊ आधार शास्त्र के स्पालडिंग प्रोफेसर अऊ संयुक्त राष्ट्र शिक्षा विज्ञान अऊ संस्कृति संस्था यूनेस्को के उप प्रमुख रिहिन।

प्राणीमात्र के रक्षा अऊ विश्वसंस्कृति के विकास के संगे संग मानवीय महान लक्ष्य सिद्धि बर ये जरूरी आय के पूरब-पश्चिम सुदूरपूर्व के मध्य पूर्व के प्राचीन भारत ग्रीस स्लाव लेटिन नार्डिक यूरोप उत्तरी अऊ लैटिन अमेरिका के संगे संग विश्व के महान संस्कृति के निश्पक्ष भाव ले अध्ययन करे जाय ओकर सार फल अऊ उपयोगी भिन्नता के रक्षा करत समन्वित निष्कर्ष ला विश्वभर के छात्र मन के स्तर के अनुसार शैक्षिक पाठ्यक्रम म समाहित करे जाना चाहि। नैतिक शिक्षा के द्वारा चरित्रवान अऊ योग्य नागरिक के निर्माण होही तब राजनीति के अपराधीकरण के दुष्परिणाम ले विश्वसंस्कृति ला बचाय जा सकत हे। आक्सफोर्ड म विश्वहित चिंतक मन के बीच म 18 जनवरी 1951 के दिन अइसन विचार रखइया रिहिन श्रद्धेयडा. साहेब ।

काहिरा के प्रेसीडेंट नजीब ले बिदा लेवत किहिन- शक्ति अऊ अधिकार स्थायी नोहे। ओला स्थायित्व तभे मिलथे जब ओकर नैतिक आधार हो ।

उत्तर पश्चिम रेडियो जर्मनी ले बोलत डा. युग किहिन के डा. राधाकृष्णन हा अइसे महान पुल निर्माता पुरूष आय जेकर आवश्यकता आज सर्वाधिक हे। 1939 के लंदन टाइम्स लिटरेरी सप्लीमेंट के सम्पादक हा लिखिन के डा. साहेब हा उच्चतर बौद्धिक सिद्धि पा चुके हे। मार्शल स्टालिन के मत रिहिस के डा. साहेब निडर मनखे महान वक्ता, आदर्श लेखक अऊ श्रेष्ठतम विचारक आयं। साधारण मनखे बर येहा विस्मय जनक जरूर आय फेर निर्विवाद सच घला आय।

गांधी जी घला इँकर कायल रिहिन । अर्जुन रूप म प्रश्न के उत्तर पाय बर राधाकृष्णन जी ला कृष्ण कहयं। मालवीय जी हा उनला मूर्तिमान मानव धर्म कहयं। उंकर बहिनी श्रीमति कृष्णामूर्ति जी कहयं -मोर भाई डा. राधाकृष्णन हा न केवल दार्शनिक आय बल्कि कला मर्मज्ञ साहित्य सर्जक अऊ कला साहित्य ला सक्रिय प्रोत्साहित करइया विश्वमानव संस्कृति के प्रचारक आय। भवभूति हा अइसने प्रकृति पुरूष बर लिखे हे-

ब्रजादपि कठोराणि, मृदुनि कुसुमादपि।
लोकोत्तराणां चेतासि , को हि विज्ञातुमर्हति ॥

**गजानंद प्रसाद देवांगन**
**छुरा**

# संतान प्राप्ति अउ दीर्घायु के कामना के परब : हलषष्ठी

**हमर हिंदू संस्कृति म गाय ल गउ माता के रूप म माने जाथे। इही ल कामधेनु कहे जाथे। ठीक अइसन हे महत्व हमर संस्कृति म भईस के भी हावय। ओकर दूध बलवर्धक होथे, अउ यम देव के वाहन भी इही भईसा हर आय। माता मन के द्वारा इही भईस के दूध से बने चीज के भोग लगाय जाथे अउ यमराज ले दीर्घायु जीवन के कामना करथे। ए प्रकार से ए व्रत हर लंबा उम्र के प्रतीक माने जाथे।**



भाद्रपद के कृष्ण पक्ष के छठ तिथि के दिन मनाय जाथे। ए कमरछठ, हरछठ के नाम से भी जाने जाथे। इही दिन भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता बलराम के जन्म होय रिस। ए कारण इही दिन बलराम के जन्मोत्सव के रूप म भी मनाय जाथे । एकर पूजा हलषष्ठी परब के साथ-साथ इंकर शस्त्र हल अउ मूसल के भी पूजा करे जाथे। इहां ल ध्यान देने के बात ए हावय के हमर देश ह कृषि प्रधान देश आय। जिहां किसान अउ उनकर खेती-बाड़ी म कारज अवईया उपकरण के विशेष पूजा होथे। एकर बिना कोनो भी कृषि कारज ह सम्पन्न नई होवय अउ इही हर भारतीय संस्कृति के रूप म हमन ल दिखाई देथे। अउ सब के प्रतिनिधि के रूप म बलराम जी ल माने जाथे। ओकरे जइसे पुत्र के कामना करत जम्मो माता मन ए व्रत ल रखथें। माता मन ए दिन संकल्प लेके दीवार म भइंस के गोबर से छठ माता के चित्र बनाथे, अउ एकर साथ म गणेश,कार्तिकेय,पार्वती के पूजा करथें। एक छोट अकन तरिया भी बनाय जाथे, जेमा बोईर, परसा अउ काशी के पेड़ ल उगाए जाथे। ओ तरिया म पानी भरे जाथे अउ ओकर तिर बइठ के माता मन छठ के कथा ल सुनथें। ए कथा ह कुछ ए प्रकार से आथे-चंद्रवत नाम के एक धर्मनिष्ठ राजा रहिस ओहर प्रजा के कल्याणार्थ अड़बड़ अकन तरिया खनवाईस पर ओमा पानी नई रहिस, अवइया-जवईया सब प्रजा मन राजा ल भला बुरा कहे लागिन। जब राजा ल ए बात मालूम होइस त ओला अबड़ दुख होइस। उही रात के राजा ल वरुण देव के सपना आथे अउ कथे के -तंय हर अपन इकलौता पुत्र ल बलि देबे त तरिया म पानी हर लबालब भर जाही।

ए बात ल राजा हर अपन सभासद मन ल सुनाइस अउ कहिस के-चाहे जो भी हो जाए मैं अपन पुत्र के बलि नहीं दे सकंव। ए बात ल ओकर पुत्र ल पता चल जाथे ओ हर धर्म के मर्यादा और प्रजा के हित के लिए अपन आप ल बलि देय के स्वयं तरिया म जा बइठथे। जइसे ही ओहर तरिया म बइठस ओइसने ही तरिया ह पानी म भर जाथे। अपन इकलौता पुत्र के बलि से राजा अड़बड़ दुखी हो के ओहर जंगल तरफ चल देथे। उहां ओहर देखिस के कुछ स्त्री मन कुछु व्रत करत हावय, राजा ओ करा जा के पूछिस,त ओ स्त्री मन पुत्र के मंगलकामना अउ हलषष्ठी के विधान ल बताइस। तब राजा हर विधि-विधान पूर्वक ए व्रत ल करिस। तब ओकर पुत्र ह जीवित होगे अउ तरिया ले बाहिर आगे। ए प्रकार से माता मन पुत्र के दीर्घायु अउ संतान प्राप्ति के लिए ए व्रत करथें। ए दिन माता मन जे जगह नागर चले रहिथे ओ जगह के फसल से बने व्यंजन के उपयोग नइ करय। इहां उहां तरीया डबरा म अपने अपन जागे पसहर चाउर के उपयोग खीर अउ पांच प्रकार के भाजी बना के ओकर भोग लगा के अपन व्रत ल पूर्ण करथें। भईस दूध के सेवन करे जाथे। भईस के दूध से बने व्यंजन ल ग्रहण करे जाथे।

हमर हिंदू संस्कृति म गाय ल गउ माता के रूप म माने जाथे। इही ल कामधेनु कहे जाथे। ठीक अइसन हे महत्व हमर संस्कृति म भईस के भी हावय। ओकर दूध बलवर्धक होथे, अउ यम देव के वाहन भी इही भईसा हर आय। माता मन के द्वारा इही भईस के दूध से बने चीज के भोग लगाय जाथे अउ यमराज ले दीर्घायु जीवन के कामना करथे। ए प्रकार से ए व्रत हर लंबा उम्र के प्रतीक माने जाथे।

**अशोक पटेल आशु. तुस्मा,शिवरीनारयण**

# लोक संगीत सम्राट : खुमान साव

**दाऊ रामचंद्र देशमुख ह रेडियो म खुमान साव अउ ऊंकर कलाकार मन के गीत ल सुनिस त साव जी ल अपन गांव बघेरा बुलाइस। वो समय दाऊ जी ह छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार मन ल सकेल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उदिम करत रिहिस। साव जी ह दाऊ रामचंद्र देशमुख द्वारा स्थापित चदैनी गोंदा म हारमोनियम वादक के रूप म जुड़गे। चदैनी गोंदा म साव जी ल अपन प्रतिभा देखाय के सुग्घर मौका मिलिस।**

कोनो भी अंचल के संस्कृति वो क्षेत्र के पहिचान होथे. येमा वोकर आत्मा ह वास करथे। जब अपन संस्कृति ल जन मानस समाज ह कोनो मंच म प्रस्तुति के रूप म देखथे त ऊंकर हिरदे म गजब उछाह भर जाथे। ढाई करोड़ के आबादी वाला हमर छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति के अलगे पहिचान हे। येला जन-जन तक बिखेरे म जउन महान कलाकार मन के हाथ हे वोमन म स्व. दुलार सिंह साव मंदराजी, स्व. दाऊ रामचंद्र देशमुख, स्व. महासिंह चन्द्राकर, स्व. हबीब तनवीर, स्व. देव दास बंजारे, स्व. झाड़ू राम देवांगन,तीजन बाई, स्व. केदार यादव, स्व. लक्ष्मण मस्तुरिया,स्व.शेख हुसैन, झुमुक दास बघेल, निहाई दास मानिकपुरी, ममता चन्द्राकार, कविता वासनिक, पूना राम निषाद, लालू राम साहू, स्व. मदन निषाद, स्व. गोविन्द निर्मलकर, माला मरकाम, फिदा बाई मरकाम, सूरुज बाई खांडे, चिन्ता दास बंजारे, रामाधार साहू, दीपक चन्द्राकार, शांति बाई चेलक, स्व. भैया लाल हेड़ाऊ,स्व.गंगा राम शिवारे, बद्री विशाल यदु परमानंद,शिव कुमार तिवारी, मिथलेश साहू, घुरवा राम मरकाम, डॉ. पीसी लाल यादव, शिव कुमार दीपक, नवल दास मानिकपुरी अउ संगीतकार श्रद्धेय स्व. खुमान साव के नांव ल आदर के साथ लेय जाथे। स्व. साव जी ह अपन साधना के बल म छत्तीसगढ़ी लोक संगीत ल खूब मांजिस। हमर लोक गीत ल पश्चिमी अउ फिल्मी संस्कृति ले बचा के माटी के खुशबू ल बिखेरिस। खुमान साव ह छत्तीसगढ़ के नामी कवि अउ गीतकार मन के गीत ल संगीतबद्ध कर के चंदैनी गोंदा के मंच म प्रस्तुति दिस।

छत्तीसगढ़ी गीत संगीत बर समर्पित खुमान साव के जनम 5 सितंबर 1929 म राजनांदगॉव के खुर्सीटिकुल (डोंगरगॉव) म होय रिहिस। बाद म ठेकवा (सोमनी )म बसगे। वोकर बाबू जी के नांव टीकमनाथ साव रिहिस। खुमान ल लोक गीत- संगीत के घर म सुग्घर वातावरण मिलिस काबर कि वोकर बाबू जी ह हारमोनियम बजाय। लइका खुमान ह घर म हारमोनियम बजाय म धियान लगाय। फेर वोहा रामायण मंडली म हारमोनियम बजाय ल शुरु करीस। खुमान ह नाचा के भीष्म पितामह स्व. मंदराजी दाऊ के मौसी के बेटा रिहिस। मंदरा जी दाऊ ह खुमान ल हारमोनियम बजाय बर प्रोत्साहित करे. खड़े साज म वोहा पहिली बार 13 साल के उमर म बसन्तपुर (राजनांदगॉव) के नाचा कलाकार मन सँग हारमोनियम बजइस. मंदरा जी दाऊ द्वारा संचालित रवेली नाचा पार्टी म वोहा 14 साल के उमर म शामिल होगे. वो हर नाचा म हारमोनियम म लोक धुन के सृजन कर छत्तीसगढ़ के माटी के महक ल बिखेरे के जब्बर काम करिस। साव जी ह बीए तक शिक्षा प्राप्त करे रिहिस। वोहर म्युनिसिपल स्कूल राजनांदगॉव म शिक्षक रिहिस।

साव जी ह सन् 1950-51 म राजनांदगॉव म आर्केस्टा पार्टी घलो चलाइस। छत्तीसगढ़ के कतको शहर के संगेसंग महाराष्ट्र अउ मध्यप्रदेश म आर्केस्टा के प्रस्तुति दिस। धीरे से वोकर मन ह आर्केस्टा डहर ले उचटगे। 1952 म सरस्वती कला मंडल के गठन करीस। खुमान साव जी के प्रतिभा ल देखके दाऊ रामचंद्र देशमुख ह अब्बड़ प्रभावित होगे रिहिस। 1952 म दाऊ रामचंद्र देशमुख के गांव पिनकापार (बालोद )म मंडई के समय म नाचा होइस। ये कार्यक्रम म देशमुख जी हा साव जी ल हारमोनियम बजाय बर बुलाइस। 1953 म घलो अइसने होइस। ये कार्यक्रम के अइसे प्रभाव पड़िस कि रवेली अउ रिंगनी नाचा पार्टी के विलय होगे। काबर कि येमा रवेली अउ रिंगनी पार्टी के संचालक मन ल छोड़ के बाकी नामी कलाकार मन ह आमंत्रित होय रिहिस हे। लोक संगीत अउ कला डहर कुछ अलग काम करे के इच्छा के सेति वोहा 1960 म शिक्षक सांस्कृतिक मंडल के गठन करिस। येमा भैया लाल हेडाऊ, गिरिजा सिन्हा, रामनाथ सोनी जइसे बड़का कलाकार मन शामिल होइस।

साव जी ह सबले पहिली स्व. रामरतन सारथी के 3 गीत मोला मइके देखे के साध, सुनके मोर पठौनी परोसिन रोवन लागे, सोन के चिरइया बोले ल लयबद्ध करिस। 1971 म आकाशवाणी रायपुर म वोकर संगीत निर्देशन म गाना रिकार्ड होइस। भैया लाल हेड़ाऊ अउ दूसर कलाकार मन ह गीत गाइस।

दाऊ रामचंद्र देशमुख ह रेडियो म खुमान साव अउ ऊंकर कलाकार मन के गीत ल सुनिस त साव जी ल अपन गांव बघेरा बुलाइस। वो समय दाऊ जी ह छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार मन ल सकेल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उदिम करत रिहिस। साव जी ह दाऊ रामचंद्र देशमुख द्वारा स्थापित चंदैनी गोंदा म हारमोनियम वादक के रूप म जुड़गे। चंदैनी गोंदा म साव जी ल अपन प्रतिभा देखाय के सुग्घर मौका मिलिस। चन्दैनी गोंदा के प्रसिद्धि म संगीत पक्ष के गजब रोल रेहे हे। येकर श्रेय खुमान साव ल जाथे जउन ह अपन साधना के बल म नामी कवि /गीतकार लाला फूलचंद, द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र, रविशंकर शुक्ल, पवन दीवान, प्यारे लाल गुप्त, कोदू राम दलित, राम रतन सारथी, लक्ष्मण मस्तुरिया के गीत ल संगीतबद्ध करके चंदैनी गोंदा म प्रस्तुति दिस. साव जी ह मोर संग चलव रे..., धन धन मोर किसान, घानी मुनी घोर दे, छन्नर छन्नर पैरी बाजे, चिटिक अंजोरी निर्मल छइंहा, मोर धरती मइया जय होवय तोर, पता ले जा रे गाड़ी वाला, बखरी के तुमा नार बरोबर, मोर खेती खार रुमझुम जइसे कतको छत्तीसगढ़ी गीत ल संगीत दिस ये गीत मन हा अब्बड़ लोकप्रिय होइस अउ आजो जनता के जुबान म बसे हे. छत्तीसगढ़ी लोकगीत गौरा गीत, सुवा गीत, बिहाव गीत, करमा ये मन ला लयबद्ध करे म ऊंकर गजब योगदान हवय।

इही बीच एक नव जवान कवि ह अइस अउ साव जी ल नइ पहिचान पाइस। हमर मन ले वो नौजवान कवि ह पूछे लागिस कि ये सामने म खड़े हे वोहा कोन हर? मेहा साव जी के परिचय बताय बर अपन जबान खोलत रेहेंव त साव जी ह मोला रोक दिस अउ ओकर से पूछिस कि पहिली तैं ह बता तैंहा कोन गांव के हरस।. नौजवान सगवारी ह बोलिस- मेहा बघेरा (दुर्ग) के रहवइया अंव।

साव जी ह बोलिस कि- तैंहा बघेरा के हरस तब तो मोला तोला जानेच ल पड़ही अउ मोर नांव नइ बता पाबे त तोला मारहू किहिस।. ये बात ल सुनके वो नौजवान ह सकपकागे! वइसे मेहा साव जी के अख्खड़ स्वभाव ले परिचित रेहेव त देरी नइ करत वोला बतायेंव कि- यह महामानव चंदैनी गोंदा के संचालक आदरणीय खुमान साव जी हरे। अइसन सुनके वोहा तुरते साव जी ल पयलगी करिस। जे साव जी ह वोला मारहू केहे रिहिस वोहा वोकर मुड़ी म हाथ रखके आशीर्वाद प्रदान करिस। ये प्रसंग म हमन मुस्कात रहिगेन।

फेर साव जी ह नम्र स्वभाव ले वोकर से किहिस कि - तैंहा बघेरा रहिथो केहेस तेकर सेति केहेंव कि मोला जाने ल पड़ही फेर वो नौजवान ल पूछिस कि दाऊ रामचंद्र देशमुख जी ल जानथस? विश्वंभर यादव मरहा जी ल जानथस? त वोहा किहिस कि- हव दूनों ल जानथव।

साव जी ह बोलिस कि महू ह दाऊ रामचंद्र देशमुख जी के घर रिहर्सल मा आंव जी। तेकर सेति तोला केहेंव रे बाबू कि मोला तोला जाने ल पड़ही। ये घटना ले पता चलथे कि साव जी ह नारियल जइसे ऊपर ले कठोर जरूर दिखय पर अंदर ले गजब नरम स्वभाव के रिहिस।

वर्ष 2016 म 87 साल के साव जी के चयन संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार -2015 बर चयनित होय के खुशी म साकेत साहित्य परिषद् सुरगी द्वारा नागरिक अभिनंदन करे गिस। 2015 अउ 2016 म सम्मानित होय के बेरा म साव जी ह किहिस कि - मोला जनता से जउन सम्मान मिलथे उही मोर बर सबले बड़का सम्मान हरे। आज तक मेहा राज्य सम्मान अउ पद्म श्री बर आवेदन नइ करे हवं न अवइया बेरा म करव! हां शासन ह खुद मोला सम्मान देना चाहत हे त दे सकथे। छत्तीसगढ़ के लाखो जनता के प्रेम ह मोर बर सबसे बड़े पुरस्कार हरे।

हमर छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के अइसन महान कलाकार ह 9 जून 2019 के दिन 89 साल के उमर म ये दुनियां ल छोड़ के स्वर्गवासी होगे।

**-ओमप्रकाश साहू अंकुर सुरगी, राजनांदगॉव**

## तोर सुरता म

तोर नाव के चिंन्हा
मैय पहिरे हव हाथ म
मया देवत अउ मया लेवत
रहिबो संगे संग साथ म
कोइली कस मीठ मीठ बोली
सुग्हर लगथे तोर बात म
रद्दा निहारत अगोरा करहूं
घर के मुहाटी आट म
तोर सुरता म नींद नि आवय
सुते दसना अउ खाट म
अंधियारी रतिहा रात जगाथे
जागत रहिथव मैय रात म!!

**सोनु नेताम माया**
**रुद्री नवागांव धमतरी**

देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

रविवार 3 सितंबर 2023

उल्टा पुल्टा

महिला- डॉक्टर साहब, मेरे पति नींद में बातें करने लगे हैं! क्या करूँ?
डॉक्टर- उन्हें दिन में बोलने का मौका दीजिए!




# स्कूल जा रहे भाई बहन को हाइवा ने कूचला,मौत

## आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम

## सिरगिट्टी बन्नाक चौक की घटना

## ट्रक मालिक ने 5 लाख और प्रशासन दिए 50 हजार





**बिलासपुर,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। शनिवार की सुबह साइकिल चलाते स्कूल जा रहे भाई बहन को तेज रफ्तार हाइवा ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया। सिरगिट्टी पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सिरगिट्टी क्षेत्र के नयापारा वार्ड नंबर 12 में रहने वाला लालू केवट किराना दुकान चलाते है। उसके भांजी भावना केवट कक्षा दसवी पढ़ती थी और भांजा आयुष केवट कक्षा सातवी सिरगिट्टी के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करता था। रोज की तरह दोनों भाई बहन सुबह सात बजे साइकिल से बन्नाक चौक स्थित सरकारी स्कूल जा रहे थे। दोनों बच्चे पेट्रोल पंप के पास जैसे ही मोड़ पर पहुंचे। उसी समय एक तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों भाई बहनों की मौके पर ही मौत हो गई।सड़क हादसे के तुरंत बाद हाइवा का ड्राइवर फरार हो गया। हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के पिता की भी कुछ साल पहले मौत हो चुकी है।

से बच्चे अपनी माँ के साथ मामा के घर पर रहते थे। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोग वहां पहुंचे। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। परिवार वालों और ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

### पंचर दुकान हटाने की मांग

आक्रोशित लोगों ने पास ही में स्थित टायर पंचर बनाने वाले दुकान को हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि मोड़ के पास ही पंचर बनाने की दुकान है। जिससे सभी वहां गाड़ी खड़ी कर देते हैं। जिससे दूसरी तरफ से आने वाले लोगों को सामने की तरफ से गाड़ी आने का पता नहीं चल पाता। जिससे इस तरह की घटनाएं होती है। फिलहाल ग्रामीणों के चक्काजाम को देखते हुए मौके पर थाना प्रभारी और तहसीलदार पहुंचे। परिजन को समझाया तब जाकर शांत हुए। आक्रोशित भीड़ ने पंचर दुकान हटवाने, स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की।

# पथरिया व बोदरी में आप ने निकाली बदलाव यात्रा

**बिलासपुर ,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी का नगर पंचायत पथरिया एवं बोदरी में बदलाव यात्रा निकाली गई जिसमें प्रदेश के सह प्रभारी गैरी बेरिंग जी शामिल हुए। आम आदमी पार्टी बिल्हा विधानसभा के नगर पंचायत पथरिया एवं बोदरी से बदलाव यात्रा की शुरुआत की है। जिसमें पंजाब विधायक गैरी बिरिंग और प्रदेश कोषाध्यक्ष जसबीर सिंग उपस्थित रहे । इस बदलाव यात्रा को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा ।जनता कांग्रेस और भाजपा के ढुलमुल रवैया से तंग आकर आम आदमी पार्टी को आशा-भरी नजरों से देख रही है। बदलाव यात्रा की रैली नगर पंचायत पथरिया के तहसील से बाजार चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड पहुंचे फिर वहां से महामाया गेट के पास गैरी बिरिंग ने जनता हो संबोधित करते हुए कहा कि इस बार प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बन रही है। इसी प्रकार बोदरी में शुभ रेजिडेंसी से राम मंदिर तक शाम 4.30 बजे बदलाव यात्रा निकाली गई एवं राम मंदिर के पास बाजार में गैरी बेरिंग जी एवं सरदार जसबीर सिंह ने आम जनता एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी की प्रदेश सचिव प्रियंका शुक्ला, प्रदेश कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंग, ब्लॉक अध्यक्ष रवि यादव ,खगेश केंवट, मनोज जांगड़े, संजय गढ़ेवाल, बसंत पठारी, संजय श्रीवास,गीता देवी सर्कल प्रभारी सागर ठाकुर,शेष नारायण, जगदीश विश्वकर्मा, संतोष वर्मा, महेश वर्मा , जेठू प्रसाद घृतलहरे, आजू भास्कर, शिव दुबे , प्रेम प्रकाश घृतलहरे , खिलेश्वर कैवर्त, जंतराम पात्रे , संतोष यादव ,वेदराम पाटले ,राजेंद्र नवरंगे , कदीर शेख ,कुंजबिहारी कोसले ,करण खत्री ,सुखचंद कोसले ,मंजू जांगड़े ,लेखराम साहू,साधराम यादव, घासी कैवर्त, संत कुमार सोंद्रे ,कृष्णा कुमार कश्यप ,रजनीकांत कुर्रे ,शिखर टुटेजा ,भागवत साहू ,शंकर कश्यप ,चन्द्रकुमार साहू ,मनप्रीत कौर ,हीरो सोनवानी और धर्मदास भार्गव , योगेश बंजारे, सर्कल प्रभारी हरि सिंग निषाद, योगेश बंजारे, धनेश यादव, आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### गांव मे शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग



**बिलासपुर ,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। कोटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तुलुफ में आज़ाद युवा संगठन की बैठक रखी गई। बैठक मे पंचायत की मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की बातों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से आज़ाद युवा संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी के अलावा श्रीमती अमेरिका बाई,गंगोत्री बाई,अंजोरा बाई,रेखा,दुलावरिन बाई,सुरेशकुमार,रामावतार,सहदेव,राधीन बाई,द्रोपती,उर्मिला बाई गोड़,कलिंदरी निषाद,केवरा बाई पैकरा,नन्दनी बाई राज,दशमत बाई मनिकपुरी,कुमारी बाई उइके आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

### संध्या चंद्रसेन को दिल्ली में मिला चैरिटी एक मिशन का राष्ट्रीय सम्मान



**बिलासपुर ,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की सचिव संध्या चंद्रसेन को समाज सेवा के लिए दिल्ली की संस्था सुरीत इवेंट्स फाउंडेशन ट्रस्ट ने चैरिटी एक मिशन का राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया है। गौरतलब है कि संध्या चंद्रसेन ग्यारह वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। नर्सिंग के बच्चों को प्रशिक्षित करने के साथ ही संध्या चंद्रसेन पिछले तीन वर्षों से स्वयंसेवी ग्रामीण महिलाओं को झाड़ू, टोकरी, जूट बैग, साबुन, शेम्पू, दंतमंजन, फिनाइल और फलों से आईसक्रीम का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने में महती भूमिका निभा रही हैं। संध्या चंद्रसेन इसी वर्ष दिल्ली में चार कदम फाउंडेशन की ओर से समाज सेवा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं ।

### 23 वर्ष की आयु में सीए पास करने पर शुभम को समाज ने किया सम्मानित



**बिलासपुर ,** 2 सितंबर ( देशबन्धु) । अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट पंजीकृत ने कसौंधन वैश्य समाज के होनहार सी.ए. शुभम गुप्ता ( चार्टर्ड एकाउंटेंट) (पिता - कृष्णा गुप्ता) को 23 वर्ष की उम्र में सी ए की परीक्षा उत्तीर्ण करने के प्रथम प्रयास पर इन्हें मेधावी रत्न सम्मान समारोह में इनकी उपलब्धि पर प्रशस्ति पत्र एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व बिलासपुर जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2022-23 में कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज के शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योग्यता जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर एकाउंटेंट, गोल्ड मेडलिस्ट, पी.एच.डी., नीट, सॉफ्टवेयर इंजीनियर व इंजीनियरिंग में चयन सहित अन्य कई क्षेत्रो में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले समाज के सभी वर्ग के प्रतिभाओं को पुस्कृत किया जाएगा। रमेश गुप्ता ने बताया कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना हम सबका परम् कर्तव्य है। शिक्षित व सशक्त समाज से ही विकासशील देश का निर्माण किया जा सकता है। इसलिए प्रतिभाओं को मंच पर पालकों के समक्ष सम्मानित करने का बीड़ा उठाया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ किशोरीशरण गुप्ता, श्रीमती निशा गुप्ता, रशेष गुप्ता, रमेश गुप्ता, शुभम गुप्ता, परिवारजन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बाइक चोर गिरोह पकड़ाया



## तीन आरोपियों से 5 बाइक बरामद

## रैकी कर चोरी की वारदात को देते थे अंजाम

**बिलासपुर,** 2 सितंबर ( देशबन्धु) । सिविल लाइन पुलिस ने बाइक चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने तीन आरोपियों से पांच बाइक बरामद किया है।

सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सजय कौशले पिता कृष्ण कुमार कौशले निवासी गजीया नवागांव जिला मुंगेली हा0 मु0 विरेन्द्र गहवई का मकान नर्मदा नगर ने रिर्पोट दर्ज कराया कि 27 अगस्त को रात्री करीब 23-50 बजे से के बजे के बीच घर के सामने नर्मदा नगर में अपनी मो0 सा0 अपाचे क्र0 सीजी 10 ए क्यू 1800 के चोरी होने पर अपराध क्र 812/2023 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध किया गया। इसी तरह दिनांक 31 अगस्त को शाम करीब 07-30 बजे प्रार्थी बबलू जोशी पिता संजू सिंह उम्र 37 साल निवासी नागदौने कॉलोनी बिलासपुर के एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 ए यू 4508 के चोरी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। 31 अगस्त को शाम करीब 06-00 बजे प्रार्थी महफुज खान पिता मसूर खान उम्र 23 साल सा0 यदुनंदन नगर तिफरा ने रिर्पोट दर्ज कराया कि मेरे दुकान में काम करने वाले शुभम मेरे एक्टीवा क्र0 सीजी 10 वाय 5181 से राजीव गांधी चैक गया था जहां से चोरी हो गई कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 827/2023 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के द्वारा मोटर सायकल चोरो को पकडने हेतू कडे निर्देश प्राप्त हुये थे। कि मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ लड़के चोरी कि मोटर सायकल लेकर घूम रहे है कि सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार आर्य के नेतृत्व में उक्त संदेहियो को पकड कर कडाई से पूछताछ किया गया जो सिविल लाईन क्षेत्र में कुछ मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किये।

आरोपी 1 मृगेन्द्र उर्फ मानव मिरी 2 आदित्य मिरी 3 भागवत जयसवाल के कब्जे से 1- मो0 सा0 अपाचे क्र0 सीजी 10 ए क्यू 1800 2- एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 ए यू 4508 3- एक्टीवा क्र0 सीजी 10 वाय 5181 को थाना सिविल लाईन के अपराध में जप्त किया गया है एवं अन्य दो मोटर सायकल को धारा 41-1-4 जाफौ 379 भादवि में आरोपियो के कब्जे से जप्त किया गया है आरोपियो के कब्जे से कुल 05 नग मोटर सायकल जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# आबकारी आरक्षक के स्थानांतरण आदेश पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक



**बिलासपुर ,** 2 सितंबर ( देशबन्धु) ।आबकारी आरक्षक की याचिका पर सुनवाई के बाद छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने स्थानांतरण आदेश पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि बीते आठ महीने के अंतराल में राज्य शासन ने तीन बार स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।बिलासपुर निवासी नवनीत पांडेय अधविक्ता अभिषेक पांडेय व अधिवक्ता घनश्याम शर्मा के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। दायर याचिका में कहा है कि कार्यालय सहायक आयुक्त, आबकारी, बिलासपुर में आबकारी आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। 17 अगस्त 2023 को सचिव, आबकारी विभाग, रायपुर द्वारा उनका तबादला बिलासपुर से जिला गौरेला -पेंड्रा -मरवाही कर दिया गया।

लगातार याचिकाकर्ता के स्थानांतरण से उसका परिवार एवं बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष यह भी कहा कि बिना किसी ठोस कारण के लगातार स्थानांतरण से कर्मचारियों को मनोबल भी गिरता है और मन में निराशा का भाव भी जागता है। अधिवक्ता ने कोर्ट को यह भी जानकारी दी कि सचिव, आबकारी विभाग, रायपुर द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश में इस तथ्य का कही पर भी उल्लेख नहीं है कि ऐसी कौन सी प्रशासनिक आवश्यकता है कि याचिकाकर्ता का बार-बार स्थानांतरण करना पड़ रहा है । मामले की सुनवाई छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के सिंगल बेंच में हुई। याचिका की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट न सचिव आबकारी विभाग, रायपुर के स्थानांतरण आदेश पर रोक लगा दी है।

# घोषणा पत्र के सुझाव के लिए आम जनता के बीच पहुंचे भाजपाई



**बिलासपुर ,** 2 सितंबर(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी को मजबूती देने लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। साथ ही शहर की गलियों में घूम-घूमकर, डोर टू डोर पहुंचकर चुनावी घोषणा पत्र के लिए जनता से सुझाव भी मांग रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता अपने साथ एक सुझाव पेटी भी रखे हुए हैं। जनता लिखित में अपना सुझाव दे रही है। जिसे पेटी में डाला जा रहा है।बताया जा रहा है कि इन सुझावों को जल्द ही राजधानी रायपुर भेजा जाएगा। भाजपा के नेता इन्हीं सुझावों के माध्यम से चुनावी घोषणा पत्र तैयार करेंगे। यह केवल मस्तूरी विधानससभा में ही नहीं बल्कि अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी किया जा रहा है। भाजपा के अलावा कांग्रेस ने भी छत्तीसगढ़ की जनता से सुझाव मांगा है। इधर, जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है राजनीतिक पार्टियों के दिग्गज नेताओं का बिलासपुर दौरा भी लगातार हो रहा है। इसी तारतम्य में आज मस्तूरी विधानसभा के वार्ड क्रमांक 42 चंद्रशेखर आजाद नगर व वार्ड 43 बंसीलाल धृतलहरे नगर में किसान मोर्चा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष व डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी के प्रतिनिधि बी पी सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच पहुंचकर चुनावी घोषणा पत्र के लिए उनका सुझाव मांगा टीम देवरीखुर्द मंगल विहार पहुंची।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 2 सितंबर ( देशबन्धु) । बेलगहना पुलिस ने बताया कि पीड़िता चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 27 अगस्त को दोपहर करीब 3 बजे पीडिता को बाजार में आरोपी के द्वारा पीड़िता के हाथ को पकड़कर उसके दुप्पटा को जबरदस्ती खींचकर छेड़छाड़ किया है प्रार्थिया के उक्त लिखित रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। पुलिस ने टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी कलेश्वर सिंह पोर्ते पिता शम्भू पोर्ते उम्र 27 निवासी दारसागर चौकी बेलगहना थाना कोटा जिला बिलासपुर का पतासाजी कर आरोपी को पकड़ा गया।

# पूर्वाग्रह निरपेक्ष व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास एनएसएस की गौरवशाली उपलब्धि -कुलपति

## अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में एक दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**बिलासपुर ,** 2 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्वाग्रह निरपेक्ष व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास एवं दृढ़ संकल्प के द्वारा ग्रामीण भारत की सेवा ही की गौरवशाली उपलब्धि है उक्त उद्गार अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने विश्वविद्यालय स्तरीय रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों के एक दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवा के माध्यम से हम अपने व्यक्तित्व में रूपांतरण करते हैं इससे क्रमशः व्यक्तित्व का विकास होता है विश्वविद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम एवं उपलब्धियों में रासेयो का सहयोग होता है इसके माध्यम से हम युवा भारत तथा वसुधैव कुटुंबकम के सपने को साकार कर सकते हैं। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण द्वारा कार्यक्रम का औपचारिक स्वागत हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक डॉ प्रवीण कुमार पांडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ विमल कुमार पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।




उद्घाटन समारोह डॉ मनोज कुमार सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक ने सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए अभिमुखीकरण कार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविर के लक्ष्यों, उद्देश्यों एवं कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। प्रथम तकनीकी सत्र में पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ आर के सचदेव ने रासेयो के लक्ष्य उद्देश्य दर्शन एवं रासेयो गीतों पर विस्तृत जानकारी देते हुए लक्ष्य गीत, सद्भावना गीत सहित पांच गीतों का सस्वर अभ्यास करवाया जिसका मूलभूत अभ्यास एवं जानकारी सभी कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को होनी चाहिए। जांजगीर चांपा जिले के रासेयो संगठक प्रोफेसर भूपेंद्र कुमार पटेल ने नियमित गतिविधियों तथा उनके महत्व एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। कोरबा के रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी ने रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर तथा गोदग्राम चुनने की प्रक्रिया एवं वहां आयोजित किए जाने वाले विभिन्न रचनात्मक क्रियाकलापों की पर प्रकाश डाला, साथ ही विशेष शिविर के दौरान रखने वाली सावधानियां तथा उसके कानूनी एवं प्रशासनिक पक्ष की जानकारी दी। बिलासपुर के पूर्व रासेयो जिला संगठक डॉ संजय तिवारी ने आयोजित किए जाने वाले ए बी तथा सी प्रमाण पत्र के दौरान लिखे जाने वाले परियोजना प्रतिवेदन निर्माण तथा उनके विषयों के चयन तथा रासेयो पुरस्कारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा ने रासेयो के सोशल मीडिया के अनुप्रयोग तथा लेखा शाखा के परमेश्वर राठौर ने रासेयो के वित्तीय प्रबंध तथा लेखा बनाने के दौरान सावधानियां एवं बारीकियां की जानकारी दी। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी मुकुल शर्मा ने रासेयो के मीडिया प्रबंधन के अंतर्गत रासेयो की उपलब्धियां को इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया में कैसे प्रचारित प्रसारित करें की विस्तृत जानकारी दी। अंत में राज्य स्तरीय मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ विमल कुमार पटेल ने सभी सत्रों के निष्कर्ष को सर रूप में प्रस्तुत किया तथा कहा की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी संवाद कौशल लेखन कौशल दोनों में दक्ष होते हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी मुकुल शर्मा तथा आभार ज्ञापन युपेश चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में जिला संगठक के संगठक डॉ श्रीमती क्रांति अंचल, मुंगेली के नरोत्तम पुरले विश्वविद्यालय के बिलासपुर मुंगेली तथा गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के 120 से अधिक कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में रासेयो प्रकोष्ठ के विनोद कौशिक, भूपदेव चंद्राकर दाताराम प्रजापति कमला नेहरू महाविद्यालय के स्वयंसेवक देवांश कुमार का सक्रिय सहयोग रहा।

# सार-संक्षेप

## आरई व हरित पहल के लिए एनटीपीसी व ऑयल इंडिया में समझौता




**कोरबा-जमनीपाली**, 02 सितंबर (देशबन्धु)। एनटीपीसी भारत की सबसे बड़ी बिजली उपयोगिता है, जिसकी कुल स्थापित क्षमता 73,024 मेगावाट के साथ बिजली क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला में मौजूद है। ऑयल इंडिया लिमिटेड एक राज्य के स्वामित्व वाली तेल कंपनी है जो अन्वेषण, विकास और के व्यवसाय में लगी हुई है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव, जियोथर्मल और अन्य डीकार्बोनाइजेशन पहल के क्षेत्रों में सहयोग का पता लगाने के लिए 31 अगस्त को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, समझौता ज्ञापन कार्बन पृथक्करण जैसी आगामी डीकार्बोनाइजेशन प्रौद्योगिकियों पर ज्ञान और अनुभव साझा करने की सुविधा प्रदान करेगा।

इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, दो महारत्न दिग्गज, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपने पदचिह्न को बढ़ाने और देश के नेट-जीरो लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए स्थायी समाधानों में प्रवेश करने का इरादा रखते हैं।

एनटीपीसी के सीएमडी श्री गुरदीप सिंह और ओआईएल के सीएमडी डॉ. रंजीत रथ और उनके कार्यात्मक निदेशकों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एनटीपीसी 2032 तक 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने और हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी और ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में कई पहल कर रही है जैसे हाइड्रोजन मिश्रण, कार्बन कैप्चर और ईंधन सेल बसें।

## एमएसडब्लू परीक्षा में माडर्न कालेज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**कोरबा**, 02 सितंबर (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित एम.एस.डब्लू. द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में माडर्न कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले एवं महाविद्यालय का नाम गौरान्वित किया है। एम.एस.डब्लू.-द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में मंजु मानिकपुरी ने 79 प्रतिशत अंक अर्जित कर महाविद्याय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, रीना श्रीवास्तव ने 78.80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा राधिका बंजारे 77.20 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। गजेन्द्र प्रसाद, राकेश कुमार साहू, राजेश जायसवाल तथा सुखसागर ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मंजू मानिकपुरी ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों को दिया है। प्राचार्य डॉ. हाशिम सईद एवं संस्था के उपाध्यक्ष श्रीमती फरहत अहमद ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों को एम.एस.डब्लू पाठ्यक्रम के साथ सामाजिक कार्य करने हेतु एवं स्वयं के एनजीओ की स्थापना हेतु यह पाठ्यक्रम दक्षता प्रदान करता है। इस क्षेत्र में सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्रो में रोजगार के पर्याप्त संभावनायें है।

## डीएव्ही के बच्चों ने वृद्धाश्रम में किया सेवा कार्य



कोरबा, 02 सितंबर (देशबन्धु)। डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा के बच्चों ने शनिवार को सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित प्रशांति वृद्धाश्रम पहुंचकर सेवा कार्य किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती के निर्देशन और खेल शिक्षिका श्रीमती नल्ला विजयलक्ष्मी, खेल शिक्षक धर्मेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में लगभग 100 बच्चों के समूह द्वारा वृद्धाश्रम का भ्रमण कर उपस्थित वृद्ध जनों का सम्मान किया और उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर बच्चों ने वृद्धजनों को फल, बिस्किट, मिक्चर, अनाज, खीर-पूरी का वितरण किया। वृद्धाश्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठजनों की आंखें अपने बीच बच्चों को पाकर चमक उठीं। उन्होंने बच्चों के हाथों विभिन्न वस्तुएं लेकर उन्हें आशीर्वाद और प्यार दिया। बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजनों द्वारा बच्चों को एक गीत सुनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन में विद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों का योगदान रहा।

## लोक नृत्य प्रतियोगिता में न्यू ऐरा स्कूल प्रथम



**कोरबा,** 02 सितंबर (देशबन्धु)। श्री साई निलयम संस्था द्वारा बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल कोरबा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही संस्था को सर्वोच्च सम्मान प्रणवम प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया है। अर्ध शास्त्रीय नृत्य में दृष्या चतुर्वेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छाऊ पर आधारित नृत्य को लोगों ने खूब सराहा। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए आठ समूहों ने भाग लिया। एकल कत्थक नृत्य में आराध्या शर्मा ने तृतीय स्थान एवं युगल नृत्य में सम्हीता घोष एवं द्युती आनंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एकल लोक नृत्य कनिष्ठ वर्ग में स्मृती नायर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आन्या शर्मा ने लोक नृत्य वरिष्ठ वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्रों को शाला की नृत्य अध्यापिका केवरा बरेठ ने प्रशिक्षित किया। शाला के चेयरमैन किशोर कुमार साहू एवं शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी।

# अशोक वाटिका पर भारी वाहनों का साया, आने-जाने में हो रही परेशानी



**प्रदेश के सबसे बड़े उद्यान का अभी-अभी हुआ है लोकार्पण**

**कोरबा**, 02 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे बड़ा उद्यान होने का गौरव कोरबा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में स्थित अशोक वाटिका प्राप्त हो गया है। जिला खनिज न्यास संस्थान न्यास के लगभग 12 करोड़ की लागत से अशोक वाटिका को पूरी तरह से नया कलेवर देकर ऑक्सीजोन के रूप में भी विकसित किया गया है ताकि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के मध्य लोग यहां अपना समय व्यतीत कर शुद्ध हवा में सांस ले सकें लेकिन अशोक वाटिका तक पहुंचना भारी वाहनों के कारण दुष्कर कार्य से कम नहीं साबित हो रहा।

नगर निगम व जिला प्रशासन के लिए अशोक वाटिका एक बड़ी उपलब्धि के रूप में है जो राजस्व मंत्री के प्रयासों से सफल हो सका है। इसके पीछे उद्देश्य यही रहा कि कोरबा शहरवासियों को बढ़ते वायु प्रदूषण से कुछ हद तक निजात दिलाया जा सके और वे ऑक्सीजोन में आकर खुले वातावरण में शुद्ध वायु प्राप्त कर सकें। जिला खनिज न्यास मद के लगभग 1202.73 लाख रूपये की लागत से स्टेडियम रोड स्थित अशोक वाटिका में आक्सीजोन का निर्माण किया गया है।

कई तरह की सुविधाओं के साथ लोकार्पित हुए अशोक वाटिका को लेकर समस्याएं अभी से सामने आनी शुरू हो गई है जिसमें प्रमुख मसला यहां तक पहुंचने का है। अशोक वाटिका जाने के लिए सीएसईबी चौक से होकर या फिर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर जाने वाले आंतरिक मार्ग को ज्यादातर चुना जाता है लेकिन अशोक वाटिका तक पहुंचने से पहले सडक़ के दोनों ओर भारी वाहनों की कतार एवं इनके खड़े रहने के कारण परेशानी होने लगी है। अपने परिवारजनों के साथ आने वालों को भी काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है। लोगों के बीच यह बात आई है कि अशोक वाटिका के मुख्य द्वार से आगे भारी वाहनों को खड़ा कराया जाना सुनिश्चित हो। इसी तरह फाउंटेन भी कई लोगों को चालू हालत में नहीं मिलने से मांग है कि इसे पूरी तरह से चालू कराया जाए ताकि बच्चों को मनोरंजन मिले।

### सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत

अशोक वाटिका में आने-जाने वाले लोगों के बीच से यह बात सामने आई है कि यहां सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। पूरे वाटिका को चारों तरफ से सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जाना जरूरी है ताकि असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके। बताया गया कि यहां दो घटनाएं हो चुकी है जिसमें प्रेमी जोड़े की हरकत को पकड़ा गया और इन्हें सजा के तौर पर काफी देर तक बिठाकर रखा भी गया था फिर माफी मंगवा कर छोड़ा गया। रात के वक्त यह इलाका सुनसान हो जाता है जिसके कारण सुरक्षा को मजबूत करना जरूरी है अन्यथा शराबियों, गंजेडिय़ों व जुआरियों का अड्डा बनते देर नहीं लगेगी। इसके साथ-साथ अशोक वाटिका के खुलने व बंद होने का समय भी निर्धारित किया जाकर सूचना पटल लगाने की आवश्यकता है। उद्यान की देखरेख और साफ-सफाई सहित अन्य निर्देश भी चस्पा होने चाहिए ताकि प्रदेश के सबसे बड़े उद्यान की साख बनी रहे।

### अशोक वाटिका में हैं ये सुविधाएं

सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए पर्यटन, मनोरंजन, स्वास्थ्य, योगा, प्राणायाम व खेलकूद सहित अन्य सुविधाएं ओपन योगा, क्रिकेट ट्राफ (स्पोर्ट्स जोन), गार्डन, लैण्ड स्केपिंग, प्लांटेशन, उद्यानिकी, फाउण्टेन बबर्लर, चिल्ड्रन प्ले एरिया, रेस्टोरेंट (फूड जोन), इलेक्ट्रीशियन स्ट्रीट लाईटिंग एवं डेकोरेटिव लाईट, महिला-पुरूषों के लिए पृथक-पृथक टायलेट सुविधा, वाटरबाडी, बोरवेल सहित पम्प, इंटरनल पानी सप्लाई, बाउण्ड्रीवाल व भव्य प्रवेशद्वार सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं, मूरम जोगिंग ट्रेक, स्टोन फाउण्टेन, पार्किंग एरिया सहित स्टाम्प्ड क्रांकीट इत्यादि का निर्माण कार्य किया गया है। शहरवासियों को स्वास्थ्य, सुंदर एवं आक्सीजोन गार्डन की सौगात इसके साथ मिली है।

## सायकल चालक को बचाते गिरा बाइक सवार

**कोरबा**, 02 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में कोरबा-कुसमुंडा मुख्य मार्ग पर बरमपुर मोड़ से थोड़ी दूर पहले कुसमुंडा खदान जाने वाले मोड पर एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सडक़ पर जा गिरा। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। कुछ राहगीरों ने बताया कि सडक़ पर उड़ रही बेतहाशा धूल की वजह से बाइक सवार एक सायकल चालक को बचाते हुए अनियंत्रित होकर सडक़ पर जा गिरा जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। घायल व्यक्ति के पास उसका ड्राइविंग लाइसेंस मिला है। जिससे उसकी पहचान बांकीमोंगरा निवासी नंद कुमार यादव पिता घासी राम यादव के रूप में हुई है। फोरलेन सडक़ निर्माण के दौरान कई स्थानों पर मिट्टी की वजह से बेहद धूल उड़ रही है जिस वजह से इस मार्ग पर चलने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## कार व बाइक की भिड़ंत में एक की मौत


**कोरबा-पाली,** 02 सितंबर (देशबन्धु)। अंबिकापुर-बिलासपुर एनएच-130 मार्ग पाली के समीप कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं कार में सवार लोगों को चोटें आई है। बाइक को ठोकर मारने के बाद कार डिवाइडर से जा टकराई। मौके पर पहुंची पाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कन्नौजिया समाज ने किया भोजली विसर्जन

**कोरबा**, 02 सितंबर (देशबन्धु)। कनौजिया राठौर सामुदायिक भवन खरमोरा से सर्फिन माता तालाब खरमोरा में भोजली विसर्जन का त्योहार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड 31 की पार्षद अनीता यादव, सीएसईबी महिला मंडल अध्यक्ष शकुंतला राठौर, श्रीमती कनक राठौर अध्यक्ष कनौजिया राठौर नवचेतना महिला मंडल, श्रीमती सुशीला राठौर अध्यक्ष एसईसीएल महिला मंडल ने भोजली मां की आरती की। कार्यक्रम में भोजली मां के श्रृंगार की प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें प्रथम पुरस्कार अर्चना राठौर, द्वितीय रंजीत राठौर एवं तृतीय गीतिका राठौर को दिया गया।

## कालोनी के एक मकान और गैरेज में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा**, 02 सितंबर (देशबन्धु)। पश्चिमांचल के दर्री व दीपका थाना क्षेत्र में कालोनी के एक मकान और गैरेज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।



जानकारी के अनुसार दर्री थाना अंतर्गत पुष्पपल्लव फेस-3 लाटा कालोनी में सामावेदुला सूर्यनारायण निवासरत है जो सीएसईबी पश्चिम से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। 5 अगस्त को वह और पत्नी मकान के दरवाजा में सेंटर लॉक कर तथा चैनल गेट में ताला लगाकर गृहग्राम दुर्गाड़ा आंध्रप्रदेश गए थे। 30 अगस्त को सुबह करीब 11.30 बजे पड़ोसी ज्योति पंडित ने चैनल गेट का ताला लगाने वाला हुक टूटा हुआ और दरवाजा खुला होना बताया।

सूचना बाद 1 सितंबर को रात 1.30 बजे सामावेदुला वापस कोरबा लौटा। उसने घर के भीतर जाकर देखा तो सामान अस्त-व्यस्त और आलमारियों के ताले टूटे हुए मिले। आलमारी के दराज में रखे 45 हजार रुपए नगदी चोरी किया गया था।

इसी तरह दीपका थाना अंतर्गत प्रगति नगर कालोनी में पिछले 15 साल से ऑटो गैरेज का संचालन कर रहे रामरतन यादव पर चोरों का कहर टूटा है। 28 अगस्त को शाम 7 बजे दुकान बंद कर घर ग्राम देवरी चला गया था। 29 अगस्त को सुबह 8 बजे दुकान पहुंचा और ताला तोड़ भीतर गया तो पीछे के हिस्से में मौजूद लोहे के टीन का शटर टूटा हुआ पाया। दुकान के सामान बिखरे मिले। 16 डिब्बा ऑयल, 6 नग चैन एम पैकेट, 10 नग क्वायल, 10 एक्सीलेटर केबल, 8 नग ब्रेक केबल, 20 नग क्लज कव्हर, 30 नग पाना टूल्स, 20 नग अलग-अलग नंबर के बेरिंग सहित अन्य सामान और करीब 15 किलो पुराना कबाड़ यहां से चोरी हो चुका था। करीब 30 हजार रुपए कीमत की चोरी की रिपोर्ट रामरतन ने दीपका थाना में दर्ज कराया है। उक्त सामानों का खरीदी रसीद भी उसे दुकान में नहीं मिला जिससे आशंका जताया है कि उसे भी चोर अपने साथ ले गया होगा।

# पिता की हत्या कर फरार पुत्र को पुलिस ने दबोचा



**कोरबा-कटघोरा,** 02 सितंबर (देशबन्धु)। पिता और पुत्र के मध्य आए दिन होने वाले विवाद की वजह से क्षणिक आवेश में हत्या की वारदात हो गई। पुत्र ने धारदार हथियार से पिता पर जानलेवा हमला कर दिया और चंद सेकंड में वृद्ध पिता की तड़प कर मौत हो गई। हत्या कर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार यह घटना कटघोरा थाना अंतर्गत जटगा पुलिस सहायता केन्द्र के ग्राम पुटुवा में घटित हुई। बताया गया कि पुटुवा के मोहल्ला आमाभांठा में निवासरत 62 वर्षीय अवध सिंह को उसके पुत्र चंद्रभूषण सिंह ने धारदार हथियार से मार डाला। सूचना मिलने उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था जिसे कटघोरा क्षेत्र से हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार को जप्त कर लिया है। घटना की वजह पिता व पुत्र के मध्य संबंधों में तनाव बताया जा रहा है। दोनों के बीच किसी न किसी बात को लेकर आए दिन विवाद होता रहता था और इसी कड़ी में पुन- विवाद होने पर पुत्र ने जानलेवा हमला पिता के गले पर कर दिया। हथियार काफी धारदार होने के कारण गर्दन धड़ से लगभग अलग हो गई। इस मामले में और विस्तृत जानकारी प्राप्त करने मामले के विवेचक एएसआई मंगतूराम से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

### एक साथ खाना खाया

प्रारंभिक पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई कि संपत्ति को लेकर पिता-पुत्र में अनबन चल रही थी और दोनों अलग रहा करते थे। पिता की हत्या करने के मंसूबे से चंद्रभूषण उसके घर पहुंचा था और उसने दोनों के लिए अंडा की सब्जी बनाया। पिता-पुत्र ने इसे खाया लेकिन बातों ही बातों में विवाद बढने् के बाद अपने मंसूबे को अंजाम दे डाला।

## सप्तदेव मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां शुरू



**कोरबा**, 02 सितंबर (देशबन्धु)। सप्तदेव मंदिर के 30वां वर्ष पूर्ण होने पर 7 सितम्बर को कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाने तैयारियां प्रारम्भ हो गई हैं।

विदित हो कि सप्तदेव मंदिर में मनाई जाने वाली कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव छत्तीसगढ़ में मनाई जाने वाली विख्यात जनमाष्टमी उत्सव में से एक है। कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मथुरा एवं वृंदावन की भांति ही मनाई जाती है जिसका नगर के सभी भक्तजनों को इंतजार रहता है। श्री सप्तदेव मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने बताया कि वर्ष 1994 में श्री सप्तदेव मंदिर में देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात से ही कृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने की परम्परा प्रारम्भ हुई एवं प्रथम वर्ष मंदिर में लगभग 5000 से अधिक की संख्या में भक्तगणों की उपस्थिति रही। प्रतिवर्ष मंदिर में भक्तों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इस वर्ष भी पंडालों में भगवान की बाल लीलाओं पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। 6 सितम्बर को दोपहर 4 बजे से 5 बजे तक लडडू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता, 7 सितम्बर को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक श्री कृष्ण बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त प्रतियोगिता तीन चरणों में सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में शिशु कृष्ण बनो में 0 से 2 वर्ष तक के बच्चे, द्धितीय चरण बाल कृष्ण बनो में 2 से 5 वर्ष तक के बच्चे एवं तृतीय चरण राधा कृष्ण बनो प्रतियोगिता में 5 से 10 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकेगें। इसका रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। अधिक जानकारी के लिये मंदिर के मुख्य पुजारियों से संपर्क किया जा सकता है। सप्तदेव मंदिर परिवार ने समस्त भक्तजनों से जन्माष्टमी उत्सव में शामिल होने आग्रह किया है।

## बूथों और शक्ति केंद्र को मजबूत करने हुई बैठक

### गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित मोदी सरकार- लखन




**कोरबा**, 02 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी मंडल दर्री के स्याहीमुड़ी शक्ति केंद्र राजीव नगर बस्ती एवं कोसाबाड़ी के एमपी नगर शक्ति केंद्र की बैठक कोरबा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन की उपस्थिति में हुई। बूथों और शक्ति केंद्र को मजबूत करने तथा प्रत्येक नागरिकों से जनसंपर्क कर केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई।

भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। निश्चित ही मोदी सरकार 9 साल में अनेकों ऐतिहासिक कीर्ति मान स्थापित कर देश को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया। फिर से केंद्र में मोदी सरकार व छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने बूथों और शक्ति केंद्र में जन-जन तक मोदी सरकार की उपलब्धियां और योजनाओं को पहुंचाएं। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष तुलसी ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, अजय विश्वकर्मा, ईश्वर साहू प्रफुल्ल तिवारी, नारायण सिंह ठाकुर, दिनेश वैष्णव, सुमन सोनी, नरेंद्र पटनवार, संजय कुर्मवंशी, अनिल यादव, चंदन सिंह, राजेश सोनी, राजेश राठौर, पंकज देवांगन, रमा मिरी, ज्योति वर्मा, फिरत राम साहू, जितेंद्र यादव, किशोर साहू, रामचरण साहू, बजरंगी प्रजापति, सतीश साहू, छबीली साहू, चंद्रशेखर राठौर, नटवर सिंह, धनसाय निर्मलकर, सरोज सिंह, भगवती निर्मलकर, मुन्नी बाई आदि उपस्थित थे।

# घोषणा पत्र समिति के संयोजक के समक्ष पेटी में डाले अपने-अपने सुझाव

### सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी की मुलाकात



**कोरबा-पाली,** 02 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा सांसद व घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल शनिवार को पाली-तानाखार विधानसभा दौरे पर पहुंचे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पाली, चैतमा मंगल भवन और पोड़ी-उपरोड़ा में आम जनता, सामाजिक जनों, कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न संगठनों से मुलाकात की। छत्तीसगढियों के मन के बात कार्यक्रम के तहत उनसे आगामी विधानसभा चुनाव हेतु घोषणा पत्र जारी करने सुझाव लिए।

सांसद विजय बघेल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कई तरह के आरोप लगाते हुए कहा कि इस बार प्रदेश में कांग्रेस की हार की शुरुवात पाटन से होगी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने घोषणा पत्र में शामिल करने हेतु विषय संबंधी अपने-अपने सुझाव पेटी में डाले। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, विधानसभा संयोजक संजय भावनानी, सह संयोजक अजय जायसवाल, भाजयुमो पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चिंटू राजपाल, जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा कीर्ति कश्यप, सोशल मीडिया जिला संयोजक नवदीप नंदा, जिला पंचायत सदस्य रामनारायण यूरेती, विजय बहादुर जगत, प्रयागनारायण सांडिल्या, पाली मंडल प्रभारी श्याम लाल मरावी, मुरारी जायसवाल, रोशन सिंह ठाकुर, चैतमा मंडल अध्यक्ष कृष्णा यदु, गुरु दयाल सिंह गंभीर, रामविलास जायसवाल, भास्कर कश्यप, जीवन लाल कश्यप, हरीश चावड़ा, कामता डिक्सेना, ज्ञानसिंह राजपाल, हरेंद्र जायसवाल, कृष्णा डिक्सेना, लक्ष्मी कश्यप, बृंदा कश्यप, मुकेश कौशिक, रामकुमार कश्यप, विक्की अग्रवाल, उपेंद्र कश्यप, भूपेंद्र कुर्रे, नवीन कोटरे, दिलीप पटेल, तारकेश्वर पटवा, विशाल मोटवानी, गोविंद पटेल, विधानसभा मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा सहित क्षेत्र भर के कार्यकर्ता सामाजिक संगठन के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### जिला पंचायत सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक संपन्न

**अम्बिकापुर,** 02 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक द्वारा शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समस्त सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमें उनके द्वारा सेक्टर ऑफिसर के कार्य एवं उत्तरदायित्व को विस्तार से बताया गया। सेक्टर ऑफिसर्स को मतदान के पूर्व मतदान केन्द्र के पहुंच मार्ग व मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, मतदान केन्द्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं- भवन की स्थिति, पर्याप्त फर्नीचर, बिजली, पेयजल, शौचालय, रैम्प की जानकारी लेने हेतु सभी सेक्टर अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने के लिये निर्देश दिये गये।

गौरतलब है कि वल्नेरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग की जानी है, इसके लिए सेक्टर अधिकारियों को वल्नेरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी का चिन्हांकन किस प्रकार किया जाना है, यह बताया गया। सभी सेक्टर अधिकारियों को वल्नेरेबिलिटी प्रपत्र- 2, प्रपत्र- 3 में जानकारी भरने हेतु फील्ड भ्रमण कर इनपुट प्राप्त करते हुए जानकारी इकट्ठा कर शीघ्र ही जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिये गये। सेक्टर अधिकारियों को रूट चार्ट के संबंध में भी जानकारी दी गई। मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए उचित वाहन, मतदान केन्द्रों पर मोबाइल कनेक्टिविटी, कम्युनिकेशन प्लान हेतु कर्मचारियों के मोबाईल नम्बर प्राप्त करने के बारे में सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए गये। सेक्टर अधिकारियों की बैठक में अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम श्री रवि राही, सहित जिला स्तरीय अधिकारी, एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने सेल्फ़ी ज़ोन में फोटो क्लिक करके दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**मनेंद्रगढ़** 02 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा शनिवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेंद्रगढ़ में आयोजित स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग, बुजुर्ग, महिला, नागरिकों, स्कूली छात्र और छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के खिलाड़ियों को कलेक्टर श्री दुग्गा ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। चला संगी वोट देहे जाबो और चुनई चिरई के बैनर तले स्वीप जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं के साथ कलेक्टर ने सेल्फ़ी ज़ोन में फोटो खिंचाई। इसके साथ ही केंद्र में बने हुए मतदान संकल्प बोर्ड में सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने मतदाताओं को जागरूक करने स्लोगन लिखा। कलेक्टर श्री दुग्गा ने लिखा कि जिले कि सभी मतदाताओं को मतदान करने का अनुरोध करता हूँ तो वहीं अपर कलेक्टर श्री अनिल सिदार ने लिखा मतदान अधिकार ही नहीं दायित्व भी है इसलिए मतदान अवश्य करें। एसडीएम मनेंद्रगढ़ श्रीमती अभिलाषा पैकरा, जिला पंचायत के नोडल अधिकारी श्री पीके हरित, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय मिश्रा, तहसीलदार श्री नीरज तिवारी, मण्डल संयोजक श्री संजय श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में मतदाता उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ीया ओलम्पिक का आयोजन 4 से

**अम्बिकापुर** 02 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ीया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन 04 एवं 05 सितम्बर को जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के गांधी स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों के 0 से 18, 18 से 40 व 40 से अधिक आयु वर्ग के विकासखण्ड व क्लस्टर के विजेता प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। नगर निगम आयुक्त एवं छत्तीसगढ़ीया ओलंपिक के नोडल श्री अभिषेक कुमार ने सफलतापूर्वक आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन प्रात: 09 बजे से रस्साकशी, लंगड़ी दौड़, 100 मी दौड़, लंबी कूद, रस्सी कूद, पिट्ठूल, फुगड़ी, बिल्लस, गिल्ली डंडा, गेड़ी दौड़ का आयोजन होगा, वहीं दूसरे दिन खो खो, कबड्डी, संखली, बांटी कंचा, कुश्ती, भौरा की प्रतियोगिता होगी।

उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को पत्र जारी कर आदेश जारी किए हैं, जिसमें कहा गया है कि सभी टीमो हेतु प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय क्लस्टर से दल मैनेजर ही टीम लेकर आयेगे। जिन खिलाड़ियों की सूची खेल विभाग को भेजी गई है उसी अनुसार खिलाड़ी जिले में प्रतिभाग करेंगे। यदि किसी प्रकार का परिवर्तन किया गया है तो उसकी जानकारी पंजीयन कक्ष में खेल प्रारंभ होने से पहले देना होगा। प्रत्येक खेल में अलग-अलग आयु वर्ग पूर्व निर्धारित है। अत: खिलाड़ी किसी दूसरे आयु वर्ग में प्रतिभाग नहीं करेंगे। प्रतियोगिता से पूर्व सभी खिलाडियों का व्यक्तिगत पंजीयन फार्म जमा कराना अनिवार्य है। जिसके साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति तथा 02 पासपोर्ट साईज फोटो जमा करना होगा।

### छात्र छात्राओं में वित्तीय साक्षरता और जागरूकता आवश्यक- राव

**मनेन्द्रगढ़** 02 सितंबर (देशबन्धु)। वर्तमान में डिजिटल दुनिया में होने वाले क्रांतिकारी परिवर्तन से शालेय छात्रों को संपूर्ण जानकारी और जागरूक होना आवश्यक हो गया है। क उ मा शाला मनेन्द्रगढ के वाणिज्य के व्याख्याता टी विजय गोपाल राव ने बताया कि आज प्रत्येक आर्थिक गतिविधियों में आन लाइन बैंकिंग, भुगतान, शुल्क भुगतान सहित सभी क्षेत्रों में आमूलचूल परिवर्तन हो चुका है। बदलते परिदृश्य में छात्रों को बैंकिंग व्यवस्था की जानकारी, खाते के प्रकार, परिचालन,उत्पादक और अनुत्पादक ऋण, शिक्षा ऋण, विभिन्न बैंकों में ब्याज के दरों की जानकारी, डेबिट कार्ड,क्रेडिट कार्ड, के महत्व की जानकारी आवश्यक है। साथ ही आनलाइन फ्राड, से बचने के उपाय, पासवर्ड बनाने की जानकारी परंपरागत पाठ्यक्रम में नहीं मिलता है इसके लिए वित्तीय साक्षरता होना चाहिए। इससे घरेलू वित्तीय प्रबंधन, वित्तीय बाधाओं से निपटना, भविष्य के समुचित व्यवस्था,गैर आवश्यक खर्चों में कटौती, ओव्हर ड्राफ्ट, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड में उपलब्ध बीमा सुविधा,बचत की प्रवृत्ति, निवेश की जानकारी, शून्य शेष खातों, शासन के विभिन्न योजनाओं में बैंकिंग व्यवस्था की भूमिका, डी बी टी, आधार लिंक व्यवस्था, आनलाइन बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, मोबाइल वालेट,पी को एस मशीन,क्यूं आर कोड बनाना, और भुगतान करने और इसमे होने वाले ठगी से बचना, ऋण के कम ब्याज दरों, रोजगार परक , गरीबी उन्मूलन,की शिक्षा वाणिज्य के साथ सभी को होना चाहिए। अधिकांशत: जानकारी के अभाव में छात्रों के माता-पिता ठगी के शिकार हो रहे हैं छात्रों को जानकारी देने से पूरे परिवार को जागरूक किया जा सकता है।

### पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

रायगढ़ 02 सितंबर (देशबन्धु)। लैलूंगा के पत्तर गांव में शुक्रवार की सुबह गांव के ग्रामीणों ने फसल के लिये नहर में पानी दिये जाने की मांग को लेकर सड़क में उतरकर जल संसाधन विभाग के सामने सड़क में बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। लैलूंगा क्षेत्र के किसान फसलों के लिये नहरों में पानी नही देने से नाराज थे और इसी क्रम में शुक्रवार को उनका गुस्सा फुटा और वे दो दर्जनों से अधिक की संख्या में जल संसाधन विभाग पहुंचे और गेट के सामने सड़क में बैठकर नारेबाजी करते हुए चक्काजाम शुरू कर दिया। क्षेत्र के किसानों का भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने भी समर्थन करते हुए उनके साथ धरने पर बैठ गए।

# सड़क पर पहुंचे गजराज, रायगढ़-हमीरपुर मार्ग घंटो रहा जाम

**रायगढ़** 02 सितंबर (देशबन्धु)। रायगढ़-हमीरपुर मार्ग पर शुक्रवार की शाम अचानक जंगली हाथियों का एक दल सड़क किनारे आ जाने से इस मार्ग पर कई घंटों तक आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। कई घंटे बाद जब जंगली हाथियों का दल सड़क किनारे से वापस जंगल की ओर गए तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली और फिर से मार्ग में



आवागमन शुरू हो सका।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम करीब साढ़े चार से पांच बजे के बीच रायगढ़ हमीरपुर मार्ग पर बंगुरसिया और पालीघाट के बीच बंगुरसिया घाट के नीचे 10 से अधिक हाथियों के एक दल ने घंटो तक सड़क जाम किए रखा। आने जाने वाले दोनो और राहगीर इस जाम में फंसे हुए थे। देर शाम जब ये हाथी का दल जंगल के अंदर घुसे तब कहीं सड़क खुली और लोग आवाजाही कर सके। हालाकि कोई अप्रिय घटना नही हुई और लोग सतर्क रह कर हाथियों के जाने का इंतजार किया। लोगो में अब संध्या के पूर्व ही इस रास्ते को पार कर लेना उचित समझ रहे है। शाम चार के बाद हाथियों का साम्राज्य पाली घाट के इस जंगल में देखी जा सकती है।

# 145 सूत्रीय मांग को लेकर घरघोड़ा बायपास में चक्काजाम



- **03 कोयला खदान में काम काज पूरी तरह ठप्प**
- **उद्योगों में कोयला परिवहन भी हुआ प्रभावित**

**रायगढ़** 02 सितंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार की सुबह 145 सूत्रीय मांग को लेकर आधे दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर अनिश्चितकालीन चक्काजाम शुरू कर दिया है। जिससे क्षेत्र के तीन कोयला खदान में काम काज पूरी तरह ठप्प हो गया है। साथ ही साथ बायपास मार्ग में सड़क के दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गई है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा नेता संतोष कुमार राठिया के नेतृत्व में कुडुमकेला, जामपाली, पुसल्दा, कोसमघाट, पूरी सहित अन्य गांव के ग्रामीण शुक्रवार की सुबह सैकडों की संख्या में बायपास मार्ग में पहुंचकर अपनी 145 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन चक्काजाम शुरू कर दिया है। चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी 145 सूत्रीय मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था उपरोक्त मांग पूरा नही होनें की स्थिति में नाराज ग्रामीणों ने आज बायपास मार्ग में अनिश्चितकालीन चक्काजाम शुरू कर दिया है। एसईसीएल खदान में पार्किंग की व्यवस्था, बायपास रोड़, प्रभावित स्थानीय युवाओं को रोजगार, सड़क, बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल सहित 145 मांगों को लेकर बायपास मार्ग में अनिश्चितकालीन चक्काजाम शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों के द्वारा किये जा रहे इस चक्काजाम से घरघोड़ा-छाल मार्ग में सड़क के दोनों तरफ भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। इस चक्काजाम की वजह से एसईसीएल की जामपाली, बरौद, बिजारी तीनों खदान में काम काज पूरी तरह प्रभावित हुआ है। साथ ही साथ इस आंदोलन के कारण उद्योगों में कोयला परिवहन भी पूरी तरह प्रभावित हो गया है। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि मौके पर पुलिस टीम तैनात है परंतु जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी उनकी सुधि लेने अभी तक नही पहुंचा है और जब तक उनकी मांगों को सहमति या फिर आश्वासन नही मिल जाता जब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

### डंडे से पीटकर पति ने पत्नी को उतार दिया मौत के घाट

**रायगढ़** 02 सितंबर (देशबन्धु)। मामूली बात को लेकर पति-पत्नी के बीच उपजे विवाद के बाद पति ने लकड़ी के डंडे से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या कर दी। ग्राम बताती खालपारा में रहने वाली श्रीमती भजन कुवंर (45 साल) को उसके पति द्वारा डंडे से मारपीट कर हत्या की की सूचना पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया कि 30 अगस्त को इसका चाचा महेश मंझवार (50 साल) उसकी पत्नी भजन कुवंर (45 साल) को बोला कि परिवार की भाभी नैहरी बाई खत्म हो गई है जिसका क्रियाक्रम सोमवार को है, जिसके लिये लकडी, दोना पत्तल अभी तक इकट्ठा नहीं किये हो और शराब पीकर इधर - उधर घुमा करती हो। इसी बात पर दोनों में झगड़ा विवाद हुआ और महेश मंझवार उसकी पत्नी से गाली गलौच करते हुये घर आंगन में पडे सराई लकडी के डंडा से उसकी पत्नी भजन कुवंर को मार पीट किया जिससे आयी अंदरूनी चोट से श्रीमती भजन कुंवर मौत हो गई।

थाना प्रभारी द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया और आरोपी महेश मंझवार पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपी महेश मंझवार की पतासाजी कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे घटना में प्रयुक्त डंडे एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य की जप्ती की गई है।

### कोयला माफिया से लेनदेन करते जारी हुआ भाजपा नेता आडियो क्लिप





**चिरमिरी** 02 सितंबर (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने पत्रकार आयोजित कर भाजपा के चिरमिरी मण्डल अध्यक्ष रघुनंदन यादव एवं पूर्व मंडल महामंत्री राजेश सिंह उर्फ़ मुन्नू सिंह का एक ऑडियो क्लिप जारी करते हुए कोल माफिया से रकम की उगाही का आरोप लगाया है । आडियो क्लिप में रघुनंदन यादव साफ तौर पर कोयला माफिया से 2 लाख रुपये की मांग करते नजर आ रहे है । इसमें पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को एक लाख रुपये का भुगतान कर देने की बात कही जा रही है । आडियो क्लिप के जारी होने के बाद क्षेत्र हड़कंप मच गया है ।शहर के चौक चौराहों में इस लेनदेन की चर्चा जोर शोर से चल रही है। शुक्रवार को पूर्व विधायक श्यामबिहारी ने पत्रकारों को बताया कि भाजपा के प्रयास से विधायक के भाई के ऊपर आदिवासी युवक की हत्या का मामला दर्ज कराया गया और मृतक के परिजनों को 9 लाख 94 हजार की सहायता दिलाई गई। कांग्रेस विधायक विनय जायसवाल के भाई के क्रेसर में आदिवासी युवक की मौत के मामले में मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयास आंदोलन के बाद अंतत: विधायक के भाई विनोद जायसवाल के उपर थाना खड़गवां में 304 ए, 287 भादवी के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हुआ।

### छेड़खानी करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ 02 सितंबर (देशबन्धु)। कल शाम थाना लैलूंगा में स्थानीय किशोर बालिका द्वारा आरोपी राजवीर चैहान और उसके साथियों द्वारा छेड़खानी करने और उसके परिवारवालों के साथ आरोपियों द्वारा झगड़ा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पुलिस ने इस मामले में चंद घंटो के भीतर आरोपियों को धर दबोचा है। बालिका से आरोपी राजबीर चैहान का भाई आकाश चैहान, गोपाल चैहान और समीर मांझी मोटर सायकल से आये और उनके साथ मिलकर गाली-गलौज, मारपीट करते हुये बालिका के साथ अभद्रता, छेड़खानी की थी।

### महापौर के खिलाफ भाजपा के अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग 15 को

**रायगढ़** 02 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम में कांग्रेस की महापौर जानकी काटजू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 15 सितंबर का दिन तय किया गया है। भाजपा ने महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 7 आरोपो को लेकर किया है। जिसमें शहर की साफ सफाई, भ्रष्टाचार, विकास कार्य में बाधा, कमीशन खोरी जैसे कई गंभीर महापौर पर आरोप लगाए हैं। रायगढ़ जिला कलेक्टर ने 15 सितंबर को सुबह 11 बजे सम्मेलन बुलाई है। जिसमें शहर के 48 वार्ड के पार्षद रायगढ़ महापौर जानकी काटजू के पद पर बने रहने का फैसला करेंगे।

पूरी प्रक्रिया वोटिंग के आधार पर होगी। शहर में कुल 48 वार्ड है। सभी वार्डों के पार्षद इस दिन वोट करेंगे। जिसमें महापौर को बहुमत के लिए 24 से अधिक वोट की आवश्यकता होगी। शहर में कुल 48 वार्ड है। कांग्रेस के पास 26 और भाजपा के पास 22 पार्षद हैं। भाजपा की एक पार्षद की हाल में ही निधन होने के कारण भाजपा के पास अभी मात्र 21 पार्षद ही शेष है। अगर कांग्रेसी महापौर के साथ भीतरघात जैसी कोई बात नहीं हुई, तो महापौर और अपने पद पर बनी रहेंगे। हालांकि इस बात की भी जोरों से चर्चा है कि शुरुआत में भाजपा इस अविश्वास प्रस्ताव के मूड में नहीं थी। महापौर जानकी काटजू से नाराज चल रहे कुछ कांग्रेसी पार्षदों के अघोषित समर्थन पर भाजपा ने यह अविश्वास प्रस्ताव पटल पर लाया है।

इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव है। महापौर कांग्रेस की है और बहुमत में भी। अगर इस अविश्वास प्रस्ताव में भाजपा की जीत होती है तो कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी का यह अब तक का सबसे बड़ा उदाहरण होगा और इसका दुरगामी प्रभाव आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पर भी पड़ सकता है।

# कुदरगढ़ से भाजपा प्रत्याशियों ने शुरु किया चुनाव प्रचार

### भूलन सिंह, लक्ष्मी व शकुंतला पहुंची माता दरबार मांगा जीत का आशीर्वाद



**सूरजपुर** 02 सितंबर (देशबन्धु)। कुदरगढ़ स्थित मां बागेश्वरी धाम में जिले के तीनों विधानसभा के घोषित भाजपा प्रत्याशियों ने शनिवार को मत्था टेककर विधिवत पूजा अर्चना की और जीत का आशीर्वाद मांगा। प्रत्याशियों ने चुनाव अभियान का शुभारंभ भी कर दिया है।

प्रेमनगर क्षेत्र क्रमांक 04 के भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी, भटगांव क्षेत्र क्रमांक 05 से प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रतापपुर क्षेत्र क्रमांक 06 से प्रत्याशी श्रीमती शकुंतला पोर्ते व वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल की अगुवाई में जिले भर के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ माता के दरबार में पहुंचे और मत्था टेक आशीर्वाद मांगा।इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा व जिला अध्यक्ष बाबुलाल अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता भाजपा के साथ है और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है इस बार तीनो विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी जीतेगी, कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कार्य मे जुट जाएं, जिले में कांग्रेस का कोई विकास कार्य नजर नही आता है जो भी बड़े काम है वो भाजपा की देन है कांग्रेस के झूठे घोषणा पत्र की पोल अब खुल चुकी है।इस दौरान तीनो प्रत्याशियों ने भी कार्यकर्ताओं से विजय संकल्प के लिए एक जुट होकर काम करने की अपील की एवं आशीर्वाद मांगा। इससे पूर्व ओड़गी के भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के साथ तीनों विधानसभा के प्रत्याशियो का कुदरगढ़ पहुंचते ही माता की चुनरी भेटकर ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया। दर्शन उपरांत भाजपा प्रत्याशियों ने पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व समर्थको के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा के साथ सहभोज किया।इस दौरान थलेश्वर साहू, रामू गोस्वामी, अशोक सिंह, शिव प्रसाद सिंह, महेश्वर पैकरा, सुमन विजय प्रताप सिंह, रविंद्र भारती, सावन गोयल, आशीष प्रताप सिंह, शिव राजवाड़े, सुमित साहू, राजेश साहू, अभय तिवारी, नूतन विश्वाश,संस्कार अग्रवाल, जगमोहन सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, रामशिरोमणि साहू,अजय अग्रवाल, सुरेंद्र राजवाड़े, सत्यनारायण जायसवाल, सुभाष राजवाड़े, मोहन शर्मा, देवधन बिंझिया, राजकुमार गुप्ता, अक्षय तिवारी, मार्तण्ड साहू, रामेश्वर वैश्य, केशव गुप्ता, सुनील साहू, राजेश यादव, भगवान मिश्रा, सतीश तिवारी, प्रमोद तायल, दरोगा सिंह, संत साहू, आसुतोष दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डूमरकछार में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का हुआ आगाज

### काव्य पाठ का देर रात तक श्रोताओं ने लिया आनंद

**मनेन्द्रगढ़** 02 सितंबर (देशबन्धु)। डूमरकछार के पौराधार कालोनी मे काव्यपाठ देर शाम से देर रात तक बारिश होती रही कविताओं की फुहार में श्रोता सराबोर होते रहे,रह-रहकर ठहाके की गूंज से पौराधार कालोनी गुंजायमान होता रहा। काव्य पाठ का यह मौका था नगर परिषद डूमरकछार की ओर से आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का, इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के कवि डॉ.नरेन्द्र मिश्र (धड़कन),कौशल सक्सेना,नरेन्द्र सिंह अकेला,दिनेश गुक्कज,भूपेन्द्र सिंह राठौर,ड्रा.लता स्वरांजलि,अकबर ताज,कवि आशीश ने काव्य पाठ से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीच- बीच में कवियों के हास्य व व्यंग्य श्रोताओं को गुदगुदाते रहे।

लोगों ने देर रात तक कवि सम्मेलन का खूब आनंद लिया। श्रोताओं को कवि अक्बर ताज और भूपेन्द्र सिंह राठौर द्वारा हिन्दुस्तान की माटी की सुगंध, भारतीय संस्कृति तथा कवि...... सिंह द्वारा आम आदमी की संवेदना और तमाम प्रकार की विसंगतियों से जुड़ीं कविताएं सुनने को मिली। वाह भाई वाह मे शिरकत कर चुके युवा दिलो के धडकन प्रयागराज के आशीश गुरू व ख्यातिलब्ध कवि नरेन्द्र सिंह अकेला




हास्य व्यंग्य के कवि के काव्य पाठ गुदगुदाती रही। साथ ही कौशल सक्सेना ने भी हास्य रस से महफिल में श्रोताओं को विचार विमर्श करने पर विवश कर दिया। हर कविता पर श्रोताओं की वाह-वाह की आवाज पूरे वातावरण में देर रात गुंजायमान होती रही कवि सम्मेलन की शुरुआत भारत माता के छाया चित्र मे पुष्प सुमन अर्पित,दीप प्रज्वलन कर की गई डूमरकछार की धरा मे पहुंचे म.प्र. महिला वित्त एवं विकास निगम की अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) अमिता चपरा तथा हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा, नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया,उपाध्यक्ष कंचना मेहता सहित क्षेत्र के अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों,प्रशासनिक एवं कोल इंडिया के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति मे यह कवि सम्मेलन संपन्न हुआ उल्लेखनीय है कि नवगठित नगरीय निकाय डूमरकछार के प्रथम निर्वाचन के उपरांत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन के उपरांत 01 सितंबर 2022 को शपथ ग्रहण समारोह डूमरकछार नगर परिषद में संपन्न हुआ था,शपथ ग्रहण समारोह के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर स्वस्थ मनोरंजन के उद्देश्य से यह कवि सम्मेलन संपन्न कराया गया है जिसका आए हुए अतिथगणो,नागरिकों ने खूब आनंद लिया। कवि सम्मेलन के इस अवसर पर सभापति रवि सिंह,जीतेंद्र चौहान,रंजीत वर्मा पार्षदगण राकेश दीवान,चंदा देवी महरा,सरिता यादव,विजेंद्र देवांगन,डॉ.महेश चौहान, निर्भय नारायण राव,पार्वती सिंह गोंड़,रीता पालीवाल,विड्डू शर्मा,दिव्या मेहता,मनोनीत सासंद प्रतिनिधि के.एन शर्मा,विधायक प्रतिनिधि आशीष राव,लेखापाल रजनीश शुक्ला, उपयंत्री शिवराम इडपाचे परिषद के कर्मचारी जयकांत मेहता,विवेक मिश्रा,हरिश सिंह,सत्येन्द्र चौहान,धीरेन्द्र सिंह,तीरथ पनिका,सत्यनारायण सोनी,एजाज अहमद,पवन गौतम,अजय राम,विक्रम सिंह,महेश यादव,विजय यादव,अमित जायसवाल,प्रतिज्ञा मिश्रा, प्रशांत केशरवानी, विरेन्द्र रजक,विपिन दूबे,शत्रुंजय पाण्डेय,अनुरूद्ध दाहिया,उत्तम कोल,विशाल महतो,त्रिलोकीनाथ राय,मुन्नापाल,प्रवीण कुमार शर्मा,अखिलेश सिंह परिहार, गौरव महाता,राजू यादव संधान ट्रस्ट के जयप्रकाश रवि,रामप्रवेश चौधरी,सुरेश यादव तथा समाजसेवी अशोक वर्मा,सुजीत पाण्डेय,अजय दूबे,विक्रम चौरसिया,सुनील गुप्ता,अरविंद सिंह परिहार सहित क्षेत्र व आस पास के क्षेत्रो से पहुंचे नागरिकगण दिलीप पटेल,धर्मेंद्र गुप्ता,मुन्ना सेन,करूणा निधान,राजा,पन्नालाल,दिनेश ठाकुर, कंचन चौरसिया,बृजमोहन,मंजीत भारती,शनि,बबलू, महिलाए विमला देवी,कौशिल्या,लीला,उषा सिंह,सुशीला,अहिल्या देवी,कुन्ती बाई, व बेटीयां सहित काव्यप्रेमी,साहित्यकार,रचनाकार,व अन्य कई नागरिकगण उपस्थित रहे ! कवि सम्मेलन का सफल मंच संचालन राष्ट्रीय कवि डॉ.नरेन्द्र मिश्र (धडकन) द्वारा किया गया।

## सार-संक्षेप

### जिला सहकारी बैंक मे घुस गार्ड पर जानलेवा हमला

**जांजगीर** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला सहकारी बैंक मे घुस कर हुड़दंग और गार्ड पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गार्ड के सिर पर 6 टांके लगे है। बैंक मैनेजर पैकरा ने बताया कि घटना कल शाम की है जहां बैंक के समय दो आरोपी रशीद खान एवं परमेश्वर बैंक के पास आए और जबरदस्ती अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे तभी गार्ड ने उन्हें रोका, तब गार्ड के ऊपर हमला कर दिया।

घटना शुक्रवार की हैँ,जब जिला सहकारी बैंक मे लेन देन का काम चल रहा था तभी दो लोग शराब के नशे मे बैंक के अंदर घुसे और हंगामा करने लगे। बैंक की सुरक्षा मे लगे गार्ड शिव प्रकाश तिवारी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे गुस्साए आरोपियों ने शराब की बोतल फोड़ कर गार्ड के सर मे हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट के बाद कोतवाली पुलिस ने गार्ड का डाक्टरी मुलाहिजा कराया और चोट की गंभीरता को देखते हुए सरकारी काम में बाधा और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया, और आज नैला क्षेत्र से आरोपी परमेश्वर राठौर के साथ रसीद खान को हिरासत मे ले लीं है, और घटना के विषय मे पूछताछ कर रही है।

### जिले के मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर आज

**सारंगढ़** 02 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन 3 सितंबर रविवार को किया गया है। इस शिविर में मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मतदाता की मृत्यु अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाया जा सकता है। नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया जा सकता है। आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ा जा सकता है। दिव्यांग मतदाता के रूप में स्व्यं को चिन्हित करवाया जा सकता है। 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में यदि 18 वर्ष की आयु पूरी हो रही है तो मतदाता बनने हेतु अपने मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क करें अथवा वोटर हेल्पलाइन एप्प या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फार्म 6 भर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में शनिवार 2 सितंबर को भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। विशेष शिविर अंतर्गत जिले के अधिकारी पी.सी. कुर्रे द्वारा बिलाईगढ़ क्षेत्र के दोमुहानी, गोरबा, माहुलडीह, अलीकुद, बेल्हा, गोविंदवन में, सीएमओ खान द्वारा सरिया क्षेत्र के देवगांव और सण्डा में तथा सहायक सूचना अधिकारी, जनसंपर्क देवराम यादव द्वारा सारंगढ़ क्षेत्र के टिमरलगा, बंजारी और गोड़म के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

### जिला शाखा सक्ती में भारतीय रेडक्रास सोसायटी की बैठक संपन्न

**सक्ती** 02 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के. राउत एवं चेयरमेन अशोक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के. राउत ने नये सदस्यों को भारतीय रेडक्रास सोसायटी की आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही श्री राउत द्वारा कलेक्टर कार्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं तथा विभागों का निरीक्षण भी किया गया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना भी उपस्थित रही।

राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी श्री एम.के. राउत ने बैठक में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ है। जिसका उद्देश्य लोगों में सामाजिक भावना जागृत कर निस्वार्थ भाव से कार्य करना है। बैठक में उन्होंने जिला शाखा रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियां, रेडक्रॉस दवा दुकान, ब्लड सेंटर और एंबुलेंस का संचालन, निक्षय मित्र अभियान पर चर्चा, सदस्यता अभियान, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण, शालाओं एवं महाविद्यालयों में रेडक्रॉस का गठन एवं गतिविधियों का संचालन, स्कूल-कालेजों के छात्राओं को फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जाना, ब्लड डोनेट करने के लिए जनजागरूकता लाने, प्रत्येक गांवों में रेडक्रॉस वालेन्टियर नियुक्त करने, रेडक्रॉस सदस्यता अभियान चलाये जाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिया गया। बैठक में विभिन्न जनप्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, रेडक्रॉस के सदस्य सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल ने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण

**जांजगीर,** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में आज प्री-प्रायमरी के समस्त बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत जाँजगीर जिले में स्थित पुटपुरा 11 वीं बटालियन ले जाया गया। शैक्षणिक भ्रमण के अतंर्गत बच्चों को भिन्न-भिन्न प्रकार की जानकारियाँ प्रदान की गई।

संस्था के बच्चों को देश की सुरक्षा में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जवानों के बारें में विशेष जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि देश के जवान देश की सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते है। देश सेवा की भावना प्रत्येक व्यक्ति में होनी चाहिए। बटालियन में जाते ही बच्चों के मन में भिन्न-भिन्न प्रकार के सवाल उठने लगे। जिसका जवाब देते हुए बटालियन के कमांडर दिनेश सिंह चंदेल ने कहा कि यदि आप अनुशासित रहेंगे तो जीवन में हर कार्य संभव हो सकता है। जीवन जीने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अनुशासन का पालन करना जरूरी है। बिना अनुशासन के जीवन सुदृढ नहीं हो पाती। बच्चे सवाल का जवाब पाते ही प्रफूल्लित हो उठे। भ्रमण के पश्चात् बच्चे उत्साह पूर्वक संस्था प्रांगण में प्रवेश किए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्राउंड स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### रास्ता रोककर लूटपाट, तीन गिरफ्तार

**जांजगीर,** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 49 में महाराज



ढाबा सारागांव के पास बाइक सवार युवकों का रास्ता रोककर लूटपाट करने वाले तीन आरोपित युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला सारागांव थाने का है।

पुलिस के अनुसार दो मोहानी वार्ड 43 बिलासपुर थाना तोरवा जिला बिलासपुर निवासी कमलेश कोसले अपने साथी अमित सोनवानी और छत्रपाल बघेल के साथ 31 अगस्त की रात 11.30 बजे बाइक से ग्राम गतौरा से रायगढ़ जा रहे थे। तभी नेशनल हाईवे 49 में महाराज ढाबा सारागांव के पास तीन युवकों ने हाथ दिखाकर बाइक रोकने का इशारा किया। बाइक रोकने पर बाइक की चाबी निकालकर कमलेश और उसके साथी अमित सोनवानी से मारपीट की और उनके जबे में रखे 2 सौ रूपये नकद और दोनों के मोबाइल को लूट कर फरार हो गए थे।

# घर के बाहर सोए शख्स की हत्या,आरोपियों की तलाश जारी

### बेटा घर पहुंचा, तो खाट पर पड़ी मिली पिता की लहूलुहान लाश



**जांजगीर,** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम ढाबाडीह में शुक्रवार रात घर के बाहर खाट पर सोए श्रवण कुमार कुर्रे (50) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, श्रवण कुमार कुर्रे घर में अकेला था। पत्नी रक्षाबंधन के त्यौहार पर अपने मायके विद्याडीह गई हुई थी। साथ में छोटा भाई भी मां के साथ गया था। इधर बड़ा बेटा शनिवार तड़के 3 बजे के बाद घर लौटा, तो पिता को खाट पर खून से लथपथ पाया। उसने गांववालों और पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। घटना की जांच के लिए बिलासपुर से की टीम भी मौके पर पहुंचे। जांच में डॉग स्क्वॉड की भी मदद ली जा रही है।

ग्राम ढाबाडीह में शुक्रवार रात घर के बाहर खाट पर सोए श्रवण कुमार कुर्रे (50) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। बिलासपुर से एफएसएलकी टीम भी पहुंची। घटनास्थल पर खून बिखरा पड़ा हुआ है। दीवारों पर भी खून के छींटें पड़े हैं। सभी सबूतों को इकट्ठा कर जांच के लिए भेज दिया गया है। हत्या की वजह पता नहीं चल पाई है। मृतक के बेटे ने बताया कि वह मां के साथ बिलासपुर में रोजी मजदूरी करता है। पिता घर में अकेले थे, तभी अज्ञात आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया।

### गर्मी से परेशान लोग घरों के बाहर ही सो रहे थे

बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात करीब 1 बजे से बिजली नहीं थी। बिजली न होने के कारण गर्मी से परेशान लोग घरों के बाहर ही सो रहे थे। बिजली रात 1.3 बजे आई। आशंका जताई जा रही है कि हत्या रात 12 से 1 बजे के बीच की गई है।

# शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर गैर इरादन हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार रंजिश वश दूसरे आदमी को मारने के लिए शराब में मिलाए गए जहर को पीने से 02 व्यक्तिओ की मौत कल हुई थी,जहर खुरानी संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुये प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी थाना सारागांव में हत्या के प्रकरण में पूर्व में जेल भेजा जा चुका है।



मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 30 अगस्त 23 को ग्राम रोगदा निवासी विजय सूर्यवंशी अपने मुह बोले साला रोहित कमलाकर के घर आया तथा एक पाव देशी मदिरा को चुपके से रोहित कमलाकर के घर में रख रहा था जिसे रोहित कमलाकर की बेटी देख ली और क्या रख रहे हो बोली तब आरोपी विजय सूर्यवंशी बोला कि रोहित कमलाकर आयेगा तो शराब को उसे दे देना। परन्तु रोहित कमलाकर शाम को घर आया तो उसकी बेटी ने आरोपी के दियें हुये शराब को अपने पिता रोहित कमलाकर को नही दी, इसके पूर्व विजय सूर्यवंशी द्वारा दो बार रोहित कमलाकर को जान से मारने की धमकी दिया जा चुका था।

रोहित कमलाकर की बेटी अपने पिता को शराब पीने नही देना चाहती थी इस कारण दुसरे दिन भी आरोपी विजय सूर्यवंशी द्वारा लाये गयें शराब की बात को अपने पिता को नही बतायी, रोहित की बेटी उक्त शराब को किसी अन्य को देने की बात बोली थी, जिससे मृतिका का भतिजा देवेन्द्र सूर्यवंशी सुना था। 31अगस्त 2023 को शाम करीबन 07-08 बजे के बीच मृतिका ललिता सूर्यवंशी एवं मृतक किरण सूर्यवंशी अपने ससुराल में साला शिवसंतन सूर्यवंशी के घर आंगन में पड़ोसन ललिता बाई के साथ भोजली विर्सजन के बाद बैठे थे, ललिता बाई अपने भतिजे देवेन्द्र को शराब लाने के लिए 100 रू देकर भेजी थी, तब देवेन्द्र को याद था कि रोहित कमलाकर के घर एक पाव शराब है जिसे वह रोहित कमलाकर के घर जाकर उसके बेटी को पैसा देकर एक पाव शराब लेकर मृतिका ललिता बाई को लाकर दिया तो दोनो उसी शराब को पीने के तत्काल बाद मृतिका ललिता बाई एवं मृतक किरण सूर्यवंशी के पेट में दर्द होकर तुरंत बेहोश हो गये थे , जिसे उसके परिजनों द्वारा जिला अस्पताल जांजगीर लाया गया, डाक्टर द्वारा चेक करने मृत घोषित किया गया। मृतकों का पंचनामा पश्चात् पीएम कराया गया पीएमकर्ता डाक्टर द्वारा शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण अल्कोहल जैसे पदार्थ के साथ संदिग्ध जहरीला पदार्थ का सेवन लेख किया गया।

सूचना पर थाना नवागढ में मर्ग कायम किया जाकर जांच में लिया गया। मर्ग जांच दौरान मृतकों के परिजन, गवाहों का कथन लिया गया। पुलिस विवेचना में पाया गया कि आरोपी विजय सूर्यवंशी द्वारा यह जानते हुये भी जहर युक्त शराब से पीने वाले की मृत्यु हो सकती है उक्त शराब को रोहित कमलाकर की हत्या करने की नीयत से रोहित के घर में रखा था, जिसके सेवन करने के बाद मृतक एवं मृतिका की मृत्यु हो गई। मर्ग जांच के आधार पर आरोपी विजय सूर्यवंशी के विरुध्द अपराध सदर धारा का कारित करना सबूत पाये जाने से धारा 304, 328 भदवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान आरोपी विजय सूर्यवंशी उम्र 44 साल निवासी अमोदा थाना नवागढ़ को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर घटना घटित जुर्म स्वीकार करने आज 02 सितंबर को गिरफ्तार कर कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक तुल सिंह पट्टावी, एएसआई सुरेंद्र प्रताप कश्यप, बाबूलाल दिवाकर, प्रधान आर तरीकेश पाण्डेय, महिला प्रधान आर स्वाति गिरोलकर, आर रामदेव साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# सिम बंद कराने में चूके, रिटायर्ड ईई के खाते से पार हुए 15 लाख

### दुकानदारों को झांसे में लेकर ठगी को दिया अंजाम

**जांजगीर,** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। बिजली विभाग के रिटायर्ड ईई की मोबाइल खो गया तो उसने मोबाइल गुमने की सूचना पुलिस को दी परन्तु मोबाइल में लगे सिम को तत्काल बंद नहीं करवाया। 10 दिन बाद जब उसी नंबर का नया सिम लेकर मोबाइल में डाला तो पता चला कि ठग ने खाते में जमा रकम यूपीआई के माध्यम से उड़ा लिए। ठगी की जानकारी होने के बाद पीड़ित कर्मचारी ने पुलिस में शिकायत की। कोतवाली पुलिस के अनुसार जांजगीर निवासी बिजली विभाग के रिटायर्ड ईई रतन सिंह क्षत्रीय का फोन 9 अगस्त बुधवार को जांजगीर के साप्ताहिक बाजार में गुम गया था।

रतन सिंह क्षत्री ने बताया फोन में दो सिम कार्ड थे, जिसमें से उन्होंने अधिक उपयोग होने वाले सिम को दोबारा शुरू करवा लिया लेकिन जो बैंक में लिंक था, उसे दोबारा निकलवाने में देरी हो गई। ठगों ने इसी बात का फायदा उठाया




और एक एक कर मोबाइल फोन पर यूपीआई का उपयोग कर खाते में जमा राशि निकाल ली। उन्होंने बताया कि यूपीआई पिन की जानकारी उन्होंने किसी को नहीं दी है।

यदि आपके पास कोई ऐसा व्यक्ति आए जो खुद को मुसीबत में बताकर आपसे कैश मांगे, उसके बदले आपको अतिरिक्त पैसा खाते में ट्रांसफर करे तो सतर्क रहें। इस तरह ठगी करने वाला गिरोह जिले में सक्रिय है। गिरोह के सदस्यों ने बिजली विभाग के एक रिटायर्ड ईई के मोबाइल चुराकर उसके यूपीआई का उपयोग कर उनके खाते से छोटे दुकानदारों व आम लोगों को झांसा देकर 15 लाख 12 हजार 921 रुपए की ठगी कर ली है। वे दो-तीन लाख रुपए झारखंड भी ट्रांसफर किए है।

# मुख्यमंत्री की घोषणा कुर्मी समाज के लिए बन गई मुसीबत

### हाईकोर्ट ने जांजगीर कलेक्टर को हलफनामा प्रस्तुत करने दिए निर्देश



**जांजगीर,** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। शिवरीनारायण में छत्तीसगढ़ कनौजिया कुर्मी समाज के भवन को तोड़े जाने के विवाद में हाईकोर्ट ने जांजगीर कलेक्टर से इस संबंध में हलफनामा प्रस्तुत करने को कहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कनौजिया कुर्मी धर्मशाला शिवरीनारायण में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराने की घोषणा की थी, लेकिन स्थानीय नगर पंचायत ने धर्मशाला भवन को ही तोड़ने के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी कर दी। आखिरकार यह मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है।

छत्तीसगढ़ कनौजिया कुर्मी समाज के अध्यक्ष दशरथलाल कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिवरीनारायण प्रवास पर कनौजिया कुर्मी धर्मशाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराए जाने की घोषणा की थी। इसके परिपालन में कार्यालय नगर पंचायत शिवरीनारायण ने प्राक्लन तैयार किया, जिसमें धर्मशाला के पुराने भवन को तोड़कर नया भवन बनाए जाने का उल्लेख किया गया। तब दशरथलाल कश्यप एवं समाज के अन्य सदस्यों ने लिखित में आवेदन सीएमओ नगर पंचायत शिवरीनारायण एवं जांजगीर कलेक्टर को दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि पुराना भवन दो मंजिला है। भवन के नीचे 4 दुकानें है, जिसमे से किराया आता है। ऊपर पहला मंजिल समाजिक बैठक के लिए है और बहुत ही मजबूत स्थिति में है। इसे न तोड़ने का आग्रह भी किया गया। बता दें कि मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप अतिरिक्त कक्ष का निर्माण धर्मशाला के पीछे समाज की खाली जमीन में किया जाए। आवेदन पर जिला कलेक्टर ने तकनीकी जांच दल का गठन किया एवं विस्तृत जानकारी 7 दिवस के भीतर प्रेषित करने को कहा गया। जांच दल की प्रतिवेदन आने के पूर्व ही नगर पंचायत ने 15 मई को धर्मशाला को तोड़कर नया बनाने निविदा आमंत्रित कर दिया। जांच दल ने भी दशरथ लाल व समाज के लोगों को सूचना दिए बिना 23 मई धर्मशाला में उपस्थित होकर पंचनामा तैयार किया, तब दशरथ लाल एवं समाज के अन्य सदस्यों ने पुन: आवेदन किया कि जांच उनकी उपस्थिति में की जाए, लेकिन नगर पंचायत ने धर्मशाला को तोड़े जाने की प्रकिया को जारी रखते हुए 28 जून को इस कार्य का जिम्मा मोहगांव बरपालीकला सक्ती निवासी रविशंकर साहू को दे दिया। इसकी खबर मिलते ही छत्तीसगढ़ कनौजिया कुर्मी समाज शिवरीनारायण के अध्यक्ष दशरथ लाल कश्यप एवं समाज के सदस्यों ने हाईकोर्ट में निविदा के खिलाफ याचिका दाखिल किया। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं जस्टिस नरेश कुमार चन्द्रवंशी के युगल पीठ ने जांजगीर चांपा कलेक्टर को इस पूरे मामले में हलफनामा प्रस्तुत करने को कहा है।

# पैरालीगल वालेटिंयर की नालसा अभियानों के कार्यो की समीक्षा एवं प्रशिक्षण आयोजित



**जांजगीर,** 02 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला न्यायालय सभागार में जिले के समस्त पैरालीगल वालेटिंयर के कार्यो की समीक्षा व प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में सुरेश कुमार सोनी जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर द्वारा समस्त पैरालीगल वालेटिंयर को जिले में बेहत्तर कार्य करने व नालसा की विभिन्न योजनाओं व केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लोगों को लाभ दिलाने में सहयोग करने को कहा गया। साथ ही राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल अभियान '' पहचान '' नालसा योजना, 2015 के तहत् गुमषुदा बच्चों, भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों एवं बुजर्गो तथा मानसिक मरीजों, दुर्घटना में मृत हुए अज्ञात व्यक्तियों इत्यादि के परिजनों एवं निवास पते की खोज आधार कार्ड के माध्यम से कराने व उसके परिजनों के पता लगाने मे सहयोग करने व भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों की पुर्नवास हेतु '' प्रयास '' अभियान के अंतगर्त पैरालीगल वालेटिंयर को निर्देश दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर को सूचित करें व बच्चों की षिक्षा व नषामुक्ति के संबध में विषेश जानकारी बतायें साथ ही '' पहचान '' अभियान के तहत् आधार कार्ड बनवायें जाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा गया। विवेक कुमार तिवारी अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जांजगीर द्वारा भी समस्त पैरालीगल वालेटिंयर को नालसा की विभिन्न योजनाओं व केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं में लाभ दिलाने में अधिक-अधिक मद्द व अंर्तराजीय प्रवासी मजदुरों के सबंध में श्रम विधि में जो प्रवधान है उसके बारें में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी देने। प्रियंका अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा द्वारा समस्त पैरालीगल वालेटिंयर का विगत माह के कार्यो की समीक्षा किया गया। पैरालीगल वालेटिंयर की समीक्षा बैठक एवं प्रषिक्षण कार्यक्रम में लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल, जयराम गढ़ेवाल, सौरभ खरें, नरेन्द्र सुर्यवंशी, कलाराम, राजेश कष्यप, सहदेव दास मंहत, डलेष्वर प्रसाद, सुशील सूर्यवंशी, मनीश साहू, मंजू देवांगन, प्रेमा बाई, रजनी भावे, देवकुमारी रात्रे, सुनीता मिरी, अम्बिका खण्डे,शांति कुर्रे, उमा वर्मा समस्त पैरालीगल वालेटिंयर उपस्थित रहें।

# रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव एमके राउत ने ली अधिकारियों की बैठक

**सारंगढ़** 02 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य महासचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.के. राउत ने बैठक लेकर नवगठित जिले में क्रियान्वयन और गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे सदस्यता अभियान की सराहना की और नए व पुराने सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए निर्देशित किया। उनके साथ सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल भी उपस्थित थे।




जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज दोपहर एक बजे से आयोजित बैठक में सोसायटी के महासचिव राउत ने कहा कि हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में सतत् अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए जोड़ें ताकि उनमें सेवा की भावना प्रस्फुटित हो सके। इसी तरह जिले के महाविद्यालयों में वर्तमान में जारी प्रवेश के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता दिलाकर उन्हें मानव सेवा व आपातकालीन प्रबंधन हेतु फर्स्ट एड के लिए वालिंटियर्स तैयार करें। बैठक में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बताया कि जिले के 204 नागरिकों ने इसकी सदस्यता ली है जिनमें 85 आजीवन सदस्य और 117 वार्षिक सदस्य सम्मिलित हैं। इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए महासचिव ने जिले में की जा रही कार्रवाई की सराहना की। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी ने बताया कि अब तक 23 हजार 614 का पंजीयन इसके तहत किया जा चुका है। यह भी बताया गया कि जिले में एक संरक्षक सदस्य भी है, जो सक्रियता के साथ अन्य सदस्यों के सहयोग से मानव सेवा से जुड़े हैं। श्री राउत ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है जो बिना किसी लाभ के धर्म, जाति, और पंथ से उपर उठकर सतत् सेवाएं दे रहा है। यह गर्व की बात है कि लोग इससे जुड़कर उच्च स्तर की मानव सेवा दे रहे हैं। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संलग्नता सोसायटी से करने और बेहतर परिणाम देने की अपील सोसायटी के सदस्यों और विभागीय अधिकारियों से की। इस दौरान सोसायटी के सदस्यों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए, जिसमें ब्लड बैंक स्थापित करने, रक्तदान शिविर आयोजित करने जैसी विभिन्न मांगें की, जिस पर श्री राउत ने निकट भविष्य में इसे विस्तारित करने का आश्वासन दिया। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय, एसडीएम द्वय श्रीमती मोनिका वर्मा एवं डॉ स्निग्धा तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एफ.आर. निराला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे,इस दौरान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य महासचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.के. राउत और प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक की समाप्ति के बाद कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के साथ कलेक्टोरेट परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का अवलोकन किया। उन्होंने न्यायालय कलेक्टर, कलेक्टर कक्ष, अधिकारियों के कक्ष, अपर कलेक्टर न्यायालय, वित्त स्थापना, आवक/जावक शाखा, आदिवासी विकास शाखा, खाद्य शाखा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, अभिलेख शाखा, राहत शाखा आदि का अवलोकन किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारी द्वय सहित कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा और स्निग्धा तिवारी ने भी कलेक्टोरेट परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे।

## तूफान के चलते ताइवान ने 45 से अधिक उड़ानें कीं रद्द

**ताइपे।** ताइवान ने आने वाले शक्तिशाली तूफान हाइकुई के कारण 45 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी हैं। यूनाइटेड डेली न्यूज ने शनिवार को सिविल एयरोनॉटिक्स एडमिनिस्ट्रेशन (सीएए) का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। सीएए डेटा के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 10:00 बजे तक 18 घरेलू उड़ानें, 28 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें और ताइवान जलडमरूमध्य में उड़ानें रद्द कर दी गईं। साथ ही चार उड़ानों में देरी हुई। अखबार ने कहा कि अधिकारियों ने कई क्षेत्रों में नौका यातायात भी रोक दिया है।

# देश विदेश

# अफगानिस्तान आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करे : पाकिस्तान



अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करे

**इस्लामाबाद,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने एक बार फिर अंतरिम अफगान सरकार से इस्लामाबाद को धमकी देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करने तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए कहा है।

बीबीसी ने शनिवार को बताया कि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, यह उनकी जिम्मेदारी है, उनकी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी है, उनकी द्विपक्षीय जिम्मेदारी है और उनकी त्रिपक्षीय जिम्मेदारी है जैसा कि उन्होंने पाकिस्तान, अफगानिस्तान तथा चीन के बीच त्रिपक्षीय प्रतिबद्धता में जताई है। सुश्री बलोच कार्यवाहक विदेश मंत्री के उस बयान के बारे में एक सवाल का जवाब दे रही थीं कि अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान में हमलों में शामिल कुछ आतंकवादियों को 'हिरासत में' लिया है। अफगान तालिबान ने दावों का खंडन किया है।

### पाकिस्तान में अगस्त में तेजी से बढ़े आतंकवादी हमले

इस्लामाबाद। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) ने कहा है कि अगस्त में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में तेजी से वृद्धि देखी गई, देश भर में 99 घटनाएं दर्ज की गईं, जो नवंबर 2014 के बाद से सबसे अधिक मासिक संख्या है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पीआईसीएसएस ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा कि हमलों में 112 मौतें हुईं और 87 घायल हुए, जिनमें से ज्यादातर सुरक्षा बल के जवान और नागरिक थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई की तुलना में आतंकवादी हमलों में 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, क्योंकि जुलाई में 54 हमले हुए थे। इसके अलावा, दक्षिण एशियाई देश में 2023 के पहले आठ महीनों में 22 आत्मघाती हमले हुए हैं, जिसमें 227 लोग मारे गए हैं और 497 घायल हुए हैं।

## 'जनवरी में होंगे बांग्लादेश में आम चुनाव'



**ढाका,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश के चुनाव आयुक्त मोहम्मद अनीसुर रहमान ने शनिवार को कहा कि देश में अगला आम चुनाव जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में होंगे। चुनाव आयुक्त रहमान ने कहा, हमने अभी तक मतदान की तारीख तय नहीं की है। श्री रहमान ने राजधानी ढाका के अगरगांव में चुनावी प्रशिक्षण संस्थान (ईटीआई) में 12वें संसदीय चुनाव के प्रशिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह बात कही। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) काजी हबीबुल अव्वल ने 30 नवंबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान अन्य लोगों के अलावा चार चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग सचिव भी मौजूद थे। सीईसी ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष बनाने के लिए कानून में पीठासीन अधिकारियों की शक्तियों में वृद्धि की गई हैं उन्होंने कहा कि मतदान को विश्वसनीय बनाने के लिए यह न केवल निष्पक्ष होना चाहिए, बल्कि भागीदारीपूर्ण भी होना चाहिए।

## अफगानिस्तान में पुलिस ने ड्रग प्रयोगशालाओं को किया नष्ट

**तिरिन कोट।** अफगानिस्तान के उरुजगन प्रांत में पुलिस ने दो नशीले पदार्थों प्रसंस्करण प्रयोगशालाओं का पर्दाफाश कर उसे नष्ट कर दिया। प्रांत पुलिस मुख्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस की ओर से बताया गया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को उरुजगन प्रांत के छहर चिनो जिले में अभियान चलाया। पुलिस ने बयान में कहा गया है कि उन्होंने हेरोइन के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली भारी मात्रा में सामग्रियों और वस्तुओं के साथ एक दवा प्रसंस्करण प्रयोगशाला का पता लगाया और उन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया।। बयान में हालांकि किसी की गिरफ्तार के बारे में नहीं बताया गया है। इसी तरह से जिले में गुरुवार को एक ड्रग लैब का पर्दाफाश और उसे नष्ट किया था।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 3 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ने की सलाह आपको दी जाती है। स्थायी संपत्ति के काम भी टालना होंगे। मानसिक रूप से आप की एकाग्रता में कमी रहेगी।

वृषभ - आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो।

मिथुन - आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। पिता और बड़ों के आशीर्वाद से लाभ होगा। दोपहर के बाद मित्रों से लाभ हो सकता है।

कर्क - अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है। दोपहर के बाद व्यवसाय के क्षेत्र में आप के लिए परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

सिंह - आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। सरकार या नियम विरोधी कामों से दूर रहें। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

कन्या - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

तुला - आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं। व्यापार में धन लगाने की योजना पूरी कर पाएंगे। उचित कारणों पर धन खर्च होगा।

वृश्चिक - साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

धनु - आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

मकर - जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। भाइयों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

कुंभ - अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। दोपहर के बाद आपके विचारों में स्थिरता दिखाई देगी।

मीन - आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। धार्मिक कामों में खर्च होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## सूडान स्थित हैकर्स ने एक्स को घंटों बंद रखा

**लंदन,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स (पूर्व में ट्विटर) हजारों यूजरों के लिए घंटों तक बंद रहा, जब सूडान स्थित हैकर्स ने मस्क पर उनके देश में सस्ती इंटरनेट सेवा स्टारलिंक शुरू करने का दबाव बनाने के लिए प्लेटफॉर्म पर हमला कर दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एनोनिमस सूडान नामक हैकिंग समूह ने एक्स पर हमला किया और इसे एक दर्जन से अधिक देशों में ऑफ़लाइन कर दिया। एक्स दो घंटे से अधिक समय तक बंद रहा, जिससे हजारों यूजर प्रभावित हुए। हैकर्स ने टेलीग्राम पर पोस्ट किया, हमारा संदेश एलन मस्क तक पहुंचाएं सूडान में स्टारलिंक खोलें। वेबसाइट आउटेज-ट्रैकिंग साइट डाउन डिटेक्टर ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन में यूजर्स द्वारा लगभग 20,000 आउटेज रिपोर्ट दर्ज की गईं। एक्स ने सार्वजनिक रूप से उत्पन्न व्यवधान को स्वीकार नहीं किया और मस्क ने भी कोई टिप्पणी नहीं की। साइबर हमले ने एक्स के सर्वर को ऑफ़लाइन करने के लिए भारी मात्रा में ट्रैफ़िक भर दिया। हैकिंग समूह के एक सदस्य होफा को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि डिस्ट्रिब्यूटेड डेनियल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमले का लक्ष्य सूडान में युद्ध के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जो इंटरनेट को बहुत खराब बना रहा है और यह हमारे लिए अक्सर बंद हो जाता है। एनोनिमस सूडान एक रूसी साइबर-सैन्य इकाई से जुड़ा हुआ है।

# पूर्वी सीरिया में जानलेवा झड़पें खत्म हों : अमेरिका




**बेरुत,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका ने पूर्वी सीरिया के एक क्षेत्र में कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज और अरब सशस्त्र समूहों के बीच जानलेवा झड़पों को खत्म करने का आह्वान किया है। बीबीसी ने शनिवार को बताया कि अमेरिका समर्थित एसडीएफ से संबद्ध एक स्थानीय अरब सशस्त्र समूह डेर एजोर सैन्य परिषद के प्रमुख की रविवार को गिरफ्तारी के बाद झड़पें शुरू हो गईं थी, जिसमें कई लोग मारे गए। सीरिया में स्थित अमेरिकी दूतावास ने सभी पक्षों से तनाव कम करने और शांतिपूर्वक स्थिति बहाल करने का आह्वान किया। अमेरिकी सेना के ऑपरेशन इनहेरेंट रिजोल्यूशन ने कहा, उत्तरपूर्वी सीरिया में हिंसा बंद होनी चाहिए। एक बयान में इसने दाएश के खतरे से मुक्त, पूर्वोत्तर सीरिया में शांति और स्थिरता लाने के प्रयासों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। बयान में कहा गया, हम क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के समर्थन में दाएश की स्थायी हार सुनिश्चित करने के लिए सीरियाई डेमोक्रेटिक बलों के साथ काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### आतंकवादी समूहों के साथ संघर्ष में 16 सैनिक मारे गए

**दमिश्क।** सीरिया में लताकिया के उत्तर में सशस्त्र आतंकवादी समूहों के सदस्यों के साथ संघर्ष में 16 सीरियाई सैनिक मारे गए हैं जबकि पांच अन्य घायल हैं। सीरियाई अखबार 'अल-वतन' ने शनिवार को यह जानकारी दी। अखबार ने कहा कि अन्य पांच सैनिकों को चोटें आईं और उन्हें आवश्यक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीरिया में सशस्त्र संघर्ष 2011 से जारी है जिसमें आतंकवादी संगठनों सहित विभिन्न विद्रोही समूह राष्ट्रपति बशर असद की सरकार को हटाने के लिए सीरियाई सशस्त्र बलों से लड़ रहे हैं।

## चीन वैश्विक अर्थव्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए अन्य देशों के साथ काम करने को तैयार : शी जिनपिंग



**बीजिंग,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शनिवार को कहा कि उनका देश वैश्विक अर्थव्यवस्था को निरंतर सुधार के रास्ते पर लाने के लिए सेवा क्षेत्र में खुलेपन, सहयोग, नवाचार और साझाकरण को बढ़ावा देने के लिए अन्य सभी देशों और पार्टियों के साथ काम करने के लिए तैयार है।श्री जिनपिंग ने आज यहां वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से 'ग्लोबल ट्रेड इन सर्विसेज समिट ऑफ दि 2023 चाइना इंटरनेशनल फेयर फॉर ट्रेड इन सर्विसेज' शिखर सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में यह बात कही। सम्मेलन का विषय खुलेपन से विकास का नेतृत्व, सहयोग से भविष्य में उभय जीत है। बीजिंग में आयोजित यह व्यापार मेला दो से छह सितंबर तक चलेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि सेवा व्यापार अंतरराष्ट्रीय व्यापार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और सेवा उद्योग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक और व्यापारिक सहयोग का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। सेवाओं में वैश्विक व्यापार तथा सेवा उद्योग में सहयोग गहराई से विकसित हो रहा है, डिजिटलीकरण, बुद्धिमत्ता और हरित प्रक्रिया में तेजी आ रही है। नई प्रौद्योगिकियाँ, नए प्रारूप, नए मॉडल एक के बाद एक उभर रहे हैं, जो कि आर्थिक वैश्वीकरण को बढ़ावा देने, वैश्विक अर्थव्यवस्था को बहाल करने, और विश्व अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को बढ़ाने में मजबूत शक्ति का संचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चीन के सुधार और खुलेपन की 45वीं वर्षगांठ है। चीन उच्च स्तरीय खुलेपन को बढ़ावा देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले विकास के साथ चीनी शैली के आधुनिकीकरण को व्यापक रूप से बढ़ावा और विभिन्न देशों को खुलने और सहयोग करने के नए अवसर प्रदान करेगा।

## ब्रिटेन के अरबपति मोहम्मद अल फायद का निधन

**लंदन,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रसिद्ध उद्योगपति मोहम्मद अल फ़ायद को निधन हो गया है। वह 94 वर्ष के थे। फ़ायद का जन्म मिस्र में हुआ था बाद में वह 1970 में ब्रिटेन में आकर बस गये और यहां अपना साम्राज्य खड़ा किया। ब्रिटिश शाही परिवार की बहू लेडी डायना के साथ उनके बेटे डोडी के एक कार दुर्घटना में मौत के बाद वह काफी सुर्खियों में रहे थे। इन्होंने ब्रिटिश शाही परिवार पर साजिश के तहत डायना और डोडी की हत्या कराये जाने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं इस दुर्घटना के बाद वह लगातार इस मामले में सवाल उठाते रहे।

इस दौरान उद्योगपति फयाद दुनिया की चकाचौंध से काफी दूर रहे। फयाद के निधन की सूचना उनके परिजनों द्वारा शुक्रवार को एक बयान जारी देकर दी गयी। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद फायद का 30 अगस्त 2023 में निधन हो गया। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने एक लंबा संतोषप्रद जीवन अपने संबंधियों के बीच बिताया। उनके परिवार में उनकी पत्नी, बच्चे और नाती पोते हैं। बीबीसी रॉयल के पूर्व संवाददाता माइकल कोल, जिन्होंने बाद में हैरोड्स में सार्वजनिक मामलों के निदेशक के रूप में फ़ायद के लिए काम किया, ने उन्हें 'एक असाधारण चरित्र' के रूप में वर्णित किया।

## आज का इतिहास

1650-इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच डनबर की लड़ाई।

1791-फ्रांस की नेशनल एसेंबली ने फ्रांसीसी संविधान को पारित किया।

1783-अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ युद्ध समाप्त हो गया।

1833-अमेरिका में पहली सफल समाचार पत्र 'न्यूयार्क सन' बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया।

1900 -रूसी सेना ने आमूर नदी पर नियंत्रण स्थापित किया।

1918-प्राचीन इस्लामी नगर दमिश्क़ पर ब्रिटेन की सेना का अधिकार हो गया।

1921-बेल्जियम में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई।

1923-तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्?म हुआ था।

1924-चीन में गृह युद्ध की शुरुआत हुई।

1939-जर्मनी के पोलैंड पर चढ़ाई करने के दो दिन बाद ब्रिटेन-फ्रांस ने उसके खिलाफ जंग का ऐलान किया।

1939 -ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चेम्बरलिन द्वारा एक रेडियो प्रसारण पर ब्रिटेन और फ्रांस का जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ।

1943-दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने इटली पर हमला किया।

1943-द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली ने हथियार डालने के समझौते पर हस्ताक्षर किये।

1964-अमेरिकी अटॉर्नी जनरल रॉबर्ट केनेडी ने इस्तीफा दिया।

1971-कतर स्वतंत्र राष्ट्र बना।

1984-दक्षिण अफ्रीका ने संविधान अंगीकार किया।

**परेशानी** — *संयुक्त राष्ट्र महासचिव के मुख्य प्रवक्ता ने दिया बयान*

# माली में लगभग 10 लाख बच्चों पर गंभीर कुपोषण का खतरा

**संयुक्त राष्ट्र, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि अफ्रीकी देश माली में जीवनरक्षक सहायता के बिना, 05 वर्ष से कम उम्र के लगभग 10 लाख बच्चों को इस साल दिसंबर तक गंभीर कुपोषण का सामना करना पड़ेगा, जबकि कम से कम 200,000 लोगों के भूख से मरने का ख़तरा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को दिये बयान में कहा कि लंबे समय तक सशस्त्र संघर्ष, आंतरिक विस्थापन और प्रतिबंधित मानवीय पहुंच की घोर समस्याओं के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने यह चेतावनी जारी की है।**

श्री डुजारिक ने कहा कि माली की लगभग एक चौथाई आबादी मध्यम या तीव्र खाद्य असुरक्षा से पीड़ित है। पहली बार, मेनका के संकट प्रभावित क्षेत्र में 2,500 से अधिक लोग अकाल के खतरे में हैं, जिनमें से कई बच्चे हैं। यूनिसेफ ने कहा कि यूनिसेफ और संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के वरिष्ठ मानवीय अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों और मानवीय भागीदारों के साथ सहयोग में समर्थन दोहराने के लिए इस सप्ताह देश का दौरा किया।



**200,000 लोगों के भूख से मरने का खतरा**

मानवीय कार्रवाई और आपूर्ति संचालन के लिए यूनिसेफ के उप कार्यकारी निदेशक टेड चाइबन ने कहा, माली एक जटिल मानवीय संकट से गुजर रहा है और बच्चों के लिए आपदा को टालने के लिए तत्काल सहायता की आवश्यकता है, वह फिर से उस संकट की सबसे अधिक कीमत चुका रहे हैं जो उन्होंने पैदा भी नहीं किया है। उन्होंने कहा, माली के कुछ सबसे कठिन वर्षों के दौरान यूनिसेफ, डब्ल्यूएफपी और साझेदार जमीन पर मौजूद रहे हैं, और जब तक हमारी सेवाओं की आवश्यकता होगी, हम मानवीय और विकास के मुद्दों पर काम करना जारी रखेंगे। यूनिसेफ ने कहा कि माली में लगभग पांच मिलियन बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा सेवाओं के साथ-साथ सुरक्षित पानी तक पहुंच सहित मानवीय सहायता की तत्काल आवश्यकता है।यूनिसेफ और डब्ल्यूएफपी ने इस वर्ष माली में 4.7 मिलियन बच्चों सहित 8.8 मिलियन लोगों तक पहुंचने के लिए 184.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तत्काल अपील की।

एजेंसियों ने कहा कि कमजोर आबादी को आपातकालीन खाद्य सहायता प्रदान करने और टीकों को ठंडा रखने के लिए ईंधन सहित चिकित्सा सेवाओं का समर्थन करने और कुपोषण से पीड़ित बच्चों के लिए जीवनरक्षक उपचार जैसे अधिक मानवीय आपूर्ति खरीदने के लिए वित्त पोषण आवश्यक होगा।

## सुडोकू 6305


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 4 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | 8 | | | 4 | | | 5 | |
| 2 | | | 1 | | 5 | | | 6 |
| | 9 | | | 8 | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | 2 |
| | 1 | | 4 | 5 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6305



**बायें से दायें:-**

१. जलसेना का प्रमुख
४. पवित्रता, शुद्धता (उर्दू)
६. निपुण, दक्ष (उर्दू)
७. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
८. पदार्पण करना
१०. आचरण, प्रकृति
११. वर्षण, वर्षा होना
१३. जिसके बाल खड़े हों
१४. गंभीर, संवेदनशील
१५. नया पैदा हुआ
१७. विद्यमान होना, निवास करना
१९. उदासी
२१. लौंग
२२. कुछ-कुछ लाल रंग का
२४. सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवजात छोटे बच्चे (उर्दू)
२. सामान-असबाब (उर्दू)
३. माफी मांगना
४. पासपोर्ट
५. अवश्य (उर्दू)
९. पार लगाना, नौकायन
११. आत्म-रक्षा
१२. चेतनायुक्त
१३. रहमदिल
१४. भरा-पूरा, समृद्ध
१५. नयापन
१६. जादू के खेल दिखानेवाला (उर्दू)
१८. रूपवती
१९. प्रफुल्लित होना
२०. नक्षत्र, सितारा
२३. संग्राम, युद्ध

### वर्ग पहेली-6304

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | र्थ | २ प्र | बं | 3 ध | ■ | ४ सा | र्व | ५ ज | न्य |
| नु | ■ | ण | ■ | ६ न | व | धा | ■ | न | ■ |
| ७ सा | बि | त | ■ | सं | ■ | ८ र | ण | नी | ९ ति |
| र | ■ | पा | ■ | १० च | र | ण | ■ | ■ | लां |
| ■ | ११ ज | ल | १२ म | य | ■ | ■ | १३ अ | ग्र | ज |
| ■ | ठ | ■ | द्धि | ■ | १४ वि | वि | ध | ■ | लि |
| १५ बे | र | १६ ह | म | ■ | लो | ■ | १७ र | १८ वि | ■ |
| स | ■ | वा | ■ | १९ वि | प | २० थ | ■ | रो | ■ |
| २१ ब | द | ला | ■ | व | ■ | २२ न | रा | ध | २३ म |
| ब | ■ | २४ त | ला | श | ना | ■ | ■ | ■ | द्य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6305 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |

## दुनिया को जानें

### भारतीय मूल के थर्मन ने जीता सिंगापुर के राष्ट्रपति पद का चुनाव



**सिंगापुर,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम ने सिंगापुर के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया है। शनमुगरत्नम ने 70.4 प्रतिशत वोट के साथ देश के राष्ट्रपति पद की दौड़ में जीत हासिल की है। नौवें राष्ट्रपति चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुए। इस चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला बताया जा रहा था। 2.7 मिलियन से अधिक सिंगापुर के लोगों ने 66 वर्षीय नेता शनमुगरत्नम को चुनने के लिए मतदान किया था। उन्होंने देश की संस्कृति को विकसित करके इसे दुनिया में %चमकदार स्थान% बनाए रखने की प्रतिज्ञा के साथ औपचारिक रूप से अपना राष्ट्रपति अभियान शुरू किया था। चुनाव आयोग ने बताया कि रात 10.40 बजे तक थर्मन 70 प्रतिशत वोटों के साथ आगे चल रहे थे, जबकि प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार एनजी कोक सोंग 16 प्रतिशत और टैन किन लियान 14 प्रतिशत वोटों से पीछे चल रहे थे। हालांकि, शनमुगरत्नम ने सिंगापुर के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया है।

# खेल जगत

## घर लौटने पर जेना का गर्मजोशी से स्वागत

**भुवनेश्वर,** 2 सितंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के प्रतिभाशाली भाला फेंक एथलीट किशोर जेना शनिवार को अपने वतन लौटे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ओडिशा के खेल निदेशक सिद्धार्थ दास, संयुक्त सचिव रंजीत परिदा और ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स एचपीसी के प्रमुख कोच मार्टिन ओवेन्स सहित खेल एवं युवा सेवा विभाग के कई अधिकारी जेना का उत्साहपूर्वक स्वागत करने के लिये बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र हुए। उल्लेखनीय है कि जेना ओडिशा के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। जेना ने हंगरी के बुडापेस्ट में हुई विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में 84.77 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर पांचवें स्थान पर रहे। वह विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद शीर्ष आठ में दूसरे भारतीय थे।



# पाकिस्तान ने किया भारत को 266 रन पर ऑलआउट




**पाल्लेकेले,** 2 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने शाहीन शाह अफरीदी (35/4) की अगुवाई में आग उगलती हुई गेंदबाजी के दम पर एशिया कप के ग्रुप-बी मुकाबले में शनिवार को भारत को 266 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने 90 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ सर्वाधिक 87 रन बनाये, जबकि ईशान किशन ने 81 गेंद पर नौ चौकों और दो छक्कों के साथ 82 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा नहीं छू सका।

शानदार शाहीन ने 10 ओवर में 35 रन देकर चार विकेट लिये, जबकि नसीम शाह (8.5 ओवर, 36 रन) और हारिस रऊफ (नौ ओवर, 58 रन) ने तीन-तीन विकेट चटकाये।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन बादलों से घिरे हुए पाल्लेकेले स्टेडियम पर पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शुरुआती स्विंग का भरपूर फायदा उठाया। बारिश के कारण चौथे ओवर में खेल रुका और मैदान पर वापसी के फौरन बाद शाहीन अफरीदी ने कप्तान रोहित शर्मा (11) को दर्शनीय इन-स्विंगर पर बोल्ड किया। विराट कोहली ने चौके के साथ खाता खोला लेकिन वह भी शाहीन की गेंद पर बोल्ड हो गये।

दो चौकों के साथ अच्छी शुरुआत करने वाले श्रेयस अय्यर रऊफ की छोटी गेंद पर फखर ज़मान को कैच दे बैठे, जबकि खाता खोलने के लिये लंबा समय लेने वाले शुभमन गिल 32 गेंद पर 10 रन बनाकर बोल्ड हुए।

भारत का ऊपरी क्रम जब 66 रन पर पवेलियन लौट गया तब किशन ने पारी को संभाला। केएल राहुल के फिट न होने के कारण टीम में आए किशन आग उगलती पाकिस्तानी गेंदबाजी पर आक्रमण करने से बिल्कुल नहीं हिचकिचाए। उन्होंने हारिस रऊफ की एक छोटी गेंद पर डीप बैकवर्ड पॉइंट पर छक्का जड़कर रफ्तार पकड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

किशन ने 54 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा करके भारत को 30वें ओवर में भारत को 150 रन के पार पहुंचाया। उप-कप्तान पांड्या के साथ हुई उनकी 138 रन की साझेदारी ने भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। भारत आसानी से 300 रन की ओर बढ़ रहा था कि तभी तेज़ गेंदबाज़ों ने मैच में पाकिस्तान की वापसी करवाई।

रऊफ ने किशन को शतक से 18 रन पहले आउट कर भारत की एकमात्र सफल साझेदारी तोड़ी। पांड्या ने रऊफ को तीन चौके जड़कर रफ्तार बढ़ानी चाही लेकिन अफरीदी ने उन्हें और रवींद्र जडेजा (14) को 44वें ओवर में आउट कर एक बार फिर पाकिस्तान का पलड़ा भारी कर दिया।

शार्दुल ठाकुर नसीम शाह का पहला शिकार बनने से पहले सिर्फ तीन रन ही बना सके, हालांकि जसप्रीत बुमराह ने नसीम का शिकार होने से पहले 14 गेंद पर तीन चौकों की मदद से बहुमूल्य 16 रन रन बनाकर भारत को 266 रन तक पहुंचा दिया।

## बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे लॉकी फर्ग्यूसन

**ऑकलैंड,** 2 सितंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शनिवार को कहा कि तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। फर्ग्यूसन, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड दौरे के मैचों में टीम का नेतृत्व किया था, नियमित एकदिवसीय कप्तान केन विलियमसन की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि वह दाहिने घुटने की चोट से उबर रहे हैं, और उनके डिप्टी टॉम लैथम, जो आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और बांग्लादेश के टेस्ट दौरे से पहले घर पर समय बिताने के कारण श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने एक बयान में कहा, लॉकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अनुभवी गेंदबाज है, और यह उसके लिए न केवल गेंदबाजी समूह बल्कि पूरी टीम के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व करने का एक अवसर है। उन्होंने इंग्लैंड में अभ्यास मैचों के लिए भूमिका में कदम रखा और कई गतिशील भागों के साथ एक समूह का नेतृत्व किया। लैथम के साथ-साथ डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर और टिम साउदी बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे। एनजेडसी ने कहा कि नियमित खिलाड़ियों को वनडे विश्व कप टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करने और उसकी तैयारी के लिए एक छोटा ब्रेक दिया गया है, जिसके लिए वे बांग्लादेश श्रृंखला शुरू होने के 12 दिन बाद ही एकत्र होंगे।

खिलाड़ियों के कार्यभार को प्रबंधित करने की आवश्यकता के कारण टीम में 2019 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप टीम के पांच खिलाड़ियों और एकदिवसीय क्रिकेट में नए खिलाड़ियों के एक समूह सहित एक अनुभवी




कोर शामिल है।

अब से लेकर अप्रैल में पाकिस्तान दौरे के अंत तक, जिसमें विश्व कप और नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत भी शामिल है, हमारे पास एक बहुत ही पूर्ण कार्यक्रम है, इसलिए खिलाड़ियों और कर्मचारियों को सही समय पर तरोताजा और तैयार रखने की कोशिश करना सर्वोपरि है। स्टीड ने कहा, कार्यभार को संतुलित करने से अवसर भी मिलते हैं और समूह में अलग-अलग खिलाड़ियों का होना और बांग्लादेश जैसे माहौल में सीखना रोमांचक है। यह भ्रमण के लिए एक चुनौतीपूर्ण जगह हो सकती है और अगले कुछ महीनों में विभिन्न परिस्थितियों में जल्दी से अभ्यस्त होना महत्वपूर्ण होगा। एनजेडसी ने यह भी कहा कि मार्क चैपमैन और जिमी नीशम के चयन पर विचार नहीं किया गया क्योंकि यह दौरा क्रमशः उनके पहले बच्चों के जन्म के साथ या उसके तुरंत बाद का है।

कई नियमित खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का मतलब है कि डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने टी20 पदार्पण से न्यूजीलैंड वनडे टीम में अपना पहला चयन अर्जित किया है।

## भुवनेश्वर, गुवाहाटी करेंगे फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैचों की मेजबानी

**नई दिल्ली,** 2 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड-2 के शुरुआती दो घरेलू मैच भुवनेश्वर और गुवाहाटी में खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को यह घोषणा की।

भारत को एशियाई क्वालीफायर के ग्रुप-ए में कतर और कुवैत के साथ रखा गया है, जबकि अफगानिस्तान और मंगोलिया के बीच प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड-1 मुकाबला जीतने वाली टीम भी इस ग्रुप में शामिल होगी। भारतीय टीम 16 नवंबर 2023 को कुवैत में एक मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि उसका दूसरा मुकाबला 21 नवंबर को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में क़तर के खिलाफ होगा। अगले साल भारत का पहला मुकाबला 21 मार्च को अफगानिस्तान या मंगोलिया में से किसी एक से होगा। इसके बाद कोच इगोर स्टिमाच की टीम गुवाहाटी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 26 मार्च को इस मुकाबले का दूसरा चरण खेलेगी। एआईएफएफ के महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरण ने घोषणा के बाद कहा, हम ओडिशा फुटबॉल एसोसिएशन और असम फुटबॉल एसोसिएशन को उपरोक्त मैचों की मेजबानी के अधिकार के लिये सफलतापूर्वक बोली लगाने के लिये बधाई देना चाहते हैं। संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से उक्त मैचों के विश्व स्तरीय आयोजन के लिये सभी की सफलता की कामना करते हैं। कुवैत के खिलाफ छह जून 2024 को होने वाले भारत के घरेलू मुकाबले की मेज़बानी की घोषणा भविष्य में की जायेगी।

## भारत ने सेमीफाइनल में मलेशिया को हराया, फाइनल में पाकिस्तान से मुकाबला

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 2 सितंबर (देशबन्धु)। उपकप्तान मोहम्मद रहील (9वें, 16 वें, 24 वें, 28 वें मिनट) के हैट्रिक सहित चार तथा मनिंदर सिंह(दूसरे मिनट), पवन राजभर(13 वें मिनट), सुखविंदर सिंह(21 वें मिनट), डिप्सन टिर्की (22 वें मिनट), जुगराज सिंह (23 वें मिनट) और गुरजोत सिंह (29 वें मिनट) के एक -एक गोल की बदौलत भारत ने मलयेशिया को पहले पुरुष हॉकी 5 एशिया कप 2023 के दूसरे सेमीफाइनल में भी शनिवार को सलाला(ओमान) में 10-4 से शिकस्त दी। मलयेशिया के लिए कप्तान अकीमुल्लाह अनुआर (सातवें व 19 वें मिनट) ने दो तथा अबू इस्माइल (चौथे मिनट) अबू इस्माइल (चौथे मिनट) व मुहम्मद दिन (19वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। भारत ने मलयेशिया को इलीट पूल मैच में भी 7-5 से शिकस्त दी थी।




भारत की पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत की कोशिश अब पाकिस्तान को फाइनल में हरा खिताब जीत कर उससे इलीट पूल मैच में मिली 4-5 की हार का हिसाब चुकता करने की होगी पाकिस्तान ने ओमान को पहले सेमीफाइनल में 7-3 से हराया। भारत और पाकिस्तान की टीम ने पुरुष हॉकी 5 एशिया कप 2023 के फाइनल में स्थान बनाने के साथ 2024 में होने वाले एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई कर लिया।

## सार संक्षेप

### शीर्ष युवा निशानेबाजों को एशियाई खेलों के लिए 33 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में चुना गया

**नई दिल्ली।** दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्राक्ष पाटिल, सरबजोत सिंह, मनु भाकर, रिदम सांगवान, पृथ्वीराज टोइंडमन, गनेमत सेखों और राजेश्वरी कुमारी जैसे शीर्ष युवा निशानेबाजों को चीन के हांगझाऊ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने 33 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम का चयन किया है, जो 23 सितंबर से चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले 19वें एशियाई खेलों में भाग लेगी, जिससे निशानेबाजी में देश के 9 पदकों की उपलब्धि में सुधार की उम्मीद है जो भारत ने खेलों के 218 संस्करण इंडोनेशिया के जकार्ता/पालेमबांग में हासिल किये थे। टीम में सौरभ चौधरी, जो 218 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय निशानेबाज बने और राही सरनोबत, जिन्होंने 218 खेलों में भारत के लिए अन्य स्वर्ण पदक जीता, टीम में शामिल नहीं हैं। इस बीच, देश में ओलंपिक खेल निशानेबाजी की नियामक संस्था एनआरएआई ने भी इस साल अक्टूबर में कोरिया के चांगवोन में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए शनिवार को 35 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

### ग्युरेरो विश्व कप क्वालीफायर के लिए पेरू टीम के कप्तान

**लीमा।** अनुभवी स्ट्राइकर पाओलो ग्युरेरो पराग्वे और ब्राजील के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए पेरू टीम का नेतृत्व करेंगे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 39 वर्षीय खिलाड़ी, जो 19 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 38 गोल के साथ पेरू के सर्वकालिक अग्रणी स्कोरर हैं, को इस सीज़न में इक्वाडोर के एलडीयू क्विटो के लिए आठ मैचों में सिर्फ एक बार स्कोर करने के बावजूद 27 सदस्यीय टीम में नामित किया गया था। जैसा कि अपेक्षित था, मुख्य कोच जुआन रेनोसो ने ऑरलैंडो सिटी के गोलकीपर पेड्रो गैलीज़, फेयेनोर्ड के डिफेंडर मार्कोस लोपेज़, सेल्टा विगा के मिडफील्डर रेनाटो तापिया और सिएटल साउंडर्स के फॉरवर्ड राउल रुइडियाज़ को भी शामिल किया। लेकिन जियानलुका लापाडुला, कार्लोस ज़ांब्रानो, क्रिश्चियन क्यूवा, एडिसन फ्लोर्स और ब्रायन रेयना के लिए कोई जगह नहीं थी, जो घायल हैं। पेरू संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 226 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की अपनी खोज 7 सितंबर को असुनसियन में पराग्वे के खिलाफ मुकाबले से शुरू करेगा। वे पांच दिन बाद लीमा में ब्राजील से भिड़ेंगे।

## भारतीयों को अब टेस्ट क्रिकेट में कोई दिलचस्पी नहीं है : सर्वे

**नई दिल्ली,** 2 सितंबर (एजेंसियां)। न केवल भारत और उसके पश्चिमी पड़ोसी, बल्कि पूरी दुनिया के खेल प्रेमी शनिवार (2 सितंबर) को एशिया कप टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं। भारत भर में खेल प्रेमियों के लिए सीवोटर द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में, 45-54 वर्ष के आयु वर्ग के लगभग 49.4% उत्तरदाताओं की राय है कि रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग के लिए शुभमन गिल सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं।

गिल के बाद विराट कोहली रहे, 20.1% उत्तरदाताओं का मानना है कि उन्हें रोहित के साथ शुरुआती बल्लेबाज होना चाहिए। श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा सबसे कम पसंदीदा रहे।

लगभग 32.6% उत्तरदाताओं की राय है कि विराट कोहली चौथे स्थान पर बल्लेबाजी करने के लिए सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं। कोहली के बाद सूर्यकुमार यादव और इशान किशन थे। लगभग 28.8% खेल प्रेमियों का मानना है कि यादव को नंबर 4 पर खेलना चाहिए। उनके पसंदीदा क्रिकेट प्रारूप के बारे में पूछने पर, टी-20 क्रिकेट प्रारूप भारतीय खेल प्रेमियों के बीच सबसे लोकप्रिय बना हुआ है, क्योंकि लगभग 45.1% लोग टी-20 को अपना पसंदीदा प्रारूप मानते हैं, जबकि पांच दिवसीय टेस्ट मैच प्रारूप सबसे कम लोकप्रिय है।

सीवोटर द्वारा पूरे भारत में खेल प्रेमियों को लक्षित एक सर्वेक्षण में, 18-24 वर्ष के आयु वर्ग के लगभग 54.2% उत्तरदाताओं की राय है कि इंडियन प्रीमियर लीग या आईपीएल भारतीय क्रिकेटरों की चोटों के पीछे प्रमुख कारण है। उन्होंने इस बात पर भी सहमति जताई कि इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंटों में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। भारत के जेवलिन सुपरस्टार नीरज चोपड़ा के बारे में पूछे जाने पर, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले अधिकांश उत्तरदाता (69.6%) उनसे अत्यधिक परिचित हैं।

सर्वेक्षण से पता चलता है कि खेल प्रेमी होने के बावजूद, अधिकांश उत्तरदाता पारुल चौधरी के बारे में अनजान हैं, जो हाल ही में हंगरी के बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन और अपने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के लिए खबरों में थीं।

## हमवतन जेरे को हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जोकोविच

**न्यूयॉर्क,** 2 सितंबर (एजेंसियां)। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को पिछड़कर वापसी करते हुए अपने हमवतन लासलो जेरे को 3-2 से मात दी। जोकोविच ने तीन घंटे 45 मिनट तक चले पांच सेट के मुकाबले में जेरे को 4-6, 4-6, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया।



जोकोविच ने इस कठिन जीत के बाद कहा, अविश्वसनीय। लगभग दो बज चुके हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग रुके हैं। मुझे उम्मीद है कि (प्रशंसकों) ने मैच का आनंद लिया, लेकिन यह निश्चित रूप से मेरे लिये उतना आनंददायक नहीं था, खासकर पहले दो सेटों में। यह कई वर्षों में यहां खेले गये मेरे सबसे कठिन मैचों में से एक था। बेहतरीन टेनिस खेलने के लिये लासलो को बहुत श्रेय जाता है।

मैच के शुरुआती 90 मिनटों में जेरे ने लंबी रैलियों में बढ़त बनाए रखी। उन्होंने बेसलाइन से निडर और तेज़तर्रार हिटिंग करते हुए अक्सर जोकोविच के पीछे धकेलकर उनका संतुलन बिगाड़ा। अपना चौथा अमेरिकी ओपन खिताब तलाश रहे जोकोविच ने तीसरे सेट में तेजी से अपना स्तर बढ़ाया और जेरे के फोरहैंड से गलतियां करवाते हुए मुकाबला अपने पक्ष में किया।

मैच का रुख तब बदला जब जोकोविच ने तीसरे सेट में 26 शॉट की रोमांचक रैली जीतकर पहली बार 1-0 से सर्विस तोड़ी। इसके बाद सर्बियाई दिग्गज ने अपने हाथ हवा में उठाकर न्यूयॉर्क की भीड़ से समर्थन मांगा और अगले दो सेट सिर्फ दो गेम गंवाकर जीते। आखिरी सेट में जोकोविच ने जेरे के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बावजूद शानदार डिफेंस दिखाया और अपनी सर्विस पर मुकाबला जीत लिया।

जोकोविच ने कहा, अगर वह थक भी रहा था तो इससे उसके खेल पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

## 132वें डूरंड कप के फाइनल में मोहन बागान का मुकाबला ईस्ट बंगाल से

**कोलकाता,** 2 सितंबर (एजेंसियां)। देश के दो सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब, मोहन बागान सुपर जाइंट और ईस्ट बंगाल रविवार को यहां विवेकानंद युबा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) में 132वें डूरंड कप के स्वप्निल फाइनल में भिड़ेंगे। भारतीय फुटबॉल के प्रशंसकों के लिए, इससे बड़ा कुछ नहीं हो सकता क्योंकि मोहन बागान सुपर जाइंट (एमबीएसजी) और इमामी ईस्ट बंगाल (ईईबी) तीन प्रतिष्ठित और चमचमाती डूरंड ट्रॉफियों पर अपना हाथ रखने का अधिकार हासिल करने के लिए आमने-सामने हैं।

इस संस्करण के ग्रुप चरण में दो स्थानीय टीमों के बीच पहली भिड़ंत का परिणाम ईईबी के लिए अनुकूल रहा क्योंकि नंदकुमार शेखर की स्ट्राइक ने अंतर पैदा कर दिया। वे फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं, इससे पता चलता है कि वे इस टूर्नामेंट में कितने मजबूत रहे हैं। ईईबी को रविवार के ब्लॉकबस्टर में आसान समूह में शामिल किया गया था, जबकि मोहन बागान को नॉकआउट में मुंबई सिटी और एफसी गोवा से आगे निकलना था। लेकिन गोकुलम केरल और उभरती हुई नॉर्थईस्ट यूनाइटेड भारतीय फुटबॉल में किसी भी टीम के लिए आसान मैच नहीं हैं और ईस्ट बंगाल को ग्रैंड फिनाले तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दोनों टीमें अच्छी फॉर्म में हैं और ईईबी के मुख्य कोच कार्ल्स कुआड्राट निश्चित रूप से प्री-मैच प्रेसर में स्पष्टता और आत्मविश्वास से भरे हुए थे।

कुआड्राट ने शनिवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, बांग्लादेश सेना टीम के साथ ड्रा के बाद, हमने टीम के बीच बात की। हमारे सत्रों में सुधार हुआ। फिर हमने मोहन बागान को



हराया और डर्बी जीता। फिर मैच दर मैच हमने सुधार किया और अब हम फाइनल में हैं। पिछली बार ईस्ट बंगाल ने 2016 में मोहन बागान को लगातार दो मैचों में हराया था। इसलिए काफी समय हो गया है। इसलिए इस बार हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे।

एमबीएसजी मैनेजर जुआन फेरांडो, बहुत अधिक भावनाओं को धोखा देने वालों में से नहीं हैं, उन्होंने भी कहा कि यह बहुत अच्छा होगा यदि वे ट्रॉफी जीत सके।

उन्होंने कहा, मैं अपने अब तक के प्रदर्शन से खुश हूं। हमने मुंबई और एफसी गोवा जैसी कुछ अच्छी टीमों से खेला है। और हम फाइनल में एक और अच्छी टीम से भिड़ने जा रहे हैं। इसलिए, अगर हम ट्रॉफी जीत सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। हम प्रीसीजन में हैं और हम जिस तरह से प्रगति कर रहे हैं उससे मैं खुश हूं। उन्होंने कहा, मेरे लिए, अतीत अतीत है, हर मैच अलग है, ईमानदारी से कहूं तो पिछले डर्बी में मेरा ध्यान एएफसी कप मैच पर ज्यादा था लेकिन अब मुझे खुशी है कि मेरे खिलाड़ी ग्रुप स्टेज पास कर चुके हैं। और कल हमारे पास एक अच्छी टीम के खिलाफ खेलने का मौका है। यह हमारे लिए एक अच्छा लक्ष्य और अच्छी चुनौती है। हम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे।

आयोजकों को रविवार को वीवाईबीके में 50,000 से 60,000 प्रशंसकों के जुटने की उम्मीद है और दोनों कोचों द्वारा ट्रॉफी की महत्वाकांक्षा व्यक्त करने के साथ, एक मनोवैज्ञानिक और सामरिक लड़ाई भी होने वाली है।

स्पैनिश डीप डिफेंडर हेक्टर युस्टे एमबीएसजी डिफेंस के केंद्र में उस सामरिक लड़ाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे और वह पहले डर्बी से चूक जाने के कारण वहां से बाहर निकलने के लिए बहुत उत्सुक दिखे।


मुझे कोई आपत्ति नहीं है. मुझे सिर्फ फुटबॉल खेलना पसंद है, मैं कीपर की भूमिका भी निभाऊंगा, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह फाइनल में तीन सदस्यीय या चार सदस्यीय डिफेंस को प्राथमिकता देंगे तो उन्होंने चुटकी ली। हेक्टर ने आगे कहा, मैं रविवार सुबह पहुंचा। और मैंने खेला. इसलिए, मैं एएफसी कप में अगले दौर के लिए क्वालीफाई करके खुश हूं। हाँ, निश्चित रूप से मैंने डर्बी के बारे में सुना है। कई लोगों ने मुझे बताया, यह कठिन होने वाला है क्योंकि शारीरिक रूप से हम 100 प्रतिशत तैयार नहीं हैं। लेकिन हमें उस दबाव का आनंद लेना होगा।% और हमें फाइनल में अपना सब कुछ झोंकना होगा।

# साहित्य

कहानी

# रूपा

■ सुभद्रा कुमारी चौहान



असमय की घंटी ने सभी को बेचैन-सा कर दिया । अभी आधा घंटा भी नहीं हुआ, मैट्रन जेल बंद करके गई है । फिर तुरंत ही वह घंटी कैसे? जेल-जीवन से घबराई हुई बहनों ने सोचा, शायद उनकी ही रिहाई का फरमान आया हो, जिनके मुलाकाती बहुत दिनों से न आए थे, उन्होंने अंदाज लगाया शायद उनसे कोई मिलने आया है । जिन्हें किसी तरह के सामान की प्रतीक्षा थी उन्होंने समझा, उनका सामान ही आया होगा ।

मेरी तीन साल की बेटी ममता दौड़ती हुई आई, और मेरे गले में लिपटकर बोली, अम्मा उठो चलो ! घंटी बजी है । फाटक खुलेगा । आज तो हम लोग भी छूटने वाले हैं ।

मैं अच्छी तरह जानती थी कि उसकी आशा कितनी निराधार है, फिर भी उसका मन रखने के लिए उसके साथ फाटक की ओर चल पड़ी।

जमादारिन जल्दी-जल्दी अपना पल्ला संभालती हुई आई; ताला खोलकर उसने फाटक खोल दिया । असिस्टेंट जेलर के साथ एक चौबीस-पच्चीस साल की स्त्री अंदर आई और एक तरफ चुपचाप खड़ी हो गई । उसके साफ कपड़े और गंभीर मुद्रा से बहुत-सी बहनों ने अंदाज लगाया कि यह भी शायद राजबन्दिनी है । जेलर ने जमादारिन को बुलाया और उसे धीरे-धीरे समझाकर चला गया ।

> **जमादारिन ताला बन्द करके अंदर आई । अपनी हाथ की छड़ी से उस नई आई हुई स्त्री को मारती हुई बोली, चल हरामजादी ! बच्चे को मारना ही था तो उसे पैदा क्यों किया था । मार से वह स्त्री तिलमिला-सी उठी, फिर भी जमादारिन के आगे-आगे, जल्दी-ज़ल्दी चल पड़ी । शायद इस डर से कि कहीं दूसरा प्रहार भी न हो जाये । परंतु जमादारिन को इतने ही से संतोष कैसे हो जाता? उसने और भी जोर से मारते हुए और अश्लील गालियाँ देते हुए कहा, आँख दिखाती है रंडी ! देख तो नम्बरदारिन, उधेड़ ले चमड़ी, राँड की और गुनहखाने में बन्द कर दे ।**

जमादारिन ताला बन्द करके अंदर आई । अपनी हाथ की छड़ी से उस नई आई हुई स्त्री को मारती हुई बोली, चल हरामजादी ! बच्चे को मारना ही था तो उसे पैदा क्यों किया था ।

मार से वह स्त्री तिलमिला-सी उठी, फिर भी जमादारिन के आगे-आगे, जल्दी-ज़ल्दी चल पड़ी । शायद इस डर से कि कहीं दूसरा प्रहार भी न हो जाये । परंतु जमादारिन को इतने ही से संतोष कैसे हो जाता? उसने और भी जोर से मारते हुए और अश्लील गालियाँ देते हुए कहा, आँख दिखाती है रंडी ! देख तो नम्बरदारिन, उधेड़ ले चमड़ी, राँड की और गुनहखाने में बन्द कर दे ।

अब मुझसे न सहा गया । मैंने कहा, जमादारिन, मैट्रन ऐसा करे तो करे, पर तुम बाल-बच्चे वाली स्त्री ठहरीं, तुम किसी पर बिना जाने क्यों हाथ उठाती हो ।

जमादारिन का स्वर उसी समय बदल गया । उसने मुझे देखा ही न था; नहीं तो शायद इस बेरहमी से न मारती । बोली, आप नहीं जानतीं बहन जी, यह खूनी औरत है, अपने बच्चे को मार डाला है इसने ।

मैंने कहा, उसके अपराध की सजा तो कानून से छोटी सजा से लेकर फांसी तक की हो सकती है । तुम्हारा काम तो उसे अपनी देख-रेख में बन्द रखना भर है । तुम वही करो । सजा का काम देने वालों पर छोड़ दो ।

वह गुनहखाने में बन्द कर दी गई । सब लोग अपने-अपने काम में लग गए मगर मुझे उस औरत की याद न भूली । मैं उस गुनहखाने की तरफ गई । लकड़ी का दरवाजा खुला था । वह छड़ के दरवाजे में बन्द थी । मैं अंदर आँगन में गई तो देखा, वह औरत अभी उसी प्रकार बैठी थी, रोटी और दाल उसने छुई भी न थी । मैंने उससे पूछा, तुमने खाया क्यों नहीं?卐 खाना खा लो ।

उसने मेरी तरफ देखा । फिर उसकी आँखों में आँसू भर आए । मेरा भी जी भर आया । मैंने कहा, तुम रोयो मत, वर्ना मैं भी तुम्हारे साथ रोऊँगी । खाना खा लो, फिर मुझसे बतलायो कि तुम क्यों पकड़कर लाई गई हो । सचमुच तुमने...पर विश्वास नहीं होता कि कोई माँ अपने बच्चे को मार सकती है ।

अब वह फूट पड़ी । रोते-रोते बोली, कोई माँ मारे चाहे न मारे, मैंने तो अपनी बच्ची को मार डाला है बहन जी! यह बात सच है ।

-कैसे? मैंने आश्चर्य से पूछा।

-कैसे मारा, क्या बताऊँ...और वह फूट-फूट कर रोने लगी ।उसने न तो खाया और न यही बतलाया कि उसने अपने बच्चे को क्यों और कैसे मारा । मैं अपने ओठे पर आकर लेट गई, और वहाँ कुछ देर तक पड़ी रही । एकाएक फाटक की घंटी बजी ओर फाटक खुला । मैंने देखा कि दो स्त्रियाँ रुपा को कहीं लिए जा रही हैं । पास ही खड़ी हुई कैदिन ने पूछा, रूपा को कहां लिए जा रहे हैं ये लोग?

वह धीरे-धीरे बोली, खूनी औरत है न इसलिए फांसी वार्ड में ले जा रहे हैं।

रूपा चली गई । पर मुझे उसका रोना, उसकी विषादभरी आँखें, उसका चेहरा भूलता न था । मन कहता था कि वह हत्यारिन नहीं है, पर मेरी आंखों के सामने वह फांसी वार्ड में गई, हत्या के जुर्म में पकड़कर आई, फिर अविश्वास के लिए कहां जगह थी?

धीरे-धीरे मैं रूपा को भूल चली थी । एक दिन अखबार के एक समाचार ने उस याद को ताजा कर दिया । समाचार था, ...गांव में रूपा नाम की स्त्री अपनी छह साल की बच्ची को लेकर कुएँ में कूद पड़ी...खबर होते ही गाँव वाले आ गए और माँ-बेटी को कुएँ से निकाला । बच्ची तो मर चुकी थी लेकिन रूपा को कोई हानि न पहुंची थी और वह बच्ची की हत्या करने के अपराध में पकड़कर जबलपुर सेंट्रल जेल में लाई गई । बच्ची को लेकर वह कुएँ में क्यों कूदी इसका कारण अज्ञात है ।

मैंने अखबार पढ़ा और जान गई कि हत्यारिन रुपा है । मेरे रहते ही दो महीने बाद एक रोज आजन्म कारावास का दंड लेकर रूपा फिर जेल में आ गई । दयालु मजिस्ट्रेट ने उसे फांसी न देकर आजन्म कारावास की सजा दी थी ।

रुपा सब स्त्रियों के साथ जेल में काम करती, मगर चेहरे पर विषाद की छाया बनी ही रहती । एक दिन मैं बीमार पड़ी और वह मेरे पास सेवा-सुश्रूषा के लिए भेजी गई । अस्पताल में मैं अकेली अपनी बच्ची के साथ रहती थी । रुपा दिन-रात मेरे पास रहती । मेरी बच्ची को वह बहुत ज्यादा प्यार करने लगी थी । बच्ची भी उसे घड़ी भर न छोड़ती थी । आश्चर्य तो यह था कि मेरी बच्ची साफ-साफ बोल न पाती थी, फिर भी रूपा उसकी सब बातें समझ लेती थी । एक दिन किसी ने बच्ची ममता को साफ न बोलने के लिए चिढ़ा दिया था और बेचारी उदास होकर सो गई थी । इसी चिंता में मुझे नींद न आ रही थी । रूपा मेरे पास आई बोली, हाथ-पैर दबा दूँ बहन जी? आपको नींद नहीं आती ।

मेरे बहुत रोकने पर भी रुपा मेरे पैर दबाने लगी । मैंने उसका हाथ पकड़कर उसे अपने पास बिठा लिया और कहा, रूपा आज तुम मुझे बताओ कि तुम बच्ची को लेकर कुएँ में क्यों कूदी थीं?

वह बैठ गई । उसके चेहरे का विषाद कुछ गहरा हो गया, बोली, बहन जी ! मेरी गोपा इसी तरह थी, जैसी आपकी ममता है । आपने बम्बई जाकर सैंकडों रुपए खर्च करके ममता का मुंह ठीक करवा लिया है, पर मेरे पास रुपया कहां से आता । गोपा का बाप कहता था, खूब रुपया कमाकर अपनी गोपा को बम्बई ले जाकर आपरेशन करा देंगे, तब सब ठीक हो जाएगा । और इसलिए खूब रुपया कमाने के लिए वह लड़ाई पर चला गया । तबसे उसकी कोई खबर नहीं मिली । इधर मैं अकेली और जरा-सी गोपा, जहां मेहनत-मजूरी को जाती वहीं बच्चे और कभी बड़े-बड़े लोग तक गोपा को साफ न बोलने पर चिढ़ाया करते । जिस दिन मै कुएं में कूदी थी, उसके एक दिन पहले मैं एक जगह मजूरी के लिए गई थी । ऊपर मैं कुछ काम कर रही थी और वहीं जीने पर गोपा एक लड़की लिए बैठी थी । नीचे मुहल्ले भर के दस-बारह लडके-लडकियाँ.. उसे चिढ़ा रहे थे । वह कभी इसे, कभी उसे मारने दौडती पर वे थे दस-बारह और गोपा अकेली । मैंने देखा । मुझे बड़ा क्रोध आ गया । पास ही जो लड़का उसकी चोटी खींच रहा था, उसे हलके से पीठ पर मार दिया । बस फिर इसी बात को लेकर उन लोगों से कहा-सुनी हो गई । अब मुझे काम भी न मिलता । पैसों की तंगी होने लगी । इधर बच्चे गोपा को और ज्यादा चिढ़ाकर तंग करने लगे । सोचा अभी छोटी है, समझती कम है, जब बड़ी होगी तब गोपा को कितना बुरा लगेगा, मेरी गोपा दुखी हो जाया करेगी और कहीं मैं मर गई तो...फिर बहन जी। मेरे मरने के बाद गोपा की जो दुर्दशा होगी उसे सोचकर मैं पागल हो गई और उस दुर्दशा तक गोपा न पहुंच सके, इसलिए...

आगे वह कुछ न कह सकी । पास ही पड़ी हुई ममता को मैंने और पास खींचकर छाती से लगा लिया । मेरी छाया मुझसे बात कर रही थी ।



## ग़ज़ल



# जॉन एलिया

■ रेखा शाह आरबी बलिया (यूपी)

आख़िरी बार आह कर ली है

मैं ने ख़ुद से निबाह कर ली है

अपने सर इक बला तो लेनी थी

मैं ने वो ज़ुल्फ़ अपने सर ली है

दिन भला किस तरह गुज़ारोगे

वस्ल की शब भी अब गुज़र ली है

जाँ-निसारों पे वार क्या करना

मैं ने बस हाथ में सिपर ली है

जो भी माँगो उधार दूँगा मैं

उस गली में दुकान कर ली है

मेरा कश्कोल कब से ख़ाली था

मैं ने इस में शराब भर ली है

और तो कुछ नहीं किया मैं ने

अपनी हालत तबाह कर ली है

शैख़ आया था मोहतसिब को लिए

मैं ने भी उन की वो ख़बर ली है

## भूल सुधार

विगत सप्ताह साहित्य पृष्ठ पर नन्ही मुस्कान शीर्षक से कहानी प्रकाशित हुई थी, जिसके लेखक स्व. कृष्ण खटवाणी हैं। तकनीकी त्रुटिवश इसमें लेखिका का नाम गीतांजलि श्री प्रकाशित हुआ था। पाठक कृपया सुधार कर पढ़ें।

# स्त्री जीवन की धड़कनों को अभिव्यक्त करती कहानियाँ

■ अंतरा करवड़े

'गहरे पत्तों की आदतें और अन्य कहानियाँ' साहित्यकार अंतरा करवड़े का पहला कहानी संग्रह है, इन दिनों काफी चर्चा में है। अंतरा करवड़े ने इस संग्रह की कहानियों में स्त्रियों के मन की अनकही बातों को, उनके जीवन के संघर्ष को और उनके सवालों को रेखांकित किया हैं। अंतरा करवड़े एक ऐसी कथाकार है जो मानवीय स्थितियों और सम्बन्धों को यथार्थ की कलम से उकेरती है और वे भावनाओं को गढ़ना जानती हैं। लेखिका के पास गहरी मनोवैज्ञानिक पकड़ है। इनकी कहानियाँ पाठकों के भीतर नए चिंतन, नई दृष्टि की चमक पैदा करती हैं। इस कहानी संग्रह में नारी जीवन के विविध पक्षों को अभिव्यक्त करने वाली सशक्त छोटी-बड़ी 16 कहानियाँ हैं। इन कहानियों में कुछ ऐसे चरित्र हैं जो अपनी संवेदनशीलता के कारण सदैव याद किए जाते रहेंगे। इनमें प्रमुख है 'पाखी' कहानी का पंछी, 'पापा को देर हो गई है' की मिशी, 'गुलाबी फरवरी' की रोहिणी, 'समानांतर' की सुषमा, 'मेरा समुन्दर' की बिन्नी, 'सेकेण्ड हैण्ड' की अन्नी, वाणी और समीर, 'गहरे पत्तों की आदतें' कहानी की शैली।

'पाखी' एक सशक्त कहानी है जिसमें कथ्य का निर्वाह कुशलतापूर्वक किया गया है। कथाकार ने इस कहानी का गठन बहुत ही बेजोड़ ढंग से प्रस्तुत किया है। कहानी की नायिका पाखी के मनोभावों की अभिव्यक्ति प्रभावशाली तरीके से हुई है। पाखी ने पंछी से उदात्त प्रेम का अनुभव किया है। इस कथा में अनुभूतियों की मधुरता है, यह कहानी अंतरा जी के सामर्थ्य से परिचित कराती है। कथाकार ने कहानी में प्रतीकों, बिम्बों, सांकेतिकता का सार्थक प्रयोग किया है। अंतरा जी की इस कथा में गंध संवेदना की सुंदर अभिव्यक्ति मिली है – 'सॉरी, बहुत दिनों बाद आज धूप में सूखे हुए कपड़ों की गंध मिली थी! कल मम्मी की एक पुरानी सूती साड़ी धोकर सुखाई थी।' 'पापा को देर हो गई है' कहानी में बाल मनोविज्ञान का सूक्ष्म चित्रण दिखता है। पापा को स्कूल आने में देर हो जाती है तो मिशी पर क्या गुजरती है, लेखिका ने मिशी की मन स्थिति का विशद चित्रण किया है। कहानी 'गुलाबी फरवरी' को लेखिका ने काफी संवेदनात्मक सघनता के साथ प्रस्तुत किया है। कहानी का सृजन बेहतरीन तरीके से किया है। कथा नायिका रोहिणी की मनः स्थितियों की एक मर्मस्पर्शी, भावुक कहानी है। कहानी में नारीजनित कोमल भावनाओं की अभिव्यक्ति है। कथाकार ने रोहिणी के सपनों को, उसके निश्छल प्रेम के उदात्त भाव को अभिव्यक्त किया है। कहानी का शीर्षक 'समानांतर' कथानक के अनुरूप है। इस कहानी को पढ़ते हुए एक किशोर बेटे की माँ की मनोदशा का बखूबी अहसास होता है। अंतरा जी ने इस रचना में एक माँ की छटपटाहट को स्वाभाविक रूप से रेखांकित किया है। लेखिका ने परिवेश के अनुरूप भाषा और दृश्यों के साथ कथा को कुछ इस तरह बुना है कि कथा खुद आँखों के आगे साकार होते चली जाती है। अंतरा जी सुषमा के बेटे शालीन के मन के भीतरी तहों में संजोए सच को स्वाभाविक रूप से अभिव्यक्त करती है ङ्क 'आपको बुरा तो लगेगा सुनकर, लेकिन मैं पूछ सकता हूँ कि मुझे यहाँ रखने के पीछे क्या कारण था?'

"..."

'हम बड़े शहर में रहते थे, मैं कोई बिगड़ैल किस्म का बच्चा भी नहीं था, कोई और मजबूरी भी तो नहीं थी।' सुषमा और उसका बेटा शालीन, दोनों पात्र अपने स्तर पर आतंरिक मानसिक त्रास को भोगने हेतु विवश हैं। लेखिका ने पात्रों के मनोविज्ञान को अच्छी तरह से निरूपित किया है और उनके स्वभाव को भी रूपायित किया है।




'पत्नी की मौत के बाद' कहानी लेखिका की सूक्ष्म दृष्टि की परिचायक है। कहानी में समाज की मानसिकता के स्पष्ट दर्शन है। 'बर्गर गुझिया' कहानी के पात्र हमारे आस पास के परिवेश के लगते हैं। इस कहानी में पात्रों का चरित्र-चित्रण बहुत ही सशक्त रूप से किया है। कथाकार इस कथा में स्याह होती संवेदनाओं को उभार कर उनमें फिर से रंग भर देती हैं। 'शिखा बोल्ड हो गई है' कहानी एक अलग तेवर के साथ लिखी गई है। लेखिका ने शिखा के मन की भावनाओं को बखूबी व्यक्त किया है। इस कहानी की मुख्य किरदार शिखा को जिस प्रकार कथाकार ने गढ़ा है, उससे ऐसा लगता है कि शिखा सजीव होकर हमारे सामने आ गई है। शिखा ने कभी हारना सीखा ही नहीं था। जीत नहीं पाती थी, तो जीत की परिभाषा बदल देती थी। कहानी की नायिका शिखा एक अमिट छाप छोड़ती है। 'मिरुल' कहानी में लेखिका ने कथानायिका मिरुल की ऐसी मनः स्थिति पर वार किया है जिसमें अक्सर प्रेमिका अपने पहले प्रेमी को भूल नहीं पाती है और दूसरे प्रेमी में अपने पहले प्रेमी की छवि ढूँढती है। लेखिका ने कहानी की मुख्य किरदार मिरुल के मन की अनकही उथल-पुथल को शब्दों के धागों में सुंदरता से पिरोया है। इस कहानी की गहराई आप इस कहानी के अंत से जान सकते हैं और यह अंत बहुत कुछ सोचने को मज़बूर कर देता है। कहानी का दृश्य विधान इसकी ताकत है। 'मेरा समुन्दर' कथा नायिका बिन्नी सांकेतिक प्रतीकों के माध्यम से अपनी स्थिति और भावना अभिव्यक्त करती है। कहानी में लेखिका ने संवेदना के मर्मस्पर्शी चित्र उकेरे हैं।

'एकांत बाँसुरी' कहानी में कथा नायक राहुल और कथा नायिका श्रीनिका सांकेतिक प्रतीकों के माध्यम से अपने निश्छल प्रेम और भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं। नारी संवेदना को अत्यन्त आत्मीयता एवं कलात्मक ढंग से चित्रित करती रोचक कहानी है 'स्वेता' जो पाठकों को काफी प्रभावित करती है। इस कहानी में एक पुरुष के प्रति कथा नायिका की बदलती मनोसंवेदना का वर्णन है। 'गहरे पत्तों की आदतें' कहानी में एक युवती शैली की अनब्याही संवेदनाओं की पराकाष्ठों को पाठकों के समक्ष सकारात्मकता के साथ प्रस्तुत किया है। 'सेकेण्ड हैण्ड' कहानी आत्मीय संवेदनाओं को चित्रित करती एक मर्मस्पर्शी, भावुक कहानी है। कथाकार ने इस कहानी में पारिवारिक संबंधों की धड़कन को और बालसुलभ भावनाओं को बखूबी उभारा है। अन्नी, वाणी और समीर की संवेदनाओं को लेखिका ने जिस तरह से इस कहानी में संप्रेषित किया है वह काबिलेतारीफ़ है।

यह कहानी स्त्री विमर्श के फलक को आवश्यक विस्तार देती हैं। 'रिपोर्ट' नारी जीवन के छुए अनछुए पहलुओं को अभिव्यक्त करती एक अनोखी कहानी है। माही का व्यक्तित्व कमाल का है। कथाकार ने माही के अदम्य जिजीविषा तथा असीम सहन शक्ति का अंकन किया है। माही चिंतन को अवसाद से बाहर निकालने के लिए भरसक प्रयत्न करती है और वह अपने प्रयासों में सफल हो जाती है। कथाकार ने एक महत्वपूर्ण विषय को उठाया है कहानी 'उखड़ी हुई जड़' में। इस कहानी का शीर्षक प्रतीकात्मक है जिसमें इस कहानी के मुख्य किरदार शशांक को अपनी चेतना से जूझते हुए दिखाया गया है। कथाकार ने 'आईना देखो गार्गी' कहानी का सृजन बेहतरीन तरीके से किया है। कहानी का दृश्य विधान इसकी ताकत है। कहीं-कहीं तो लगता है हम इसके साथ बह रहे हैं। इस कहानी को पढ़कर लगता है कि वास्तव में गार्गी अपने माता पिता से दो-तीन पीढ़ी आगे निकल चुकी है। यह बदलते समय की आहट है।

> लेखिका - अंतरा करवड़े
> प्रकाशक - राइजिंग स्टार्स, 600/5-ए, आदेश मोहल्ला, गली नंबर 15, मौजपुर, दिल्ली – 110053
> आईएसबीएन नंबर - 978-93-93219-22-0
> मूल्य - 400 रूपए

इन कहानियों में अंतरा करवड़े प्रकृति के जीवंत बिम्ब उपस्थित करके पाठकों का मन कथा के साथ बाँध लेती हैं। कथाकार स्त्रियों की जिंदगी के हर पार्श्वो को देखने, छूने तथा उकेरने की निरंतर कोशिश करती हैं। इनके कथा साहित्य में स्त्री के कई रूप दिखाई देते हैं। अंतरा जी के नारी पात्र पुरुष से अधिक ईमानदार, व्यवहारिक, साहसी और कर्मठ दिखाई देती हैं। कहानियाँ नारी मन का मनोवैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण करती हैं। अंतरा जी की कहानियों की स्त्रियां सबल, प्रगतिशील, स्वाबलंबी, कामकाजी, जुझारू और अपना जीवन अपनी शर्तों पर जीने वाली हैं।

इस संग्रह की कहानियाँ अपनी सार्थकता सिद्ध करती हैं। इस संकलन की कहानियों में लेखिका की परिपक्वता, उनकी सकारात्मकता स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। कहानीकार ने कहानियों में घटनाक्रम से अधिक वहाँ पात्रों के मनोभावों और उनके अंदर चल रहे अंतर्द्वन्द्वों को अभिव्यक्त किया है। कथाकार ने जीवन के यथार्थ का सहज और सजीव चित्रण अपने कथा साहित्य में किया है। संग्रह की सभी कहानियाँ शिल्प और कथानक में बेजोड़ हैं और पाठकों को सोचने को मजबूर करती हैं। अंतरा जी की कहानियों का शिल्प चरित्रों की मन:स्थिति एवं कथ्य की आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित होता है। अंतरा जी की कहानियों की विशेषता इनका शिल्प है जो कलात्मक लेखन से हृदय के भीतर उतर कर पाठक के मन को झिंझोड़ देता है। इस संग्रह की कहानियाँ पाठकों को मानवीय संवेदनाओं के विविध रंगों से रूबरू करवाती हैं। रिश्तों और मानवीय संबंधों की बारीक पड़ताल की गई है। कथाकार ने नारी जीवन के विविध पक्षों को अपने ही नज़रिए से देखा और उन्हें अपनी कहानियों में अभिव्यक्त भी किया हैं।

इस कहानी संग्रह की हर एक कहानी नारी के मन और उसकी भावनाओं के हर एक पहलु को उजागर करती है। स्त्री के मन को छूती हुई ये कहानियाँ पाठक के मन में समा जाती हैं। इनकी भाषा का लालित्य पाठकों को मोहित करता है। कहानीकार ने नारियों की सूक्ष्म मनोवृत्तियों, स्त्री जीवन की धड़कनों, किरदारों के मन में चलने वाली उथल पुथल को इन कहानियों में सहजता से अभिव्यक्त किया है। इन कहानियों के किरदार कहानी ख़त्म होते ही आपसे जुदा नहीं होते हैं बल्कि आपके ज़ेहन में हमेशा के लिए बस जाते हैं। संग्रह की कहानियों में जीवन की गहराई है। अंतरा जी ने मुखर होकर आज की नारी जीवन की सच्चाइयों का वास्तविक चित्र प्रस्तुत किये हैं। भाषा परिवेश के अनुकूल है। कथाकार की भाषा में पाठक को बाँधे रखने का सामर्थ्य है। संवेदना के धरातल पर ये कहानियाँ सशक्त हैं। संग्रह की हर कहानी उल्लेखनीय तथा लाज़वाब है और साथ ही हर कहानी ख़ास शिल्प लिए हुए है। इन कहानियों में प्रयुक्त कथानुकूलित परिवेश, पात्रों की अनुभूतियों, पात्रों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण, कहानियों में लेखिका की उत्कृष्ट कला-कौशलता का परिचय देती है। कथा सृजन की अनूठी पद्धति अंतरा करवड़े को अपने समकालीन कथाकारों से अलग खड़ा कर देती है। कहानियों का यह संग्रह सिर्फ पठनीय ही नहीं है, संग्रहणीय भी है। इस संग्रह की कहानियाँ पढ़कर ऐसा नहीं लगता है कि 'गहरे पत्तों की आदतें और अन्य कहानियाँ' इनका पहला कहानी संग्रह है। अंतरा करवड़े की प्रथम कृति 'गहरे पत्तों की आदतें और अन्य कहानियाँ' का साहित्य जगत में स्वागत है, इस शुभकामना के साथ कि उनकी यह यात्रा जारी रहेगी।

# युवक की हत्या कर ट्रैक पर फेकी लाश

## शरीर पर गंभीर चोंट के निशान, दोमुहानी रेलवे की घटना

**बिलासपुर**, 2 सितंबर(देशबन्धु)। युवक की हत्या कर लाश को रेलवे ट्रैक पर फेंक दी गई। हत्या के इस केस को आत्महत्या या हादसा बनाने और साक्ष्य मिटाने की कोशिश में बदमाशों ने ऐसा किया है। युवक का शव मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। फिलहाल, उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।



शनिवार की सुबह दोमुहानी गांव के लोगों ने रेलवे ट्रैक पर युवक के शव को देखा। पहले उन्हें लगा कि युवक ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या की होगी। या फिर भी ट्रेन की चपेट में आने से यह हादसा हुआ होगा फिर उनका ध्यान आया कि जिस ट्रैक पर लाश पड़ी है । उसमें ट्रेन का तो आना-जाना भी हुआ है। क्योंकि ट्रैक अभी पूरी तरह से शुरू नहीं नहीं है। लोगों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। युवक की उम्र 30 से 35 साल के बीच बताई जा रही है। युवक पीले रंग का टी शर्ट व ब्लैक कलर का पेंट पहना हुआ है। इस घटना की खबर मिलते ही तोरवा टीआई कमला पुसाम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। लोगों से पूछताछ के बाद पता चला कि यह हादसा या आत्महत्या नहीं है। युवक को मारकर यहां लाकर फेंका गया है। पुलिस ने शव का परीक्षण किया, तब पता चला कि उसके सिर सहित अन्य हिस्सों में गंभीर चोंट के निशान हैं। वहीं पैर में रस्सी भी लिपटी हुई है। पुलिस ने घटनास्थल व आसपास बारीकी से निरीक्षण किया गया। ताकि, कुछ सबूत मिल सके। लेकिन, पुलिस को कुछ नहीं मिला। टीआई कमला पुसाम ने इस घटना की जानकारी पुलिस अफसरों को दी।

हत्या का मामला सामने आने पर पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंच गए। इस बीच पुलिस ने युवक की पहचान करने का प्रयास किया। सरपंच सहित अन्य लोगों से उसकी पहचान कराई गई। लेकिन, युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। ऐसे में पुलिस ने आसपास के थानों के साथ ही दूसरे जिलों में भी युवक की तस्वीर भेजी गई है। ताकि उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। लेकिन, शव की पहचान नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है। युवक की शिनाख्त होने के बाद परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## सरकंडा में अलग-अलग स्थानों पर दो अज्ञात व्यक्तियों की मिली लाश,मचा हड़कंप


### मृतकों की शिनाख्ती में जुटी पुलिस



शनिवार को सरकंडा थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर दो अज्ञात व्यक्तियों की लाश मिली है। पुलिस को सुबह सूचना मिली थी कि अरपा बैराज के पास किसी व्यक्ति का शव नदी के पानी में तैर रहा है, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया । पुलिस ने आरंभिक तौर पर शव की पहचान करने की कोशिश की लेकिन किसी ने भी शव को नहीं पहचाना। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के शव को मर्चुरी में रखवाया है, वही उसकी पहचान ढूंढने की कोशिश की जा रही है। वहीं दूसरे मामले में मोपका में भी एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। बाद में जानकारी मिली कि मोपका क्षेत्र के खाले पारा में रहने वाला पन्नीलाल दर्वे 31 अगस्त को घर से शराब के नशे में निकला था। पुन्नीलाल आदतन शराबी था। 31 तारीख के बाद वह घर नहीं लौटा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पुन्नीलाल की मृत्यु की वजह स्पष्ट हो पाएगी।



# कानन में पर्यटकों को नजर आएंगे चिपैंजी व जेब्रा




**बिलासपुर**,2 सितंबर ( देशबन्धु) ।नए ले आउट प्लान नई प्रजातियों के लिए भी है केज कानन पेंडारी जू प्रबंधन ने नया ले आउट प्लान तैयार किया है। इस प्लान को एप्रूवल के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को भेजा गया है। यदि इस प्लान पर सहमति की मुहर लगती है तो आने वाले दिनों में यहां पर्यटक चिंपैंजी व जेब्रा जैसे वन्य प्राणियों का दीदार कर सकेंगे।प्लान में इस तरह के वन्य प्राणियों के लिए भी केज बनाने का जिक्र है।

किसी भी जू का ले आउट प्लान एप्रूवल जरूरी होता है। जू प्रबंधन ने दो से तीन बार प्लान बनाकर भेजा। कुछ न कुछ कमियों की कारण उसे हरी झंडी नहीं मिल सकी। ऐसी स्थिति में विशेषज्ञों की मदद से दोबारा प्लान बनाया गया। प्लान तैयार होते ही इसे प्राधिकरण को भेजा गया है।

एप्रूवल प्राधिकरण से ही मिलेगा। ले आउट प्लान एप्रूवल के बाद न केवल कानन पेंडारी विकसित होगा बल्कि बजट की राह भी आसान होगी।इतना ही नहीं, प्रजातिवार वन्य प्राणी नजर आएंगे। इससे जू पहुंचने वाले पर्यटकों को मजा भी आएगा। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से निर्देश भी है कि वन्य प्राणियों को क्रमश- रखा जाए। यदि हिरण है तो इसके अंतर्गत जितनी प्रजातियां आती हैं, उनके एक के बाद एक केज तैयार किए जाएं। इसके अलावा केज केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए। यही वजह है कि कानन प्रबंधन इस पर विशेष ध्यान दे रहा है।

इस पर जू प्रबंधन को एप्रूवल मिलने की पूरी उम्मीद भी है। ले आउट प्लान की खास बात यह है कि जू प्रबंधन ने विदेशी वन्य प्राणियों को भी रखने का प्राविधान किया है। चिंपैंजी व जेब्रा जू के लिए एकदम नई प्रजाति है। पर्यटकों को इन वन्य प्राणियों का इंतजार भी रहेगा।

जू प्रबंधन भी चाह रहा है कि जू में नई प्रजातियों को रखी जाए, ताकि अधिक से अधिक संख्या में पर्यटक उन्हें देखने के लिए पहुंचे।जितनी अधिक संख्या में पर्यटक पहुंचेंगे, उतना ही जू प्रबंधन का राजस्व प्राप्त होगा। जू प्रबंधन हर साल गेटमनी से कई महत्वपूर्ण कार्य कराता है। हालांकि गेटमनी से खर्च करने की अनुमति समिति देती है। इसे लेकर रायपुर मुख्यालय में बैठक भी होती है।

# रक्षा मंत्रालय एयरपोर्ट के लिए 1012 एकड़ ज़मीन तत्काल वापस करे

## राज्य शासन एक माह पूर्व पैसा कर चुका है जमा

### केंद्र सरकार बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास के मामले को राजनैतिक चश्मे से ना देखे

**बिलासपुर**, 2 सितंबर ( देशबन्धु) ।हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय से मांग की है कि वो एयरपोर्ट के विकास के लिए 1012 एकर जमीन तत्काल राज्य सरकार को वापस करे. समिति ने कहा कि सेना की सहमति से कलेक्टर बिलासपुर द्वारा 90 करोड़ जमा हुए 15 दिन से अधिक समय बीता परन्तु अभी तक रक्षा मंत्रालय द्वारा एयरपोर्ट को जमीन वापसी नहीं की है।




गौरतलब है कि सेना के ट्रेनिंग सेंटर के लिए 2011 में 1012 एकर ज़मीन एयर पोर्ट के चारों ओर अधिग्रहित की गई थी और इसके तहत एयरपोर्ट को सेना वोक्सीत भी करने वाली थी। परन्तु बाद में यह प्रोजेक्ट ड्राप हो गया और ज़मीन आज तक खाली पड़ी है। उक्त ज़मीन की आवश्यकता बिलासा बाई केंवट एयरपोर्ट के रनवे को बढ़ने के लिए है क्योंकि इसके बिना बिलासपुर में बोईंग और एयरबस जैसे बड़े विमान नहीं उतर सकते। समिति ने कहा कि कि जब इस मसले पर सहमति हो चुकी है तो फिर अब भूमि हस्तांतरण में देरी क्यों की जा रही है।हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार से एयरपोर्ट विकास के मामले को राजनैतिक चश्मे से ना देखने की अपील की है और कहा है की बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए 1012 एकड़ ज़मीन तुरंत वापस करे हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह को ज्ञापन भेज नागरिक उड्डयन मंत्री से मिलवाने की मांग की है और साथ ही स्थानीय सांसद से भी अपील की है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए बिलासपुर के साथ किये जा रहे भेदभाव को समाप्त कराये।हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना आज भी जारी रहा और आगमन के क्रम से सर्व श्री बद्री यादव, अनिल गुलहरे, केशव गोरख, दीपक कश्यप, अशोक भंडारी, महेश दुबे, राकेश शर्मा, वीरेंदर गहवाई, रवि बनर्जी, विजय वर्मा, रशीद बखस, मोहसीन अली, नरेश यादव, चंद्रप्रकाश जायसवाल, आर पी शर्मा, मनोज तिवारी, शैलेन्द्र गोवर्धन, गुनाराम सोनी, प्रकाश बहरानी, शाहबाज़ अली, और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# एक ही रात तीन दुकानों में चोरी,लाखों का माल पार

### पुलिस की रात्रि गश्त की खुली पोल

### शटर काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे चोर




**बिलासपुर** , 2 सितंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर में एक बार फिर एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी हो गई। खास बात यह है की चोरी का पैटर्न बिल्कुल पिछले दिनों श्री राम क्लॉथ मार्केट और अग्रसेन चौक के पास हुई चोरी से मेल खाती है। यहां भी चोर छत के रास्ते से टिन का शेड काटकर घुसा और केवल नगद रकम लेकर चलता बना। उसने दुकान के अंदर सामानों को हाथ भी नहीं लगाया था। बिल्कुल इसी तरह की घटना पिछले दोनों चोरियों में भी हो चुकी है, इसलिए संदेह है कि तीनों चोरी के पीछे एक ही व्यक्ति का हाथ है। यहां भी चोर सीसीटीवी में कैद हुआ है जिससे यह पता चल रहा है की चोरी एक ही व्यक्ति ने की है।

शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात करीब 11.30 से 12 बजे के बीच यह चोरियां हुई । इंद्र हैंडलूम हाउस के संचालक जितेश टहलरमानी रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह जब उन्होंने दुकान खोल तो देखा कि गले में रखे करीब 40,000 रु गायब है। अपनी पहचान छुपाने के लिए चोर ने दुकान में मौजूद 6 कंप्यूटर स्क्रीन में से 5 तो तोड़ भी दिया। चोर छत के टिन में लगे नट को खोलकर छत के रास्ते में लगे लोहे के गेट को तोड़कर दुकान में घुसा था।

इसी तरह से चोर हिंदुस्तान हैंडलूम में भी घुसा। इसके संचालक ऋषि कॉलोनी निवासी आकाश सिरवानी ने बताया कि सुबह दुकान खोलने पर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। चोर दुकान में रखे गए 90,000 रुपए कैश लेकर चलता बना। हिंदुस्तान हैंडलूम में भी चोर छत के ही रास्ते से टिन के शेड का नट खोलकर घुसा था। इसी तरह चोर ने मिनोचा कॉलोनी निवासी संजय सचदेवा के संजय बैग हाउस में भी छत के रास्ते से प्रवेश किया और दुकान में मौजूद 15000 लेकर चलता बना। तीनों दुकान में मिलकर डेढ़ लाख से अधिक की चोरी की गई है।

खास बात यह है कि छोड़ने सभी दुकानों से केवल नगद रकम चुराई है, चोर ने किसी और सामान को हाथ नहीं लगाया। अपनी पहचान छुपाने के लिए उसने सीसीटीवी से जुड़े कंप्यूटर स्क्रीन को भी नुकसान पहुंचाया, फिर भी उसकी तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसमें अकेला ही चोर नजर आ रहा है। पुलिस को भी शक है कि पिछले दिनों श्री राम क्लॉथ मार्केट और फिर अग्रसेन चौक में हुई चोरी में भी इसी चोर का हाथ है। पुलिस पिछले मामलों को सुलझा भी नहीं पाई और उसने एक और घटना को अंजाम दे दिया।

# हाथकरघा उत्पादों में आधुनिक डिजाईन और नवीन रंग संयोजन को मिलेगा बढ़ावा




### छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ की वार्षिक आमसभा

**रायपुर**,2 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ की वार्षिक आमसभा संपन्न छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ की वार्षिक आमसभा का आज राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में संपन्न हुआ। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ के विभिन्न जिले राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, रायगढ़, धमतरी, बलौदाबाजार, बिलासपुर सहित महासमुन्द के लगभग 104 बुनकर सहकारी समिति के प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ चन्द्रकांत वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार के निर्देशन में हाथकरघा संघ बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने हाथकरघा उत्पादों को बाजार के अनुरूप बनाने के लिए आधुनिक डिजाईन एवं नवीन रंग संयोजन के प्रयोग को बढ़ावा देने जोर दिया और बुनकर समितियों को प्रोत्साहित भी किया। प्रबंध संचालक श्री वर्मा ने संघ के उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित गुणवत्ता के साथ लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करने की बात कही।

बैठक में सदस्यों द्वारा विगत वर्षों के अंकेक्षित वित्तीय पत्रक का अवलोकन कर वर्ष 2023-24 के अनुमानित बजट का भी अनुमोदन किया। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ के अंतर्गत उत्पादन कार्यक्रम के संबंध में बुनकर सहकारी समितियों ने विस्तार से चर्चा की। संघ के सदस्य समितियों द्वारा बुनकरों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्ययोजना बनाने के सुझाव दिये। इसके साथ-साथ हाथकरघा संघ के उत्पादन एवं विपणन को बढ़ाने के लिए विस्तार से चर्चा की। वार्षिक आमसभा की बैठक में पंजीयक सहकारी संस्था के हितेश दोषी, ग्रामोद्योग की श्रीमती नूतन अजगर, उप संचालक आई.आर.सिंह सहित हाथकरघा संघ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ए. अयाज महाप्रबंधक और समीर मिश्रा ने आभार प्रदर्शन किया।

# सदा संतुष्ट और सदा खुश रहने वाले ही खुशनसीब है-मंजू

**बिलासपुर**, 2 सितंबर (देशबन्धु)। शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर मे श्रीमद्भगवद्गीता पर प्रवचन चल रहा है। मंजू दीदी ने कहा कि सातवाँ अध्याय ज्ञान विज्ञान योग है। परमात्मा को पहचान लेना ही यथार्थ ज्ञान है क्योंकि परमात्मा से ही प्राप्त ज्ञान से सभी संशय दूर हो जाते है। तीसरे श्लोक मे परमात्मा कहते है कि हजारों मनुष्यों मे कोई एक सिद्धि के लिये प्रयत्न करते है और सिद्धि प्राप्त करने वालो मे कोई विरले ही मुझे (परमात्मा को) प्राप्त कर पाते है। आगे कहा कि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और संस्कार यही प्रकृति के आठ भेद है। दीदी ने स्पष्ट किया कि पांच तत्वों का शरीर और आत्मा के तीन गुण मिलकर जीवात्मा बनते है। दीदी ने कहा कि बुराई के प्रतीक राहु की दशा के कारण पुरे विश्व मे नकारात्मकता छाई है। सकारात्मक सोच रखने वाले ऐसे कुछ लोगों पर वृहस्पति की दशा है जो सबके प्रति शुभभावना रखकर परमात्मा को सतयुग के निर्माण मे मदद कर रहे है।

सतयुग एक ऐसी दुनिया होगी जहाँ कोई दु:ख नही होगा। दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बनने के बाद सभी संशय दूर हो गये । आगे कहा कि सदा संतुष्ट और सदा खुश रहने वाले ही खुशनसीब है।

# भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें- संतोष

### भ्रष्टाचार युक्त कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेकने का किया आव्हान




**बिलासपुर**,2 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बी.एल. संतोष ने बिलासपुर संभाग के विस्तारक योजना के अंतर्गत संगठन में कार्य करने वाले विस्तारकों की बैठक भाजपा कार्यालय बिलासपुर में ली, जिसमें बिलासपुर संभाग के 25 विधानसभाओं से आये हुए समस्त विस्तारकों से प्रदेश संगठन द्वारा दी गई कार्यों की विधानसभावार समीक्षा की।

इसके साथ ही उनसे चर्चा के दौरान क्षेत्र के वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी ली एवं संगठनात्मक चर्चा करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। तत्पश्चात बिलासपुर संभाग के पदाधिकारियों की बैठक राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बी.एल. संतोष ने ली, जिसमें विधानसभा प्रभारी एवं संयोजक जो कार्य विधानसभा में कर रहे है उसकी समीक्षा की गई इसके साथ ही भाजपा के पक्ष में प्रत्येक विधानसभा में माहौल बनाने कार्य योजना तैयार करने चुनाव जीतने के मंत्र के साथ चुनाव प्रबंधन संबंधी विस्तृत रूप से चर्चा कर कार्य को गति देने और भाजपा को विजयी बनाने की प्रेरणा देते हुए छत्तीसगढ़ के भ्रष्टाचार युक्त कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेकने का आव्हान किया। उन्होंने इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का आग्रह करते हुए छत्तीसगढ़ में पुन: भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अपना सक्रिय योगदान देने को कहा। इसके पश्चात बिल्हा विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा स्तरीय बैठक बिल्हा में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, बिलासपुर संभाग प्रभारी किरण देव, सहप्रभारी अनुराग सिंहदेव, पुन्नूलाल मोहले, गोमती साय, डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, रजनीश सिंह, धरमजीत सिंह, मोतीलाल साहू, रामदेव कुमावत, लखनलाल साहू, हर्षिता पाण्डेय उपस्थित रहे।

# भोजली मित्रता का उत्सव भी है—बांधी

### पाली में मनाया गया छत्तीसगढ़ की पारंपरिक भोजली तिहार

**बिलासपुर** , 2 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कई पर्व मनाए जाते हैं, जिनमें से एक है भोजली पर्व। यह अगस्त के महीने में मनाया जाता है। इसमें सभी वर्ग की महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल होते हैं। इस पर्व पर छत्तीसगढ़ के भोजली लोक गीत गाए जाते हैं, ग्राम पंचायत पाली द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भोजली तिहार मनाया गया जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चलचित्र पर माल्य अर्पण एवं राजकीय गीत से कार्यक्रम का श्री गणेशा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कृष्णमूर्ति बाँधी विधायक मस्तूरी एवं उपनेता प्रतिपक्ष, विशिष्ट अतिथि दशरथ पटेल, टीकाराम पोर्ते,मनीराम केंवट, सीताराम पटेल,जिसमे



मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि भोजली का पर्व हमारी विशिष्ट छत्तीसगढ़ी संस्कृति है। भोजली मित्रता का उत्सव भी है। छत्तीसगढ़ में मित्रता के अटूट बंधन के लिए भोजली बदने की परम्परा रही है। इस तरह से भोजली केवल एक पारंपरिक अनुष्ठान नहीं रह जाता अपितु लोगों के दिल में बस जाता है।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता कराया गया जिसमें गोड्वाँना भोजली ग्रुप प्रथम 1500 एवं शिल्ड,राधे भोजली ग्रुप द्वितीय 1000 एवं शिल्ड, चंद्रा ग्रुप तृतीय 900 एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया, साथ ही नृत्य में ग्रुप नृत्य गोडवाना ग्रुप प्रथम 1500 शिल्ड,टिकारी ग्रुप द्वितीय 1000 शिल्ड, अंजनि ग्रुप तृतीय 900 एवं एकल नृत्य में प्रमोद प्रथम 500 व शिल्डचिंकि चंद्रा, 300 व शिल्ड मनिशा केवट 200व शिल्ड तथा 10 वी 12 वी में टॉप करने वाले छात्रों एवं विजेताओं को स्मृति चिन्ह से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमल पटेल अध्यक्ष भोजली समिति एवं धनेश कुमार संस्थापक निवारण शिक्षण एवं समाज कल्याण समिति द्वारा किया गया जिसमें कार्यक्रम में विशेष सहयोग राकेश केंवट सचिव,ज्ञानदीप चंद्रा उपाध्यक्ष, कमलेश यादव कोषाध्यक्ष, अनिल केंवट महामंत्री,योगेश कुमार मीडिया प्रभारी आदि का सहयोग रहा।

**NECC**

| 03.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.60 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 4.75 सैकड़ा

दर्जन अंडा 65 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188